CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :42°C
न्यूनतम: 26°C

नई दिल्ली, सोमवार 27 अप्रैल 2026 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 24 अंक 19 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2083 8 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अनुशासन व टीमवर्क का उत्कृष्ट भाव सबसे बड़ी ताकत: योगी पेज 2



चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर गुजरात टाइटंस ने चौथी जीत दर्ज की खेल टाइम्स



मानवीय संवेदना का इतिहासकार फोटोग्राफर रघु राय सम्पादकीय



दबाव में युद्धविराम पर वार्ता नहीं करेगा तेहरान: पेजेशिकयन पेज 12

# ट्रम्प की डिनर पार्टी में फायरिंग

## व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान हमलावर ने 10 से ज्यादा राउंड फायरिंग की

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** ट्रम्प पर हमले की खबर सामने आई है। दरअसल, व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान एक हमलावर ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। इस घटना को लेकर अब चौंकाने वाले खुलासे हो रहे हैं।

कार्यक्रम में मौजूद एक चश्मदीद वॉलंटियर ने बताया है कि किस तरह सुरक्षा में हुई एक भारी चूक का फायदा उठाकर हमलावर ने एक असुरक्षित कमरे में अपना हथियार असेंबल किया और फिर सीधे मुख्य हॉल की तरफ दौड़ पड़ा। इस हाई-प्रोफाइल कार्यक्रम में वालंटियर के रूप में काम कर रही हेलेन माबुस ने उस डरावने पल को याद किया। उन्होंने बताया कि टेरेस लेवल के प्रवेश द्वार के पास एक अस्थायी कमरा बनाया गया था। इस कमरे का उपयोग मुख्य रूप से बार कार्ट और अन्य सामान रखने के लिए किया जा रहा था। माबुस के अनुसार, उस समय वहां सुरक्षा का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं था और न ही कोई निगरानी की जा रही थी। हेलेन ने बताया कि वह शख्स उसी कमरे में छिपा था। उसने अपने बैग से कुछ निकाला और उसे जोड़ना शुरू कर दिया। उन्होंने आगे बताया कि वह हथियार काफी लंबा था और किसी सामान्य बंदूक जैसा नहीं दिख रहा था। हमलावर सुरक्षाकर्मियों की नजरों से थोड़ा ओझल होकर इस काम को अंजाम दे रहा था। जैसे ही उसने हथियार तैयार किया, वह तेजी से बाथरूम की ओर भागा और हमला करना शुरू कर दिया। चश्मदीद के मुताबिक, हमलावर ने बिना सोचे-समझे हर दिशा में गोलियां चलानी शुरू कर दीं। हेलेन ने बताया कि ऐसा लग रहा था जैसे वह हर तरफ अंधाधुंध फायरिंग कर रहा हो। मैंने कम से कम 10 राउंड गोलियों की आवाज सुनी। गोलियों की आवाज सुनते ही वहां चीख-पुकार मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। मैं भी वहां से भागी। पुलिस के अनुसार, हमलावर की पहचान कैलिफोर्निया के टोरेंस निवासी कोल टामस एलन के रूप में हुई है।



■ सीक्रेट सर्विस के एक अधिकारी को लगी गोली, हमलावर एलन गिरफ्तार

### मोदी ने डिनर पार्टी में हुई गोलीबारी की निंदा की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिका में व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स डिनर के दौरान हुई गोलीबारी की घटना की निंदा की है। श्री मोदी ने रविवार को इस घटना की निंदा करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, प्रथम महिला मेलानिया और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की सुरक्षा पर राहत व्यक्त की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है और इसकी स्पष्ट रूप से निंदा की जानी चाहिए। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर कहा कि वाशिंगटन डीसी के एक होटल में हुई गोलीबारी के बाद यह जानकर राहत मिली कि श्री ट्रम्प, प्रथम महिला और उपराष्ट्रपति सुरक्षित और सकुशल हैं।

### अमेरिकी अधिकारियों का पाकिस्तान दौरा रद्द

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित युद्धविराम वार्ता ठप पड़ गई है क्योंकि ईरान से बातचीत के लिए पाकिस्तान जाने वाले अमेरिकी दूत स्टीव विटकाफ और ट्रम्प के दामाद जारेड कुशनर का दौरा रद्द हो गया है। यह दूसरी बार है जब दोनों देशों की मीटिंग टली। इससे पहले ईरान ने शांति वार्ता न करने का ऐलान किया था। उनका कहना था कि पहले अमेरिका अपनी होर्मुज स्ट्रेट से नाकेबंदी हटाए तब ही हम बातचीत के लिए इस्लामाबाद आएंगे। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर बताया कि उन्होंने अपने दूतों को पाकिस्तान न जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने लिखा, यात्रा में बहुत समय लगता है। 18 घंटे समय बर्बाद कर बेकार की बातें करने नहीं जाना।

# सरेंडर का आदेश नहीं दे सकती अदालतें: सुप्रीम कोर्ट

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम जमानत और अदालती क्षेत्राधिकार को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी भी आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करना अदालत का अधिकार है। हालांकि, याचिका खारिज करते समय अदालत के पास यह शक्ति नहीं है कि वह आरोपी को संबंधित ट्रायल कोर्ट के सामने आत्मसमर्पण करने का निर्देश दे। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की खंडपीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान यह टिप्पणी की। यह मामला धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोपी एक व्यक्ति की ओर से दायर की गई विशेष अनुमति याचिका से जुड़ा था। पीठ ने सुनवाई के दौरान न्यायिक सीमाओं के बारे में बात की। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यदि अदालत अग्रिम जमानत खारिज करना चाहती है, तो वह ऐसा कर सकती है। लेकिन अदालत के पास यह कहने का कोई कानूनी अधिकार नहीं है कि याचिकाकर्ता अनिवार्य रूप से सरेंडर करे। यह पूरा मामला



■ कहा: किसी भी आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज करना अदालत का अधिकार

झारखंड हाईकोर्ट के एक पुराने आदेश से उपजा था। हाईकोर्ट ने भूमि विवाद से संबंधित एक मामले में आरोपी की अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया था। याचिका खारिज करने के साथ ही हाईकोर्ट ने आरोपी को निर्देश दिया था कि वह निचली अदालत के सामने आत्मसमर्पण करे और नियमित जमानत के लिए आवेदन करे। मजिस्ट्रेट के समक्ष शिकायत दर्ज कराई गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### राघव चड्ढा समेत 7 सांसदों को अयोग्य घोषित करने की मांग

**नई दिल्ली।** 'आप' सांसद संजय सिंह ने रविवार को उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन को याचिका सौंपकर भाजपा में शामिल हुए 7 सांसदों को अयोग्य घोषित करने की मांग की है। सिंह ने कहा कि इन सदस्यों का पार्टी छोड़ना दलबदल विरोधी कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। संजय सिंह के मुताबिक, आम आदमी पार्टी ने अधिवक्ता कपिल सिब्बल और लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी अचार्य सहित कई संवैधानिक विशेषज्ञों से सलाह ली है। 'आप' के 10 राज्यसभा सांसदों में से राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक, हरभजन सिंह, विक्रमजीत सिंह साहनी, स्वाति मालीवाल, राजेंदर गुप्ता ने शुक्रवार को भाजपा जॉइन कर ली थी।

### प्रख्यात फोटोग्राफर रघु राय का 83 साल की उम्र में निधन

**नई दिल्ली।** भोपाल गैस त्रासदी की तस्वीरें क्लिक कर दुनिया का ध्यान आकर्षित करने वाले प्रख्यात फोटोग्राफर एवं फोटो पत्रकार रघु राय का रविवार सुबह यहां एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वह 83 साल के थे। श्री राय के पुत्र एवं फोटोग्राफर नितिन राय ने बताया कि उनके पिताजी को दो साल पहले प्रोस्टेट कैंसर हुआ था, लेकिन बाद में उन्हें राहत मिलने लगी थी। फिर कैंसर पेट तक फैल गया, जो ठीक हो गया था। उन्होंने बताया कि हाल ही में कैंसर श्री राय के मस्तिष्क तक पहुंच गया था और उन्हें उम्र संबंधी अन्य तकलीफें भी होने लगी थीं। कैमरे की नजर से जीवन के अनेक पहलुओं को दुनिया के सामने पेश करने वाले श्री राय के परिवार में उनकी पत्नी गुरमीत, पुत्र नितिन और तीन पुत्रियां लगन, अवनि और पूर्वाई हैं। उनका अंतिम संस्कार रविवार शाम चार बजे लोधी रोड श्मशान घाट में किया गया।

### अंडमान दौरे पर राहुल गांधी, कांग्रेस को मिला जनसमर्थन

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह दौरे को कांग्रेस ने बड़ी सफलता करार दिया है। कांग्रेस के अंडमान-निकोबार प्रभारी मणिकम टैगोर ने कहा कि पोर्ट ब्लेयर में आयोजित कांग्रेस सम्मेलन में श्री गांधी की मौजूदगी ने पार्टी कार्यकर्ताओं और आम जनता में नया उत्साह भर दिया। श्री टैगोर ने कहा कि इस दौरे को लेकर पार्टी प्रतिनिधियों और जनता की जबरदस्त प्रतिक्रिया देखने को मिली, जो द्वीपों में कांग्रेस संगठन की बढ़ती ताकत को दर्शाता है।

### भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास नमनगन में संपन्न

**नई दिल्ली।** भारत-उज्बेकिस्तान संयुक्त सैन्य अभ्यास 'दस्तलिक 2026' का सातवां आयोजन उज्बेकिस्तान के नमनगन स्थित गुरुमसरॉय फील्ड ट्रेनिंग एरिया में संपन्न हो गया। अर्ध-पहाड़ी इलाकों में दो सप्ताह के गहन संयुक्त प्रशिक्षण के बाद यह सैन्य अभ्यास संपन्न हुआ। भारत-उज्बेकिस्तान के बीच आपसी तालमेल और संयुक्त परिचालन क्षमता को बढ़ाने के उद्देश्य से तैयार किया गया।

# दिल्ली-टेकऑफ के दौरान स्विस प्लेन का इंजन फेल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ज्यूरिख जाने वाली स्विस इंटरनेशनल एयर लाइन्स की एक उड़ान को रविवार तड़के उड़ान भरने (टेक-ऑफ) से ठीक पहले रुकने के लिए मजबूर होना पड़ा।

विमान के एक इंजन में तकनीकी खराबी आने के बाद पूर्ण आपातकालीन प्रतिक्रिया शुरू की गई। यह घटना रात लगभग 1:25 बजे के तुरंत बाद हुई, जब एयरबस ए330-300 संचालित उड़ान एसडब्लूआर146 रनवे 28 से उड़ान भरने के लिए गति पकड़ रही थी। अधिकारियों के अनुसार, कॉकपिट क्रू ने इंजन में खराबी का पता लगाया और तुरंत टेक-ऑफ की प्रक्रिया को रोक दिया। विमान

■ आग लगी, छह घायल, 4 नवजात समेत 232 लोग थे सवार

के एक तरफ धुएं के निशान और लैंडिंग गियर क्षेत्र के आसपास आग की लपटों की रिपोर्ट के बाद कुछ ही मिनटों में पूर्ण आपातकाल घोषित कर दिया गया, जिससे सुरक्षा कार्यों के लिए रनवे को अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा। एहतियात के तौर पर विमान में सवार सभी 245 व्यक्तियों (232 यात्री और 13 चालक दल के सदस्य) को आपातकालीन स्लाइड का उपयोग कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। हालांकि सभी को सुरक्षित निकाल लिया गया, लेकिन निकासी प्रक्रिया के दौरान चार यात्रियों को मामूली चोटें आईं।

# दाऊद गैंग का खास गुर्गा सलीम डोला गिरफ्तार

**इस्तांबुल।** दाऊद इब्राहिम के करीबी सलीम डोला को तुर्की के इस्तांबुल में गिरफ्तार कर लिया गया है। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों के अनुसार तुर्की की सुरक्षा एजेंसियों ने उसे पकड़ा है।

कई मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि भारतीय सुरक्षा एजेंसियों के सूत्रों ने सलीम डोला की गिरफ्तारी की खबर की पुष्टि की है। डोला इंटरपोल द्वारा जारी रेड कॉर्नर नोटिस के दायरे में था। यह नोटिस भारत की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा मुंबई पुलिस में दर्ज मामलों के आधार पर जारी किया गया था। सलीम डोला भारत भर में फैले कई गुप्त अड्डों और कारखानों का इस्तेमाल करके कई देशों में फैले एक अंतर्राष्ट्रीय सिंथेटिक ड्रग तस्करी नेटवर्क को चला रहा था।

■ खबरों में दावा: तुर्की में पुलिस ने दबोचा

सूत्रों के अनुसार, वह दुबई से अपने ड्रग रैकेट को नियंत्रित करता था। रिपोर्ट के मुताबिक गिरफ्तारी की पुष्टि होने से पहले एक भारतीय अधिकारी ने कहा था कि अगर डोला पकड़ा जाता है, तो उसके ड्रग तस्करी गिरोह के लिए यह एक बड़ा झटका होगा। मुंबई पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने, जिन्होंने गुमनाम रहने की शर्त पर बात की, कहा कि अगर डोला को हिरासत में लिया गया है, तो यह बहुत अच्छी खबर है और उसके तस्करी नेटवर्क के लिए एक बड़ा झटका है। सलीम डोला के ड्रग तस्करी नेटवर्क का सालाना कारोबार 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का था।

# बुलंदशहर: बर्थडे पार्टी में तिहरा हत्याकांड

## चेहरे पर केक लगाने को लेकर हुआ विवाद खूनी संघर्ष में बदला

शाह टाइम्स ब्यूरो

**खुर्जा (बुलंदशहर)।** खुर्जा क्षेत्र में बीती देर रात एक बर्थडे पार्टी के दौरान केक चेहरे पर लगाने को लेकर हुए विवाद ने तिहरे हत्याकांड का रूप ले लिया। गोलीबारी की इस घटना में तीन युवकों की मृत्यु हो गई।

पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार देर रात करीब 10:30 बजे खुर्जा नगर के सुभाष रोड स्थित एक जिम में जीतू नामक युवक की बर्थडे पार्टी चल रही थी। इसी दौरान युवकों के बीच एक-दूसरे के चेहरे पर केक लगाने को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर झगड़ा



मृतक मनीष सैनी



मृतक अमरदीप



मृतक आकाश सैनी

■ पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार

हिंसक हो गया और गोलीबारी शुरू हो गई। फायरिंग में मनीष, आकाश और अमरदीप नामक तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल राजकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीनों को मृत घोषित कर दिया। तिहरे हत्याकांड के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही एडीजी लॉ एंड ऑर्डर तथा एडीजी मेरठ जोन भानु भास्कर मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। एडीजी ने बताया कि पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए आठ टीमें संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं।

# टीएमसी का घमंड टूटा, भाजपा की जीत तय: मोदी

## ममता सरकार में मां-माटी और मानुष का सम्मान नहीं, पीएम ने कोलकाता में किया रोड शो

कोलकाता, वार्ता

**पीएम नरेंद्र** मोदी ने रविवार को पश्चिम बंगाल के नार्थ 24 परगना जिले के बनगांव और हुगली के हरिपाल में रैली की। उन्होंने बनगांव में कहा कि पहले फेज के मतदान में टीएमसी का घमंड टूट चुका है।

दूसरे चरण में भाजपा की जीत तय होती दिख रही है। उन्होंने कोलकाता में रोड शो भी किया। पीएम ने आरोप लगाया कि टीएमसी शासन में छोटे-छोटे नेता और गुंडे खुद को सरकार समझने लगे हैं। 15 साल पहले टीएमसी 'मां, माटी, मानुष' का नारा देकर सत्ता में आई थी, आज वे इन शब्दों को बोल भी नहीं पाते। अगर बोलेंगे, तो इनके पाप सामने आ जाएंगे। टीएमसी के राज में मां-माटी और मानुष का सम्मान नहीं है। हुगली में पीएम ने कहा कि टीएमसी सरकार ने अपने कुकर्मों की वजह से बंगाल के लोगों का भरोसा खो दिया है। यही कारण है कि लोगों को बार-बार कोर्ट का दरवाजा खटखटाना पड़ता है। 15 साल तक टीएमसी ने बंगाल के लोगों को डराकर रखा, लेकिन वे एक बात भूल गए। जब अत्याचार अपनी सीमा पार करता है, तो जनता मां दुर्गा का रूप लेकर अन्याय का अंत करती है।



■ पीएम का आरोप : टीएमसी शासन में छोटे-छोटे नेता और गुंडे खुद को सरकार समझने लगे

### जनगणना में डिजिटल भागीदारी कर सफल बनाएं: प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को लोगों से जनगणना 2027 में डिजिटल भागीदारी कर इसे सफल बनाने की अपील की।

पीएम मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि जनगणना 2027 को डिजिटल बनाया गया है। सारी जानकारी सीधे डिजिटल माध्यम में दर्ज हो रही है। जनगणना के लिए घर-घर जाने वाले कर्मचारी लोगों से बात करते मोबाइल एप में सारी जानकारी दर्ज करेंगे। वहीं, इस बार लोगों को खुद भी अपनी जानकारी डिजिटली अपलोड करने की सुविधा दी गई है। कर्मचारी के आने से 15 दिन पहले यह सुविधा शुरू होगी। लोग अपने हिसाब से अपने समय में सारी जानकारी भर सकते हैं। इसके बाद उन्हें मोबाइल या ई-मेल पर एक विशेष आईडी मिलेगी।

# यूपी का बांदा देश में सबसे गर्म, पारा 47 के पार

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के 50 जिलों में लू चल रही है। प्रदेश का बांदा शनिवार को देश में सबसे गर्म शहर रहा। यहां तापमान 47.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

बिहार के कई जिलों में रविवार को मौसम ने करवट ली। सुपौल, रक्सौल और मधुबनी समेत 10 जिलों में तेज बारिश हुई। दरभंगा में काले बादल से दिन में अंधेरा छा गया। किशनगंज में तेज आंधी और बारिश की वजह कई जगह पेड़ उखड़ गए। मध्य प्रदेश के इंदौर और ग्वालियर जिले में आंगनवाड़ी केंद्र और 8वीं तक के सभी स्कूल 27 से 30 अप्रैल तक बंद रहेंगे। हिमाचल प्रदेश के ऊना में तापमान 42.2 डिग्री सेल्सियस रहा। यहां 27 अप्रैल से बारिश का अनुमान भी है। गर्मी बढ़ने के साथ

■ उप्र के 50 जिलों में लू, मप्र के इंदौर-ग्वालियर में 8वीं तक के स्कूल बंद

देश में बिजली की मांग 252.07 गीगावाट (जीडब्ल्यू) तक पहुंच गई, जो अब तक सबसे ज्यादा है। इससे पहले मई 2024 में 250 जीडब्ल्यू का रिकॉर्ड बना था। मौसम विभाग ने उत्तर-पश्चिम भारत के 10 राज्यों में हीटवेव और वार्म नाइट का अलर्ट जारी किया है। हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, मध्य प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, बिहार और झारखंड के कुछ इलाकों में हीटवेव चलने की संभावना है।

## संक्षिप्त समाचार

### होमगार्ड भर्ती लिखित परीक्षा में नकल षड्यंत्र का भंडाफोड़

**कानपुर।** कानपुर में बीएनएसडी इंटर कॉलेज परीक्षा केंद्र पर होमगार्ड भर्ती लिखित परीक्षा की दूसरी पाली में ड्यूटी के दौरान तैनात पुलिसकर्मियों की सतर्कता से नकल कराने के एक सुनियोजित षड्यंत्र का भंडाफोड़ किया गया। पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल अतुल श्रीवास्तव ने रविवार को बताया कि शनिवार को परीक्षा के दौरान एक इन्विजिलेटर को संदिग्ध अवस्था में वॉशरूम की ओर जाते देख रोककर तलाशी ली गई, जिसके दौरान उसके पास से प्रश्नपत्र बुकलेट बरामद हुई, जिसे उसने छिपाकर रखा था। पूछताछ में ज्ञात हुआ कि वह एक अन्य इन्विजिलेटर एवं कॉलेज के एक केमिस्ट्री लेक्चरर के साथ मिलकर परीक्षा में नकल कराने की योजना में संलिप्त था।

### यूपीटेट 2026: तीन मई तक अभ्यर्थी कर सकेंगे आवेदन

**प्रयागराज।** यूपी के प्रयागराज टीईटी-2026 में अब अभ्यर्थी 3 मई तक आवेदन कर सकेंगे। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने तिथि को बढ़ाने की घोषणा की है। ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है। तकनीकी समस्याओं और अभ्यर्थियों की मांग को देखते हुए यह फैसला लिया गया है। अभ्यर्थी लेट होने की दशा में इससे वंचित नहीं रह जाएंगे। आयोग की ओर से जारी नए कार्यक्रम के अनुसार आवेदन की नई अंतिम तिथि 3 मई है, जो पहले 1 मई थी, वहीं संशोधन एवं शुल्क समाधान की तिथि 8 मई तक कर दी गई है। प्रस्तावित एग्जाम डेट 2, 3 और 4 जुलाई है। शनिवार तक आंकड़ों के अनुसार कुल ऑनलाइन पंजीकरण 14,58,104 और वन टाइम रजिस्ट्रेशन 12,80,845, वहीं नए आवेदन 1,04,196 किए गए।

### सीएम योगी ने महिला आरक्षियों की पासिंग आउट परेड की ली सलामी

# अनुशासन व टीमवर्क का भाव सबसे बड़ी ताकत

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 60,244 आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती के अंतर्गत दीक्षांत परेड समारोह को संबोधित करते हुए बोले मुख्यमंत्री

**लखनऊ। मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आरक्षी प्रशिक्षण के दौरान बेटियों ने जिस मजबूती, तत्परता, समर्पण व अनुशासन का परिचय दिया है, वह सराहनीय है। अनुशासन व टीमवर्क का उत्कृष्ट भाव सबसे बड़ी ताकत है। इन सबको समाहित करते हुए देश के लिए सर्वोत्कृष्ट योगदान देने की भावना वर्दीधारी बल का सबसे महत्वपूर्ण अंग होती है।

प्रशिक्षण में जितना पसीना बहेगा, बाद के जीवन में उतना ही कम खून बहाने की नौबत आती है। योगी रविवार को 60,244 आरक्षी नागरिक पुलिस सीधी भर्ती के अंतर्गत वर्ष 2025 बैच के पुलिस आरक्षियों के दीक्षांत परेड समारोह को संबोधित कर रहे थे। रिजर्व पुलिस लाइन में हुए आयोजन में मुख्यमंत्री ने परेड का निरीक्षण किया और सलामी भी ली।

उन्होंने प्रशिक्षण पूर्ण कर दीक्षांत समारोह का हिस्सा बनने वाली महिला आरक्षियों को बधाई दी और कहा कि सभी ने लगन व अनुशासन के साथ कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया है। अब आप सबको जनपदों की फील्ड ड्यूटी में जाना है। याद रखिए, कानून अपराधी के लिए जितना कठोर हो, नागरिकों के प्रति उतना ही संवेदनशील होना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी आरक्षी प्रशिक्षण से प्राप्त ज्ञान, कौशल व मूल्यों का उपयोग करते हुए निष्ठा, ईमानदारी व कर्तव्य परायणता से यूपी पुलिस की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाएंगे।

उन्होंने कहा कि आज प्रदेश के 10 पुलिस प्रशिक्षण संस्थानों, 73 जनपदों की पुलिस लाइंस, 29 पीएसी बटालियनों, 112 रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटरों में एक साथ आरक्षी दीक्षांत परेड आयोजित की जा रही है। 15 जून 2025 को लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने 60,244 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए थे।

21 जुलाई से इनका प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। इस दौरान मैं भी विभिन्न प्रशिक्षण केंद्रों में गया और देखा कि प्रशिक्षण व सुविधाएं पहले से बेहतर हुई हैं। योगी ने कहा कि 2017 के पहले यूपी पुलिस के सामने चुनौती व संकट था, लेकिन हमने इसे देश के बेहतरीन पुलिस बल के रूप में स्थापित किया। हमने 2.18 लाख से अधिक पुलिस कार्मिकों की भर्ती और 1 लाख से अधिक पुलिसकर्मियों का प्रमोशन किया। 2017 में पुलिस की ट्रेनिंग क्षमता महज 3 हजार थी, लेकिन हमने 60244 पुलिस आरक्षियों का प्रशिक्षण यूपी के केंद्रों में ही एक साथ संपन्न किया है, जो 9 वर्ष में अर्जित की गई प्रगति को दर्शाता है।

### अयोध्या में शिव मंदिर पर 29 अप्रैल को ध्वजारोहण करेंगे मुख्यमंत्री योगी

**लखनऊ/अयोध्या।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर के सभी मंदिरों में देवी-देवताओं के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात मंदिर रामलला, माता अन्नपूर्णा, सूर्यदेव, हनुमान जी और गणेश मंदिरों के शिखरों पर ध्वजारोहण हो चुका है। वहीं अब शिव मंदिर पर ध्वजारोहण की तैयारी है। शिव मंदिर पर ध्वजारोहण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 29 अप्रैल को करेंगे।

# आज से बदलेगा मौसम, गर्मी से मिलेगी मामूली राहत

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ उत्तर प्रदेश में मौसम विभाग ने बताए अगले 24 से 48 घंटे में आंधी और बूंदाबांदी के आसार

**लखनऊ।** भीषण गर्मी और लू के प्रकोप का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश में अगले 24 से 48 घंटे में आंधी और बूंदाबांदी के आसार हैं जिससे तापमान में मामूली गिरावट का अनुमान है।

मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के दक्षिणी, मध्य और पूर्वी हिस्सों में अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है, जबकि कई जिलों में तापमान सामान्य से काफी ऊपर बना हुआ है। आगामी 3 से 4 दिनों तक तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी के बाद हल्की गिरावट की संभावना जताई गई है। विभाग के अनुसार 28 अप्रैल के बाद प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में लू की चेतावनी नहीं है और तापमान में हल्की गिरावट संभव है, जिससे लोगों को कुछ राहत मिल सकती है आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के अनुसार कानपुर नगर, कानपुर देहात, प्रयागराज, कौशांबी, फतेहपुर, बांदा, चित्रकूट, जालौन, हमीरपुर, झांसी, ललितपुर, रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, चंदौली, गाजीपुर, जौनपुर, आजमगढ़, मऊ और बलिया समेत अनेक जिलों में लू चलने की प्रबल संभावना है। विशेष रूप से बांदा, चित्रकूट, कौशांबी, प्रयागराज, फतेहपुर, प्रतापगढ़, मिर्जापुर, वाराणसी, जालौन और हमीरपुर को अधिक संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। कानपुर नगर में अधिकतम तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का अनुमान है। शहर में दिन के समय तेज धूप और गर्म हवाएं लोगों को बेहाल कर रही हैं। न्यूनतम तापमान भी 28 से 30 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है, जिससे रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही

# प. बंगाल में कांग्रेस कार्यकर्ता के हत्यारे हों गिरफ्तार: राहुल

नई दिल्ली, वार्ता



कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है और आरोप लगाया है कि उसके लोगों ने कांग्रेस कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की हत्या की है।

गांधी ने रविवार को देबदीप की हत्या पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दोषियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की और कहा कि कांग्रेस हिंसा पर भरोसा नहीं करती और अहिंसा के सिद्धांत को कलंकित करने वाली राजनीति के सामने झुकना नहीं जानती है। गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर रविवार को लिखा, कांग्रेस के कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की तृणमूल से जुड़े गुंडों द्वारा की गई हत्या बेहद निंदनीय है। शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। पश्चिम बंगाल में आज लोकतंत्र नहीं, तृणमूल का गुंडा राज चल रहा है। वोट के बाद विरोधी आवाजों को डराना, मारना, मिटाना, यही टीएमसी का चरित्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की राजनीति कभी हिंसा पर नहीं टिकी और न कभी टिकेगी। हमने भी अपने कार्यकर्ता खोए हैं, फिर भी हमने हमेशा अहिंसा और संविधान का रास्ता चुना है। यही हमारी विरासत है, यही हमारा संकल्प। उन्होंने कहा कि हमारी मांग स्पष्ट है, सभी दोषियों की तत्काल गिरफ्तारी हो।

# युवराज की मौत के लिए 3 पुलिसकर्मी दोषी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ 110 दिन की जांच में ऐसे बेदाग हुई अथॉरिटी?

**नोएडा।** राष्ट्रीय राजधानी से सटे नोएडा सेक्टर 150 में पानी से लबालब खुले बेसमेंट में गिरकर इंजीनियर युवराज मेहता केस की जांच के लिए गठित एसआईटी ने 100 दिन की जांच के बाद अपनी रिपोर्ट पेश कर दी है। इस रिपोर्ट में एसआईटी ने माना है कि पुलिस कंट्रोल रूम में तैनात एआरओ और आरआई समेत 3 पुलिसकर्मी दोषी हैं। एसआईटी ने इस घटना के लिए असली जिम्मेदार बताए जा रहे नोएडा प्राधिकरण, फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ को एक तरह से क्लीनचिट दे दी है।

माना जा रहा है कि एसआईटी अपनी जांच में इन संस्थानों की भूमिका के साथ जवाबदेही तय करेगी। जिम्मेदार अधिकारियों पर एक्शन होगा, लेकिन एक बार फिर जांच के नाम पर खानापूर्ति हो गई है। बता दें कि 16 जनवरी 2026 की रात सेक्टर 150 स्थित जलभराव वाले खुले गड्ढे में युवराज मेहता की कार गिर गई थी। इस हादसे के दौरान युवराज मदद के लिए आवाज लगता रहा, लेकिन समय पर राहत नहीं पहुंच सकी और आखिरकार कड़ाके की ठंड में युवराज ने दम तोड़ दिया था। काफी देर बाद रेस्क्यू अक्क्मरेशन शुरू हुआ और काफी मसक्कत के बाद युवराज के शव को बाहर निकाला गया। इस घटना ने न केवल नोएडा, बल्कि पूरे देश के सिस्टम पर सवाल खड़ा कर दिया था। देश भर से घटना के विरोध में आवाजें उठने लगीं। पूछा जाने लगा कि इतने खतरनाक गड्ढे को बिना मार्किंग और चेता. वनी बोर्ड के खुला क्यों छोड़ा गया? समय रहते युवराज को मदद क्यों नहीं पहुंचाई गई? बाद में सीएम योगी ने खुद संज्ञान लिया और एसआम्रटी जांच के आदेश दिए। इससे उम्मीद जगी कि शायद दोषियों के खिलाफ एक्शन हो, लेकिन एक बार फिर कार्रवाई के नाम पर खानापूर्ति हो गई। 5 सदस्यीय एसआईटी ने इस घटना के बाबत करीब 700 लोगों से पूछताछ की। इनमें नोएडा पुलिस, प्राधिकरण, एनडीआरू और फायर ब्रिगेड के तमाम अधिकारी और कर्मचारी शामिल थे। 100 दिन चली जांच के बाद अब एसआईटी ने रिपोर्ट दी है। इसमें पुलिस कंट्रोल रूम की भूमिका संदिग्ध माना है और कहा है कि कंट्रोल रूम ने हादसे की सूचना को गंभीरता से नहीं लिया, इसकी वजह से रेस्क्यू दल समय रहते एक्टिव नहीं हो पाया। एसआईटी की रिपोर्ट पर पुलिस कमिश्नर ने तीनों पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया है। जानकारों का कहना है कि कंट्रोल रूम ने मामले को गंभीरता से नहीं लिया, ऐसे में कार्रवाई होनी ही चाहिए, लेकिन एसआईटी ने कैसे नोएडा अथॉरिटी और एनडीआरएफ को क्लीनचिट दी।

# उप्र में एक मई से चलेगा विशेष स्कूल चलो अभियान

**लखनऊ।** योगी सरकार ने शिक्षा के मोर्चे पर बड़ा और निर्णायक कदम उठाते हुए 'स्कूल चलो अभियान' को उत्तर प्रदेश में मिशन मोड में लागू कर दिया है। सरकार का स्पष्ट संदेश है कि अब कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर नहीं रहेगा। इसी क्रम में अपर मुख्य सचिव, बेसिक एवं माध्यमिक शिक्षा, पार्थ सारथी सेन शर्मा ने प्रदेश के सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि छह से 14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे का नामांकन हर हाल में सुनिश्चित किया जाए। पहली मई से प्रदेशभर में विशेष अभियान चलाकर श्रमिक बस्तियों, ईंट-भट्टों और वंचित वर्गों के बच्चों को चिह्नित कर स्कूल से जोड़ा जाएगा। दिव्यांग बच्चों के नामांकन को प्राथमिकता देने, आरटीई के अंतर्गत लॉटरी के माध्यम से चयनित पात्र बच्चों का आवंटित विद्यालय में शत-प्रतिशत नामांकन कराने और कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में बालिकाओं के प्रवेश को बढ़ाने के निर्देश भी दिए गए हैं। सरकार ने ड्रॉपआउट और आउट- ऑफ- स्कूल बच्चों की पहचान कर उन्हें पुन: शिक्षा से जोड़ने के लिए जमीनी स्तर पर रणनीति तैयार की है। कक्षा 5 से 6, 8 से 9 और 10 से 11 तक 100 प्रतिशत ट्रांजिशन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि बच्चों की पढ़ाई बीच में न छूटे और शिक्षा की निरंतरता बनी रहे।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


सेंसेक्स 79273.33
निफ्टी 24576.60


सोना 153594
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार


चांदी रु. 250210
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट के बाद वैश्विक कारकों पर रहेगी नजर

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह रही गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में निवेशकों की नजर वैश्विक कारकों पर रहेगी। अमेरिका-ईरान शांति वार्ता के साथ ही होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर जारी गतिरोध पर निवेशक नजदीकी नजर रख रहे हैं। अमेरिकी फेडरल रिजर्व की 28 और 29 अप्रैल को होने वाली बैठक का असर भी पूरी दुनिया के शेयर बाजारों पर पड़ेगा।

घरेलू स्तर पर औद्योगिक उत्पादन के आंकड़े भी आने वाले सप्ताह में जारी होने हैं। साथ ही कंपनियों के तिमाही परिणाम बाजार को प्रभावित करना जारी रखेंगे। बीते सप्ताह पहले दो दिन बाजार में तेजी रही, लेकिन अगले तीन दिन बिकवाली हावी रही। बीएसई का सेंसेक्स 1,829 अंक (2.33 प्रतिशत) की साप्ताहिक गिरावट में 76,664.21 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी सप्ताह के दौरान 455.60 अंक यानी 1.87 प्रतिशत टूटकर शुक्रवार को 23,897.95 अंक पर बंद हुआ। मझौली कंपनियों का निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक भी 1.60 प्रतिशत की साप्ताहिक गिरावट में रहा। वहीं छोटी कंपनियों का स्मॉलकैप-100 सूचकांक उतार-चढ़ाव से होता हुआ अंत में लगभग स्थिर रहा। सप्ताह के दौरान आईटी कंपनियों पर भारी दबाव देखा गया। निफ्टी आईटी सूचकांक सप्ताह के दौरान 10.31 प्रतिशत लुढ़क गया।

### अमेरिका ईरान में जारी तनाव से डामर संकट गहराया

**लखनऊ/हमीरपुर।** अमेरिका-ईरान के बीच जारी तनाव और कच्चे तेल की आपूर्ति प्रभावित होने से उत्तर प्रदेश में सड़कों के निर्माण के लिए आवश्यक डामर (बिटुमिन) का संकट गहरा गया है। इसका असर हमीरपुर जिले में लोक निर्माण विभाग की सड़क परियोजनाओं पर साफ दिखाई दे रहा है। कई सड़कें अधर में लटक गई हैं, जबकि कुछ स्थानों पर गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठने लगे हैं। लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता (एसई) सुनील कांत ने रविवार को बताया कि सड़क निर्माण में उपयोग होने वाला डामर क्रूड ऑयल से तैयार होता है और भारत में इसके लिए ईरान सहित अन्य देशों से कच्चे तेल का आयात किया जाता है।

# चावल, गेहूं, चीनी में साप्ताहिक तेजी, दालों, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव बढ़ गए। चावल के साथ गेहूं और चीनी में भी तेजी रही। खाद्य तेलों और दालों में उतार- चढ़ाव का रुख देखा गया।

सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत चार रुपये बढ़कर सप्ताहांत पर 3,847 रुपये प्रति क्विंटल पर पहुंच गई। गेहूं भी 10 रुपये महंगा होकर 2,780 रुपये प्रति क्विंटल पर रहा। आटे का भाव पांच रुपये बढ़कर 3,270 रुपये प्रति क्विंटल हो गया। सप्ताह के दौरान तुअर दाल की औसत कीमत 33 रुपये प्रति क्विंटल घट गई। उड़द दाल 15 रुपये और चना दाल तीन रुपये सस्ती हुई। मसूर दाल का भाव 23 रुपये और मूंग दाल का नौ रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। बीते सप्ताह सरसों तेल की औसत कीमत 57 रुपये प्रति क्विंटल फिसल गई, जबकि अन्य खाद्य तेलों में तेजी रही। मूंगफली तेल 109 रुपये और सोया तेल 61 रुपये महंगा हुआ। वनस्पति का भाव 58 रुपये और पाम ऑयल का 44 रुपये बढ़ा। सूरजमुखी तेल 37 रुपया प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मीठे के बाजार में बीते सप्ताह गुड़ का औसत भाव 21 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गया। चीनी भी दो रुपये महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7686.02 रुपये, मसूर काली 8085.22 रुपये, मूंग दाल 10208.98 रुपये, उड़द दाल 10826.44 रुपये, तुअर दाल 11230.67 रुपये प्रति क्विंटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2779.79 रुपये और चावल 3847.23 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3274.52 रुपये प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस 4310.66 रुपये और गुड़ 5044.78 रुपये प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17866.06 रुपये, मूंगफली तेल 18916.85 रुपये, सूरजमुखी तेल 17516.11 रुपये, सोया तेल 15002.66 रुपये, पाम ऑयल 13442.13 रुपये और वनस्पति 14965.02 रुपये प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
— HEALTH WITH CARE —
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कॉहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

# बागी 7 राज्यसभा सांसदों की सदस्यता खत्म करने को आप ने भेजा आवेदन

नई दिल्ली, वार्ता

■ सभापति और उपराष्ट्रपति से की मांग

आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा के सभापति और उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन से 7 सांसदों की सदस्यता खत्म करने की मांग की है। इसे लेकर आप ने सभापति से मांग की है कि जल्द से जल्द कार्रवाई करके न्यायपूर्ण फैसला दें। आप के ये सातों सांसद हाल ही में भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए हैं।

आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि पार्टी ने संवैधानिक विशेषज्ञों से सलाह ली है। इनमें वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और लोकसभा के पूर्व महासचिव पीडीटी आचार्य भी शामिल हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि ये सांसद कानून के तहत अयोग्य ठहराए जा सकते हैं। संजय सिंह ने कहा कि राज्यसभा के सभापति और देश के उपराष्ट्रपति को एक शिकायत भेजी है, जिसमें संविधान की 10 वी अनुसूची के मुताबिक सातों सदस्यों की सदस्यता खत्म करने के लिए अनुरोध किया है। संजय सिंह ने कहा कि एक पार्टी से आप चुनकर आते है और एजेंसीज का दुरुपयोग करके आपको तोड़ा जाता है। आपको डराकर अपने में मिला लेती है, ये पंजाब और देश के संवैधानिक साथ धोखा है। संजय सिंह ने कहा कि दसवीं अनुसूची (एंटी-डिफेक्शन कानून) के तहत ऐसे दलबदल मान्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि इन सांसदों को अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए। पार्टी सूत्रों का कहना है कि लीडरशिप को दलबदल की आशंका थी और आखिरी समय में कुछ सांसदों को रोकने की कोशिश भी की गई थी, लेकिन पार्टी नेताओं की काफी कोशिशों के बाद भी सातों राज्यसभा सांसद बीजेपी में शामिल हो गए। इस बीच पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से समय मांगा था, ताकि सांसदों को वापस बुलाया जा सके लेकिन संविधान में सांसदों या विधायकों को वापस बुलाने (रिकॉल) का कोई प्रावधान नहीं है। इस पूर मामले में कानूनी राय बंटी हुई है। आप का कहना है कि ये दलबदल असंवैधानिक है, लेकिन कई विशेषज्ञों का मानना है कि एंटी-डिफेक्शन कानून में अगर विधायी दल के दो-तिहाई सदस्य साथ हों, तो विलय (मर्जर) की अनुमति है।

# दिल्ली-एनसीआर की मंडियों में रेट कंट्रोल करेगा हरदोई

■ गंगा एक्सप्रेसवे से आएगी खुशहाली, रोज पहुंचेंगी सब्जियां

**लखनऊ।** दिल्ली-एनसीआर वासियों को अब ताजी सब्जियां मिला करेंगी। इसके लिए हरदोई रेट नियंत्रित करेगा। 29 अप्रैल को हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे का उद्घाटन होने जा रहा है। इसके बाद गंगा की तराई में पैदा होने वाली हरी सब्जियों की बड़ी खेप रोज दिल्ली-एनसीआर की मंडियों में पहुंचने लगेगी। अभी परिवहन के साधनों की कमी की वजह से इन इलाकों से सब्जियों की खेप बड़ी मुश्किल से बड़ी मंडियों तक पहुंच पाती थी।

हरदोई में होटल कारोबारी रानू का कहना है कि इन सब्जियों और सलाद की डिमांड बड़े होटलों में खूब है। इसके लिए किसानों को मुंह मांगी कीमत भी मिलती है, लेकिन अभी तक इसे हरदोई के बाहर के होटलों तक पहुंचाना ही मुश्किल था। अब गंगा एक्सप्रेसवे शुरू होने के बाद दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ और प्रयागराज के 5 स्टार होटल सीधे किसानों से सलाद की फसल खरीद सकेंगे। उन्होंने उदाहरण के जरिए समझाया कि अभी हरदोई में तरबूज 8 से 10 रुपये किलो मिल रहा है, जबकि दिल्ली में 40 से 100 रुपये का भाव है। यदि यहां से तरबूज दिल्ली जाए, तो सारे खर्चे काटने के बाद भी भाव 20 रुपये से ज्यादा नहीं होगा। बड़ी बात कि यह पैसा सीधा किसान की जेब में जाएगा। गंगा एक्सप्रेसवे इन क्षेत्रों खासतौर पर शाहजहांपुर और हरदोई आदि जिलों के लिए वरदान बन सकता है।

# गंगा एक्सप्रेसवे के साथ उभरेगा इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग हब

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 अप्रैल को हरदोई में गंगा एक्सप्रेसवे को देशवासियों को समर्पित करेंगे। योगी सरकार इस परियोजना को एक्सप्रेसवे सह इंडस्ट्रियल कॉरिडोर मॉडल के रूप में आगे बढ़ा रही है। सरकार ने उत्तर प्रदेश में बुनियादी ढांचे को औद्योगिक विकास से जोड़ते हुए गंगा एक्सप्रेसवे को इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग एंड लॉजिस्टिक्स क्लस्टर (आईएमएलसी) के रूप में विकसित किया है।

एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की इस योजना के तहत 594 किमी लंबे एक्सप्रेसवे के किनारे 12 औद्योगिक नोड्स विकसित किए जा रहे हैं, जिनके लिए 6,507 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। अब तक 987 निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं, जिनके जरिए लगभग 47 हजार करोड़ रुपये के निवेश का लक्ष्य तय किया गया है। यह पूरी योजना 12 जिलों में औद्योगिक विकास का नया नेटवर्क खड़ा करेगी। आईएमएलसी योजना के तहत पूरे एक्सप्रेसवे कॉरिडोर में सभी 12 जिलों में 12 नोड्स बनाए गए हैं। इन नोड्स के लिए कुल 6,507 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। प्रत्येक नोड को उसकी भौगोलिक स्थिति और औद्योगिक संभावनाओं के आधार पर डिजाइन किया गया है, ताकि मैन्युफैक्चरिंग, वेयरहाउसिग और लॉजिस्टिक्स सेक्टर को एकीकृत रूप से बढ़ावा मिल सके। मेरठ से प्रयागराज तक हर नोड का लोकेशन और एरिया तय कर लिया गया है। इन नोड्स की यह स्ट्रैटेजिक प्लानिंग पूरे एक्सप्रेसवे को एक 'इकोनॉमिक ग्रोथ बेल्ट' में बदल देगी। आईएमएलसी योजना को निवेशकों से जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। अब तक 987 'इंटेंट्स ऑफ इन्वेस्टमेंट' प्राप्त हुए हैं, जिनके जरिए 46,660 करोड़ रुपये के निवेश की संभावना है। यह निवेश मुख्य रूप से मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स, लॉजिस्टिक्स पार्क, वेयरहाउसिग, ई-कॉमर्स सप्लाई चेन और एग्री-प्रोसेसिग सेक्टर में आएगा। एक्सप्रेसवे के किनारे विकसित होने वाले आईएमएलसी नोड्स माल परिवहन को तेज और सस्ता बनाएंगे, जिससे उद्योगों की लागत घटेगी।



■ योजना के तहत 594 किमी लंबे एक्सप्रेसवे के किनारे 12 औद्योगिक नोड्स विकसित किए जा रहे

# डिग्री अंत नहीं नई जिम्मेदारियों की शुरुआत है: आचार्य देवव्रत

## सुभारती के 11वे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे गुजरात के राज्यपाल

- विशिष्ट अतिथि के रूप में नाइजिरिया के केब्बी प्रांत के उपराज्यपाल सीनेटर उमर अबुबकर तफीदान कब्बी रहे मौजूद
- 2500 से अधिक मेधावी को प्रदान की गई डिग्रियां





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के 11वे दीक्षांत सामारोह का भव्य आयोजन विश्वविद्यालय के मांगल्य प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ। इस दीक्षांत सामारोह के मुख्य अतिथि गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नाइजिरिया के केब्बी प्रांत के उपराज्यपाल सीनेटर उमर अबुबकर तफीदान कब्बी रहे। इनके अतिरिक्त गुजरात की प्रथम महिला दर्शना देवी, नाइजीरिया से आए हुए अन्य गण्यमान्य अतिथियों में उमर गरबा डस्टीन मारी, शैफीयू अबबुबकर जुरो, इशाह अबुबकर टुनागा प्रमुख रहे तो वहीं स्थानीय अतिथियों में विश्वविद्यालय के न्यासी डॉ. रोहित रविंद्र, मुख्य कार्यकारी अधिकारीडॉ. शल्या राज, कार्यकारी अधिकारी डॉ. कृष्णामूर्ति, आचार्य कुलदीप, अनिल कुमार, जगत सिंह दौसा आदि उपस्थित रहे। सामारोह की अध्यक्षता विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. स्तुति कक्कड ने की। इनके अतिरिक्त इस समारोह में नाइजीरिया एवं पश्चिमी एशियाई देशों के गणमान्य अतिथि भी इस दीक्षांत समारोह में शामिल रहे।

दीक्षांत समारोह के कार्यक्रम की शुरुआत सुभारती समूह की परंपरानुसार मुख्य अतिथि एवं गण्यमान्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं कुम्भ जलाभिषेक के साथ हुआ। इससे पूर्व मुख्य अतिथि आचार्य देवव्रत राज्यपाल गुजरात के द्वारा विश्वविद्यालय परिसर में स्थित आईएनए शहीद स्मारक एवं उपवन आईएनए व भारतीय सेना के शहीदों को पुष्पांजली अर्पित की गई एवं मुख्य समारोह स्थल पर उत्तर प्रदेश पुलिस के जवानों के द्वारा सम्मान गारद दिया गया। इसके साथ ही मुख्य अतिथि आचार्य देवव्रत, राज्यपाल गुजरात एवं सीनेटर उमर अबुबकर तफीदान कब्बी उपराज्यपाल केब्बी प्रांत, नाइजीरिया के द्वारा मांगल्य प्रेक्षागृह में गण्यमान्य अतिथियों के अवलोकन के लिए विश्वविद्यालय की बेस्ट प्रैक्टिसेस के विद्यार्थियों के द्वारा लगाए गए विभिन्न-विभिन्न स्टॉल्स जिनमें राष्ट्रबोध, स्टार्टअप, पर्यावरण समिति एवं वैलनेस सेंटर प्रमुख रहे।

मुख्य अतिथि आचार्य देवव्रत ने अपने संबोधन में कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में उपस्थित होने का सौभाग्य मिला। सुभारती विश्ववविद्यालय की कुलाधिपति, कुलपति व विश्वविद्यालय के संस्थापक एवं समस्त पदाधिकारियों को पिछले दो दशक से देश की भावी पीढ़ीयों के निर्माण के लिए हार्दिक बधाई देता हुं। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह पठन-पाठन प्रक्रिया का अंतिम चरण होता है। अपने संबोधन में आचार्य देवव्रत ने कहा कि प्राचीन काल में शिक्षक अथवा गुरु दीक्षांत समारोह के दिन अपने विद्यार्थियों को अपना अंतिम उपदेश देते थे। जिसमें वे उन्हें सत्य का आचरण करना, धर्म का आचरण करना व सदाचार, सद्भाव व सम्यक विचार के साथ जीवन जीने का मंत्र देते थे।

उन्होंने कहा कि हमें अपने माता-पिता तथा गुरुओं का सदा सम्मान करना चाहिए इसी प्रकार हमें अपने गुरुओं और शिक्षकों को भी नहीं भूलना चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि डिग्री का अर्थ जिम्मेदार व्यक्ति बनना होता है। संस्कारित व्यक्ति ही समाज में सम्मान को प्राप्त करता है। उन्होंने सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण के द्वारा विश्वविद्यालय की स्थापना जिन चार केंद्रीय विचारों शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के भाव के साथ स्थापित की है इसकी प्रशंसा करते हुए कहा कि ये विचार केवल एक दूरदर्शी शिक्षाविद जिसके हृदय में राष्ट्रबोध हो वही अपना सकता है और इसको अपने विद्यार्थियों में रो. पित कर सकता है। सुभारती विश्व. विद्यालय में आकर ऐसा लगता है कि यहां राष्ट्रीयता पग-पग पर और कण-कण में विद्यामान है, यहां जय हिंद के संबोधन से किसी का भी स्वागत किया जाता है ये दर्शाता है कि डॉ. अतुल के द्वारा यहां पर इन विचारों को कितनी गहराई तक अपनी टीम के माध्यम से विद्यार्थियों में समाहित किया गया है। उन्होंने कहा कि दीक्षांत समारोह शिक्षा का अंत नहीं बल्कि नई जिम्मेदारियों की शुरुआत का दिन होता है।

दीक्षांत समारोह में कुलपति प्रो. (डॉ.) प्रमोद कुमार शर्मा ने विश्व. विद्यालय की ओर से सभी का आधिकारिक स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह गौरवपूर्ण अवसर विश्वविद्यालय की उत्कृष्ट उपलब्धियों और मूल्यों शिक्षा, सेवा, संस्कार व राष्ट्रीयता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि नैक द्वारा 'ए' ग्रेड से मान्यता प्राप्त यह संस्थान अनुसंधान, नवाचार, स्टार्टअप और अंतरराष्ट्रीय सहयोग में निरंतर प्रगति कर रहा है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विद्यार्थियों के कौशल व रोजगारपरक विकास पर विशेष बल दिया जा रहा है।

इसके अतिरिक्त एम.बी.बी.एस. की प्रथम प्रोफेशनल परीक्षा में प्रथम आने वाले विद्यार्थियों अर्श जैन एवं श्रेया रस्तोगी को 11000 रुपए की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। कुलपति डॉ. शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा 70 से अधिक द्वियांगजनों को विभिन्न पदों पर समायोजित किया हुआ है। डॉ. शर्मा ने सभी डिग्री प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की व सभी को छात्र संकल्प दिलवाई। इस अवसर पर पीएचडी की उपाधि प्राप्त करने वालों में डॉ. सैयद ज़र हुसैन, डॉ. डी.के. सक्सेना, डॉ. गरिमा जैन, डॉ. दिव्या मिश्रा, डॉ. विशाल सहाय, डॉ. रेशु रानी, डॉ. ऋषभ जैन, कर्नल डॉ. हरीश कुमार, डॉ. अंकित कुमार, डॉ. चारमिरी आदि रहे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. स्तुति कक्कड़ ने अपने संबोधन में कहा कि सुभारती विश्वविद्यालय के 11वें दीक्षांत समारोह में शामिल होना उनके लिए गर्व और सम्मान की बात है। उन्होंने उपाधि एवं पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, शोधार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को बधाई दी। डॉ. कक्कड़ ने बताया कि विगत कई वर्षों से सुभारती विश्वविद्यालय अंत. रराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है।

डॉ. निखिल श्रीवास्तव एवं डॉ. मनोज कपिल के संयोजन में आयोजित इस 11वें दीक्षांत समारोह का मंच संचालन डॉ. सीमा शर्मा एवं डॉ. अभिनव शर्मा ने किया। इस दौरान मुख्य अतिथी एवं अन्य गण्यमान्य अतिथियों के द्वारा पृथ्वी सिंह सुभारती विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को स्कूल किट भी प्रदान की गई। प्रति कुलपति डॉ. मुनीश सी रेड्डी ने कार्यक्रम के अंत में आधिकारिक रुप से धन्यवाद ज्ञापन करते हुए सभी आगत अतिथियों का आभार प्रकट किया।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज, सुभारती विश्वविद्यालय के महानिदेशक मेज. जन. (डॉ.) जी.के. थपलियाल, एसएम (सेनि.) डॉ. कपिल कुमार, डॉ.वैभव गोयल भारतीय, डॉ. गीता परवंदा, डॉ. पिंटू मिश्रा, डॉ. सोकिंद्र कुमार, डॉ. रीना विश्नोई, डॉ. सुधीर त्यागी, डॉ. पंकज किशोर मिश्रा, डॉ. निखिल श्रीवास्तव, डॉ. मनोज कपिल, डॉ. पद्मा मिश्रा, डॉ. धीरेन अजित नायर आदि उपस्थित रहे।

# 33 नहीं बल्कि 50 फीसदी हो मातृशक्ति भागेदारी: डॉ. राजीव

- श्री वेंकटेश्वरा में राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. विजया रहातकर का शानदार अभिनंदन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बाईपास स्थित श्री वेंक्टेश्वरा में रविवार को राष्ट्रीय राजमार्ग बाईपास स्थित श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय संस्थान परिसर अंतर्गत देश की राष्ट्रीय महिला आयोग की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विजया राहतकर के पहुंचने पर संस्थान प्रबंधन की ओर से उनका बुके स्मृति चिन्ह पका एवं पगड़ी पहनकर भव्य तरीके से अभिनंदन किया गया एवं उनकी अध्यक्षता में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने के लिए देशभर में किए जा रहे शानदार ऐतिहासिक प्रयासों के की सराहना करते हुए इस बिल को 2029 के चुनावो से पहले देश भर में लागू करने की अपील की।

इस अवसर पर विजया राहतकर ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल में देश के आदि सम्मानित मातृशक्ति को उनका यह संवैधिक संवैधानिक अधिकार मिलना चाहिए और हर हम हर कीमत पर इसको हासिल करके रहेंगे। उन्होंने वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय की तर्ज पर अन्य शिक्षण संस्थानों एवं देश के विश्वविद्यालय से अपील की कि वह सब आगे बढ़कर इस बिल को देशभर में लागू करने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं। प्रतिकुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने पका पगड़ी एवं स्मृति चिन्ह देखकर भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर डॉक्टर राहत कर ने कहा कि हमारे यहां प्राचीन काल से ही नारी को शक्ति स्वरुप माना गया है। इस अवसर पर श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय के संस्थापक अध्यक्ष सुधीर गिरि ने कहा कि मातृशक्ति इस बिल के लागू होने से मातृशक्ति की आर्थिक सामाजिक एवं संवैधानिक स्थितियों में सुधार होने से देश में मातृशक्ति का गौरव और ज्यादा बढ़ेगा विश्वविद्यालय के प्रति उप कुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने कहा कि श्री वेंकटेश्वर विश्वविद्यालय पूरे देश भर में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लागू करने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाएगा। इस अवसर पर महिला आयोग की अध्यक्ष के विशेष कार्य अधिकारी राम अवतार सिंह, अपर सचिव महिला एवं बाल विकास मंत्रालय वरिष्ठ आईएएस राधिका चक्रवर्ती, डिप्टी सेक्रेटरी आईएएस भवानी आर, अंडर सेक्रेटरी आईएएस सुधीर बंसल, गुंजन काउंसलर महिला आयोग कुलपति प्रो. कृष्णकांत दवे, डॉ. राजेश सिंह, डीन नर्सिंग ऐना ऐरिक ब्राउन, डॉ. नीतू पंवार, डॉ. सुमन कुमारी, मेरठ परिसर से निदेशक डॉ. पंकज एवं मीडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

# जन आक्रोश संगोष्ठी में महिलाओं ने काली पट्टी बांधकर जताया विरोध



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा दौराला मंडल में महिलाओं के साथ एक सशक्त कार्यक्रम भूमि विकास बैंक पूर्व चेयरमैन नामित गन्ना समिति डायरेक्टर हरेंद्र चौधरी के दौराला स्थित आवास पर आयोजित हुआ। जहां महिलाओं ने हाथों पर काली पट्टी बांधकर अपने अधिकारों के लिए आवाज बुलंद की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व जिला अध्यक्ष शिव कुमार राणा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता दौराला मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने की। इस दौरान मनिंदर विहान भराला ने कहा कि नारी सम्मान और सशक्तिकरण के लिए भाजपा सदैव प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट संकल्प है कि महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिले और उन्हें उनका हक मिले लेकिन दुख की बात है कि विपक्ष इस महत्वपूर्ण कदम का विरोध कर रहा है। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष संध्या त्यागी, जिला मंत्री नितिन शर्मा, डायरेक्टर हरेंद्र चौधरी, मोहित राणा, डॉ. धनेश, मनोज शर्मा, विनीत विहान, मुदित विहान, सभासद प्रशांत अहलावत, सोनू प्रजापति, अक्षय गुप्ता, ओमेंद्र चौधरी, अंजू रानी, रितु चौधरी, पूनम, आकांक्षा, साक्षी, नवनीत खरे, संदीप विहान, डॉ. ईश्वर पाल, सचिन उपाध्याय, मिंटू कश्यप, उदय चौधरी, सुदित विहान, सुशील आदि मौजूद रहे।

# अपना दल (एस) ने क्षेत्रीय कमेटी के पदाधिकारियों को दिए नियुक्ति पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सर्किट हाउस स्थित एनेक्सी में अपना दल (एस) के कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। जिसमें मंडलीय समीक्षा के साथ आगामी विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारीयों के लिए आगाज कर बूथ स्तर तक संगठन को खड़ा करने के दिशा निर्देश दिए गए। बैठक में क्षेत्रीय अध्यक्ष सुधीर पंवार द्वारा पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल से प्राप्त अनुमोदन के बाद मेरठ परिक्षेत्र के पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र दिए गए मेरठ मंडल के 6 जनपदों से तीन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष चार क्षेत्रीय महासचिव चार क्षेत्रीय सचिव एक कोषाध्यक्ष व तीन कार्यकारिणी सदस्यों जिसमें क्षेत्रीय उपाध्यक्ष गुलवीर प्रधान, रवि चौधरी, सत्य प्रकाश पांडे महासचिव अशोक कुमार, गौरव शर्मा, नीरज भारद्वाज, बलीचंद पाल क्षेत्रीय सचिव दिनेश भाटी, देवेंद्र मिश्रा, सतपाल शर्मा, राजवर्धन वर्मा कोषाध्यक्ष पवन वर्मा कार्यकारिणी सदस्य संजय त्यागी, धनंजय सिंह व रिंकू जाटव की घोषणा पहली सूची में की गई। क्षेत्रीय अध्यक्ष सुधीर पंवार की अध्यक्षता में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता, ओमप्रकाश तोमर, मुनीष पटेल, दीपा लोधी, अमरपाल सिंह, फौलाद कुरैशी, योगेंद्र चौधरी व यामीन खान, सचिन गुप्ता आदि उपस्थित रहे।



# विकलांग युवती ने सौतेली मां और भाइयों पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

- थाने पहुंचकर मांगी मदद, पुलिस ने कार्रवाई का दिया आश्वासन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लिसाड़ी गेट क्षेत्र की एक विकलांग युवती ने अपनी सौतेली मां और सौतेले भाइयों पर उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता थाने पहुंची, जहां उसने अपनी आपबीती सुनाई। थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के अहमद नगर इलाके की निवासी है पुलिस को बताया कि वह अपने माता-पिता की इकलौती संतान है। उसकी मां का पहले ही निधन हो चुका था, जिसके बाद उसके पिता ने दूसरी शादी कर ली थी। युवती का आरोप है कि सौतेली मां और उसके बेटे लगातार उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। युवती ने बताया कि उसके पिता की मृत्यु के बाद स्थिति और अधिक खराब हो गई है और अब उसे घर में रहने तक में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उसने यह भी बताया कि उसके पिता ने जीवनकाल में उसकी शादी एक युवक से तय की थी, लेकिन अब वह अपनी इच्छा से विवाह करना चाहती है। आरोप है कि सौतेली मां और सौतेले भाई उसकी शादी में बाधा डाल रहे हैं और उस पर दबाव बना रहे हैं। इसी से परेशान होकर पीड़िता थाना लिसाड़ी गेट पहुंची और पुलिस से मदद की गुहार लगाई। पुलिस का कहना है कि मामले की शिकायत प्राप्त हो गई है और जांच शुरू कर दी गई है। पीड़िता को उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है।

# किसानों को दिया जाएगा धान का गुणवत्तायुक्त बीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** डॉ. त्रिवेणी दत्त, सरदार वल्लभभाई पटेल, कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुल. पति डॉक्टर त्रिवेणी दत्त ने बीज विज्ञान केन्द्र के अधिकारियों को निर्देश दिया है कि किसानों को आगामी फसल खरीफ के गुणवत्ता युक्त बीज किसानों को बिक्री कर उपलब्ध कराई जाएं जिससे किसानों की प्रति एकड़ उत्पादकता बढ़ सकें। उन्होंने कहा कि किसी भी फसल का अच्छा उत्पादन प्राप्त करने के लिए बीज की महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इसलिए किसानों को उच्च गुणवत्तायुक्त बीज को ही बोना चाहिए, जिससे फसल का अच्छा उत्पादन प्राप्त किया जा सके।

बीज विज्ञान केंद्र के नोडल अधिकारी बीज डॉक्टर एल के गंग. वार के अनुसार फसलों की उन्नतिशील प्रजातियों की गुणवत्ता युक्त बीज का उपयोग कर किसान अधिक उत्पादन प्राप्त कर सकते हैं। किसानों को उच्च गुणवत्ता का बीज उपलब्ध कराने की दिशा में विश्व. विद्यालय द्वारा विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिसके अंतर्गत




विश्वविद्यालय फार्म पर फसलों के विशेषज्ञ वैज्ञानिकों की देखरेख में विभिन्न फसलों की उन्नतशील प्रजातियों का गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन करके प्रोसेसिंग एवं बीज परीक्षणों उपरांत उच्च गुणवत्ता युक्त बीज तैयार किया जाता है तथा इस बीज की विश्वविद्यालय के बिक्री केंद्र से बिक्री की जाती है। उनशील प्रजातियों के उच्च गुणवत्ता के बीच का उपयोग करके, किसान अधिक उत्पादन प्राप्त कर अपनी आमदनी में बढ़ोतरी कर सकते हैं।

डॉक्टर आरएस सेंगर ने बताया कि विश्वविद्यालय के बीज बिक्री केंद्र पर धान की विभिन्न उन्नत प्रजातियों जैसे कि पूषा बासमती -1, पूसा बासमती -6, आई एमपीआर पूषा बासमती -1, पूसा बासमती -15 0 9, 1 1 2 1, 1 718, 1885 तथा उच्च गुणवत्ता युक्त बीज बिक्री के लिए उपलब्ध है। इसके साथ ही उड़द एवं मूंग का भी बीज उपलब्ध है। यह बीज विश्वविद्यालय के पुराना परिसर स्थित बीज विक्रय केंद्र से प्रथम आओ और प्रथम पाओ के आधार पर प्राप्त किया जा सकता है। बीज की उपलब्धता व अन्य किसी जानकारी हेतु भी किसान संपर्क कर सकते हैं। विश्वविद्यालय में किसानों को बड़े पैमाने पर धान और मूंग का बीज बेचा जा रहा है निदेशक शोध डॉक्टर कमल खिलाड़ी ने बताया किसानों को नया बीज लेकर खरीफ की बुवाई करनी चाहिए, जिससे उनका उत्पादन अच्छा हो सकेगा।

# बाइक टकराने को लेकर युवक पर हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के समर गार्डन में बाइक में टक्कर मारने का विरोध करना एक युवक को भारी पड़ गया। बाइक पर सवार तीन दबंगो ने युवक महिला व युवक के साथ मारपीट कर दी। शोर शराबा होने पर लोग दौड़े तो दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए घायलों ने थाने पहुचकर दबंगो के खिलाफ शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की माग की है पुलिस ने दबंगो की तलाश शुरू कर दी है।



थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के शौकीन गार्डन का रहने वाला सुहैल शनिवार में अपनी मामी के साथ रिश्तेदारी में जा रहे थे जब समर गार्डन अनवर मार्किट के पास पहुचे इसी दौरान पीछे से आ रहे तीन बाइक सवार दबंगो ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिसका सोहेल ने विरोध किया तो दबंगों ने उसके और उसकी मामी के साथ मारपीट शुरू कर दी। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग दौड़े तो दबंग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। इस दौरान सुहेल और उसकी मम्मी घायल हो गए घायलों ने लिसाड़ी गेट थाने पहुंचकर अज्ञात हमलावरों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। पुलिस ने घायल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने आसपास में लगे कैमरे की फुटेज से दबंगों की तलाश शुरू कर दी है।

# जोश, जुनून और नई शुरुआत: कपिल यादव ने संभाली यूथ कांग्रेस गाजियाबाद की कमान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** कांग्रेस कार्यालय पर एक उत्साहपूर्ण माहौल के बीच कपिल यादव ने जिला अध्यक्ष, यूथ कांग्रेस गाजियाबाद के रूप में शपथ ग्रहण की। समारोह में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता और युवा नेता मौजूद रहे, जिन्होंने नए नेतृत्व के प्रति अपना विश्वास जताया।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व लोकसभा प्रत्याशी श्रीमती डॉली शर्मा ने कपिल यादव को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हाईकमान द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी को वह पूरी निष्ठा और ऊर्जा के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा, 'कपिल मेरा छोटा भाई है, मुझे विश्वास है कि वह गाजियाबाद में यूथ कांग्रेस को नई मजबूती देंगे। मैं हर कदम पर उनके साथ खड़ी रहूंगी।' कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व महानगर अध्यक्ष नरेंद्र भारद्वाज ने की, श्री भारद्वाज ने अपने संबोधन में कपिल यादव पर भरोसा जताते हुए कहा कि संगठन को जहां भी उनकी जरूरत होगी, वह पूरी मजबूती से उनके साथ खड़े रहेंगे और यूथ कांग्रेस को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहयोग करेंगे।

पूर्व मंत्री श्रीमती दीपा कौल ने वर्तमान परिस्थितियों का जिक्र करते हुए कहा कि देश को सही दिशा देने में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, 'युवा ही देश और कांग्रेस की असली ताकत हैं, और वही भविष्य को दिशा देंगे।' कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी विजयपाल चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि गाजियाबाद में यूथ कांग्रेस अब एक बेहतर विकल्प के रूप में उभरेगी और आने वाले समय में युवाओं की मजबूत टीम तैयार की जाएगी।

पूर्व महानगर अध्यक्ष यूथ कांग्रेस अमित यादव ने कहा कि अब जिला यूथ कांग्रेस पूरे गाजियाबाद में कांग्रेस का परचम लहराने के लिए पूरी ताकत से काम करेगी। इस अवसर पर सोनल नागर, पूनम पंडित, डॉ. संजीव शर्मा, विजय चौधरी, ब्रह्म खलीफा पहलवान, दिनेश कौशिक, सुनील चौधरी, शाकिर अली, अभिषेक गोयल, अजय शर्मा (पार्षद), बलराज सिंह चावड़ा (प्रदेश सचिव), विक्की शर्मा, भारत लाल, शादाब अब्बासी (महानगर अध्यक्ष यूथ कांग्रेस), अंबुज शर्मा (विधानसभा अध्यक्ष यूथ), आसिफ इकबाल (प्रवक्ता यूथ), राहुल शर्मा, अरविंद गौतम, दीपक गुड्डू पिलखुआ, सिराजुद्दीन, सचिन चौधरी, कामिनी शर्मा, अमित भारद्वाज, गौरव कौशिक, प्रशांत शर्मा, रोहित मलिक, संदीप भाटी, हरीश गोयल, सलमान मंसूरी (जिला अध्यक्ष एनएसयूआई), देव राजपूत, उदय नागर, संध्या, श्रुति कुमारी (प्रदेश उपाध्यक्ष यूथ कांग्रेस), आरिफ इस्लाम और इमरान आदिल चौधरी (महानगर अध्यक्ष ओबीसी) सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# ठेकेदार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग

## पैसा लेकर काम न करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** मौहल्ला हवेलीतला निवासी मुफ्ती उवैस अहमद पुत्र स्व. रईस अहमद ने एसपी को भेजे प्रार्थना पत्र में कहा है कि उन्होंने अपने आशियाना कालोनी नजीबाबाद में स्थित एक मकान का निर्माण कराने के लिए 130 रूपए स्कवायर फिट के हिसाब से मौहल्ला निवासी महबूब अहमद ठेकेदार को निर्माण कराने को 1 सितम्बर 2024 को ठेका दिया था। इस कार्य के लिए उन्होंने ठेकेदार को करीब 9 लाख रूपए कैश दे दिये थे। जिसके बाद ठेकेदार ने कुछ निर्माण करा दिया है। बाद में ठेकेदार ने उनका काम बीच में छोड़ दिया जिससे उन्होंने विवश होकर अपना काम दूसरे ठेकेदार से कराया। अब उक्त ठेकेदार उनके पैसे नहीं लौटाना चाहता, अगर वह पैसे मांगने जाते है तो उनके साथ गाली-गलौच व मारपीट कर धमकी देता है। ठेकेदार की धमकी से उनमें व उनके परिवार वालों में डर का माहौल बना हुआ है। पीड़ित ने कहा कि ठेकेदार की नीयत में खोट आ गई है।

# मोदीनगर में सपा के कार्यक्रम में शामिल हुए पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

मोदीनगर। एम.एम. डिग्री कॉलेज के सभागार में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश महासचिव (पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ) गिरीश मथुरिया सैन के नेतृत्व में किया गया, जबकि संचालन पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति द्वारा किया गया।



अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्यामलाल पाल जी ने वर्तमान भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह सरकार जनता के भरोसे पर खरी नहीं उतरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब सरकार अपने ही लोगों को न्याय दिलाने में असफल है, तो आम जनता को न्याय कैसे मिल पाएगा।

वहीं डॉ. राजपाल कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव जी के आह्वान पर पीडीए समाज तेजी से एकजुट हो रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 2027 में प्रदेश में पुनः समाजवादी सरकार का गठन होगा, जो विकास और सामाजिक न्याय को नई दिशा देगी। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को और मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री रामकिशोर अग्रवाल, जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, प्रदेश सचिव कालूराम धामा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा रुहेला, विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत धामा, सिकंदर यादव, बोबी सैन,सुरेंद्र त्यागी, प्रदीप शर्मा, बबलू उपाध्याय, राजदेवी चौधरी, महिला जिला अध्यक्ष दुर्गेश, कमलेश चौधरी, ललित गुर्जर, मनीष बंसल, विक्की ठाकुर, अंकित गुर्जर, यूसुफ खान, महक सिंह जाटव, राहुल सैन, राहुल चौधरी, अजय रुहेला, विपिन रुहेला, रामनिवास रुहेला, फैजान अंसारी, फैसल, अभिषेक, शौरभ अग्रवाल, सुशील शर्मा, सागर यादव सहित सैकड़ो गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मोदीनगर शटलर्स द्वारा बैडमिंटन टूर्नामेंट का सफल आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मोदीनगर शटलर्स ग्रुप द्वारा आज हिट एन फिट बैडमिंटन अकादमी, मोदीनगर में एक भव्य बैडमिंटन टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। 20 खिलाड़ियों ने टूर्नामेंट में हिस्सा लिया जिसमें फाइनल मुकाबले में अमित मलिक और सनी चौधरी (सैंडी) की जोड़ी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। वहीं, सुमित गुप्ता और अंकुश त्यागी की टीम उपविजेता रही। इस प्रतियोगिता में शोभित गुप्ता, आशु अग्रवाल, लिबिन, सुमित चौधरी, अनमोल, शुभम, अजय मलिक, अनिल नैन, डॉ. अभिषेक चौधरी, डॉ. निहार मित्तल, प्रियंक, रिदम, अंकित, विशाल, वैभव अग्रवाल और अनुज चौधरी सहित कई खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपने खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोदीनगर के चेयरमैन विनोद वैशाली एवं हिट एन फिट बैडमिंटन अकादमी के संचालक वरुण गुप्ता ने विजेताओं एवं उपविजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। टूर्नामेंट का आयोजन सुव्यवस्थित तरीके से किया गया, जिससे सभी खिलाड़ियों और दर्शकों को एक यादगार अनुभव प्राप्त हुआ। आयोजकों ने भविष्य में भी ऐसे खेल आयोजनों को जारी रखने की बात कही।

# निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन 3 मई को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय व्यापार मंडल गजप्रस्थ की बैठक का आयोजन राष्ट्रीय व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष बालकिशन गुप्ता की अध्यक्षता तथा डॉक्टर तापस पाल के संचालन में संपन्न हुई बैठक में राष्ट्रीय व्यापार मंडल द्वारा आयोजित व्यापारी सम्मेलन एवं सम्मान समारोह को शानदार तरीके से संपन्न कराने के लिए राष्ट्रीय व्यापार मंडल के समस्त पदाधिकारी एवं सहयोग प्रदान करने के लिए सभी पत्रकार बंधुओ का हृदय की गहराई से आभार प्रकट किया गया और धन्यवाद प्रकट किया गया राष्ट्रीय व्यापार मंडल के सौजन्य से कृष्णा फाउंडेशन कोरेक फिजियो केयर द्वारा सेरेब्रल पॉलिसी एवं विकलांग बच्चों की हड्डी से संबंधित रोगों के लिए विशेषज्ञ डॉक्टरो द्वारा निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन केजी 35 कवि नगर गजप्रस्थ पर करने का निर्णय लिया गया उद्घाटन नरेंद्र कश्यप प्रदेश सरकार मंत्री द्वारा किया जाएगा। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी एवं सम्मानित आमंत्रित अतिथिगण रहेंगे। राष्ट्रीय व्यापार मंडल पदाधिकारियो ने शिविर का लाभ उठाने की अपील की। बैठक में मुख्य रूप से बालकिशन गुप्ता डा तपस पाल पंडित अशोक भारतीय संदीप त्यागी रसम लायन संजीव गर्ग संजय शर्मा संजु गुप्ता बी के एस पाल वीरेन्द्र कंडेरे शंकर आदि उपस्थित रहे।



# सपा द्वारा पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मोदीनगर स्थित एम.एम. डिग्री कॉलेज के सभागार में समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए जनसंवाद कार्यक्रम का भव्य आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजपाल कश्यप उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का आयोजन प्रदेश महासचिव (पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ) गिरीश मथुरिया सैन के नेतृत्व में किया गया, जबकि संचालन पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय सचिव रमेश प्रजापति द्वारा किया गया। अपने संबोधन में मुख्य अतिथि श्यामलाल पाल जी ने वर्तमान भाजपा सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि यह सरकार जनता के भरोसे पर खरी नहीं उतरी है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब सरकार अपने ही लोगों को न्याय दिलाने में असफल है, तो आम जनता को न्याय कैसे मिल पाएगा। वहीं डॉ. राजपाल कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के आह्वान पर पीडीए समाज तेजी से एकजुट हो रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि 2027 में प्रदेश में पुनः समाजवादी सरकार का गठन होगा, जो विकास और सामाजिक न्याय को नई दिशा देगी। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



सभी ने संगठन को और मजबूत करने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष फैसल हुसैन, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, प्रदेश सचिव कालूराम धामा, रामकिशोर अग्रवाल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य कृष्णा रुहेला, विधानसभा अध्यक्ष देवव्रत धामा, सिकंदर यादव, बोबी सैन,सुरेंद्र त्यागी, प्रदीप शर्मा, बबलू उपाध्याय, राजदेवी चौधरी, महिला जिला अध्यक्ष दुर्गेश, कमलेश चौधरी, ललित गुर्जर, मनीष बंसल, विक्की ठाकुर, अंकित गुर्जर, यूसुफ खान, महक सिंह जाटव, राहुल सैन, राहुल चौधरी, अजय रुहेला, विपिन रुहेला, रामनिवास रुहेला, फैजान अंसारी, फैसल, अभिषेक, शौरभ अग्रवाल, सुशील शर्मा, सागर यादव सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# आध्यात्मिक प्रवचन, ध्यान एवं शंका समाधन सत्र हर्षोल्लास से सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आर्य समाज समर्पण शोध संस्थान राजेन्द्र नगर साहिबाबाद मे रमेश आर्य की अध्यक्षता मे आध्यात्मिक प्रवचन, ध्यान एवं शंका समाधन सत्र हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। आर्य जगत के सुप्रसिद्ध भजनोपदेशक आचार्य ओमपाल शास्त्री, मास्टर विजेन्द्र आर्य एवं प्रवीण आर्य आदि गायकों के ईश भक्ति गुणगान को सुनकर श्रोता मंत्र मुग्ध हो गए।



स्वामी विवेकानंद परिव्राजक (निर्देशक: दर्शन योग महाविद्यालय, रोजड़,गुजरात) का आर्य समाज समर्पण शोध संस्थान की ओर से स्वामी विवेकानन्द परिव्राजक को बुके देकर सम्मानित किया गया। स्वामी जी ने उपस्थित धार्मिक जनों की विभिन्न शंकाओं समाधान,बहुत ही सरल भाषा में उनको समझा कर संतुष्ट किया। अंत में स्वामी जी ने वैदिक मंत्र ओम् न्यायकारी,ओम आनन्दः और गायत्री मंत्र के माध्यम से निराकार सर्वशक्तिमान सर्वव्यापी सृष्टिकर्ता न्यायकारी आनन्दस्वरूप ईश्वर का ध्यान भी कराया।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के प्रदेश अध्यक्ष योगी प्रवीण आर्य ने त्रेतवाद के सिद्धांथ की विस्तृत चर्चा की ओर कहा कि ध्यानयोग के ऐसे सत्र निरंतर सर्वत्र होते रहने चाहिएं जिससे मानव जीवन में मनोयोग और एकाग्रता से कार्य करने की क्षमता बढ़ती है तथा आत्मिक तथा मानसिक शक्तियों का विकास होता है।

इस अवसर पर के के यादव, देवेन्द्र आर्य (आर्य बंधु) ने भी अपने विचार रखे।

मुख्य रूप से डा प्रमोद सक्सेना, राज कुमार आर्य, आशा आर्या, वेद प्रकाश शास्त्री, यज्ञवीर चौहान, ऋतम आर्य,राकेश आर्य, अमिता आर्य,कविता राठी आदि उपस्थित रहे। मंच का कुशल संचालन कर रहे जिला मंत्री सुरेश आर्य ने सभी आगंतुकों का धन्यवाद व्यक्त किया।

सीएसएचपी पब्लिक स्कूल के छात्रों का संसद भ्रमण

# लोकतंत्र की कार्यप्रणाली से हुए अवगत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सी.एस.एच.पी पब्लिक स्कूल प्रताप विहार के छात्रों ने अपने शिक्षकों के साथ शैक्षणिक भ्रमण के तहत संसद भवन का दौरा किया। इस विशेष यात्रा का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था, संसदीय कार्यप्रणाली और कानून निर्माण की प्रक्रिया से अवगत कराना था। इस दौरान छात्रों ने संसद के विभिन्न हिस्सों को देखा और जाना कि किस प्रकार देश के महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं। शिक्षकों ने भी विद्यार्थियों को संसद की कार्यप्रणाली, सांसदों की भूमिका और संविधान के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।



छात्रों के लिए यह अनुभव अत्यंत ज्ञानवर्धक और प्रेरणादायक रहा। उन्होंने देश के लोकतंत्र को करीब से समझा और अपने अधिकारों एवं कर्तव्यों के प्रति जागरूकता प्राप्त की। विद्यालय की निदेशिका सविता गुप्ता , प्रधानाचार्या ममता शर्मा ने विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना की। विद्यार्थियों ने भी इस अवसर के लिए धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इसे अपने जीवन का एक महत्वपूर्ण अनुभव बताया।



**गाजियाबाद। कश्यप उत्थान सेवा समिति के द्वारा महर्षि कश्यप जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के सभी जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ सेवा संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।**

# राष्ट्रीय लोकदल द्वारा मासिक बैठक का किया गया आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल कार्यालय पर मासिक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने की व संचालन क्षेत्रीय महासचिव अरुण चौधरी भुल्लन ने किया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के द्वारा किए जा रहे कार्य एवं पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचने पर विचार विमर्श किया गया।

जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने ब्लॉक लेवल पर सम्मेलन वह बूथ लेवल तक कमेटी गठित करने के निर्देश दिए। इस मौके पर रामपाल चौधरी ने वरिष्ठ लोकदल नेता पूर्व सांसद के सी त्यागी जी के



स्वागत के कार्यक्रम का भी प्रस्ताव रखा जिसका सभी कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया । इस मौके पर चौधरी तेजपाल सिंह व कुंवर अयूब अली ने बताया कै सी त्यागी भारत की राजनीति में बड़ा नाम है जिन्होंने चौधरी चरण सिंह की विचारधारा को आगे बढ़ने का कार्य किया है व पूरा जीवन चौधरी चरण सिंह के बताए हुए मार्ग पर चलने का कार्य कर रहे हैं।

इस मौके पर वरिष्ठ नेता सत्येंद्र तोमर व एडवोकेट अजय वीर सिंह ने चौधरी चरण सिंह जी व कै सी त्यागी के पूर्व के समय को याद करते हुए कै सी त्यागी के भव्य स्वागत के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए । चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा की सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर राष्ट्रीय लोक दल की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना पड़ेगा तभी हमारी 2027 विधानसभा के चुनाव में रालोद की बड़ी सहभागिता मिलेगी।

इस मौके पर रामपाल चौधरी जिला अध्यक्ष, चौधरी तेजपाल सिंह, चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, अय्यूब अली एडवोकेट, अजयवीर एडवोकेट, अजय पाल प्रमुख, अमरीश त्यागी, हिमांशु नागर, अरुण धैया, सत्येंद्र तोमर, सुमन चौधरी, राखी संधू, राशि उपाध्यक्ष, देविंद्र चौधरी, हिमांशु तेवतिया, आलोक चौधरी, मनोज त्यागी, मनोज राठी, बिट्टू खंजरपुर, संजीत नेहरा, योगेश फफराना, रणजीत सिंह तेवतिया, मुनींद्र बिल्ला, शांतनु त्यागी, हिमांशु तेवतिया, मोहम्मद जुनेद, फहीम कुरैशी, मनीष जांगरा, इंद्रपाल कसाना, विपिन तोमर, इमरान इलाही, वीर सिंह सलेमाबाद, नीरज सेहरावत, आलोक चौधरी, कासिम, संजय त्यागी, मोमिन अल्वी, राहुल कुमार, ऋषभ शर्मा, शाहरुख खान, विकास नरेश, राजेंद्र सिंह, सचिन त्यागी, सतीश राठी, नरेश पाल तोमर आदि लोग सैकड़ो की संख्या में उपस्थित रहे।

# डयूटी के दौरान शहीद हुए जवान सोहित चौहान

## अरुणाचल प्रदेश में चीन सीमा पर चल रहे थे तैनात, पूरे गांव में दौड़ी शोक की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** क्षेत्र के गांव लूम्ब निवासी सोहित चौहान पुत्र मोहर सिंह 23 वर्षीय जो भारतीय सेना की 3 ग्रेनेडियर रेजीमेंट में अग्निवीर के पद पर तैनात थे, अरुणाचल प्रदेश में चीन सीमा क्षेत्र पर डयूटी के दौरान शहीद हो गए। घटना की सूचना मिलते ही गांव समेत पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सीमा क्षेत्र में मौसम अचानक खराब हो गया था। तेज आंधी और तूफान के बीच एक बड़ा पेड़ टूटकर सोहित चौहान के ऊपर गिर गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। सेना के अधिकारियों और जवानों ने तत्काल राहत कार्य करते हुए उन्हें उपचार के लिए पहुंचाया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उनकी जान नहीं बच सकी और उन्होंने वीरगति प्राप्त कर ली। शहीद होने की सूचना जैसे ही गांव लूम्ब पहुंची, परिवार में कोहराम मच


मृतक का फाइल फोटो

गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीण बड़ी संख्या में शहीद के घर पहुंचकर परिवार को सांत्वना दे रहे हैं। पूरे गांव में गमगीन माहौल बना हुआ है। बताया गया कि सोहित चौहान वर्ष 2023 में भारतीय सेना में भर्ती हुए थे। कम समय में ही उन्होंने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन से अधिकारियों व साथियों के बीच अलग पहचान बनाई थी। वह देश सेवा के प्रति पूरी तरह समर्पित थे। शहीद के परिवार में माता-पिता, एक बहन



और दो भाई हैं। बड़े भाई मोहित चौहान की रविवार को यूपी पुलिस ट्रेनिंग पूर्ण होने के बाद बिजनौर में पासिंग आउट परेड थी। परिवार बड़े बेटे की सफलता की खुशी मनाने की तैयारी कर रहा था, लेकिन छोटे बेटे के शहीद होने की खबर ने सारी खुशियां मातम में बदल दीं।

## गांव में बंदरों ने आतंकः परेशान गांव वासियों ने की बंदरों के झुंड़ को पकड़वाने की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** तहसील क्षेत्र के जागौश गांव में यमुना नदी के किनारे हरियाणा की तरफ से गाड़ी भर के अज्ञात लोग हरियाणा के ग्रामीण बंदरों को छोड़कर रात के समय में फरार हो गए। इन बंदरों का झुंड गांव की तरफ कुच कर गया अब इन बंदरों ने गांव के लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। ग्रामीण इन बंदरों के झुंडों से बेहद काफी परेशान है। गांव के लोगों ने इन बंदरों के झुंडों को पकड़वाने की मांग की है। गांव में कहर मचा रहे यह बंदर इतनी खतरनाक हो रहे हैं कि लोगों का गली-गली में आना जाना इन बदरों ने मुश्किल कर दिया है। इन्होंने गांव के कई लोगों को काट भी लिया है। इन खतरनाक बंदरों को पकड़ने के लिए गांव के लोगों ने जिला अधिकारी से मांग करते हुए कहा कि यह बंदर बहुत ही खतरनाक है जब गली में महिलाएं या बच्चे निकलते हैं तो यह बंदर बच्चों का भी पीछा करने लगे हैं। इन बंदरों ने लोगों को अपने मकान की छत पर चढ़ना भी दुश्वार कर दिया है गांव के रमेश कश्यप बीडीसी कि हरकेश कश्यप दिनेश कश्यप सुमित शर्मा जनेश्वर शर्मा अनिल शर्मा पप्पू नरेंद्र कुमार प्रवीण कुमार रमेश वाल्मीकि राजेश वाल्मीकि आदि लोगों ने कहा कि इन बंदरों के झुंडों को पकड़वाया जाए।

## गंदा बदबूदार जहरीला पानी पीने को मजबूर लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के वार्ड नंबर 21 में नागरिक गंदा बदबूदार जहरीला पानी पीने को हुए मजबूर यहां पानी मजबूरी में बर्तन साफ करने खाना बनाने नहाने में कपड़े धोने में हो रहा है, यहां भारी तादाद में लोग बीमारी की चपेट में आ सकते हैं। इसे नागरिकों में जल प्रदूषण से संक्रामक रोग फैलने का खतरा भी बना हुआ है, मगर इसमें नगर पालिका परिषद बोर्ड लापरवाही उजागर हो रही है।

नगर पालिका को पूर्व में भी कई बार सूचना दी गई, मगर इस पर कोई भी विचार अब तक नहीं पैदा हुआ। अगर इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो शिक्षक नेता वरिष्ठ समाजसेवी मास्टर जितेन्द्र सिंह तोमर के नेतृत्व में नगर पालिका परिषद के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया जाएगा, जब तक समस्या का समाधान नहीं होता तब तक तहसील परिषद से धरना समाप्त नहीं होगा। नगर के बिजेंद्र सिंह रवि तोमर कृष्ण पाल आजाद सिंह महिपाल सिंह जीत सिंह कश्यप स्वर्णपाल जोगीराम आदि नागरिकों ने नगर पालिका को सख्त चेतावनी दी है कि चाहे तो समस्या



का समाधान करें या फिर धरने प्रदर्शन झेलने को तैयार रहे। सभी नागरिकों ने कहा कि इस समस्या का समाधान करने को लेकर जिलाधिकारी से भी शिकायत दर्ज की जाएगी।

## बिजली आपूर्ति ठप रहने से ग्रामीणों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** चमरावल बिजली घर से जुड़े आधा दर्जन गांव में रात्रि आठ घंटे तक बिजली न आने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। ग्रामीणों नें बिजली विभाग के खिलाफ जमकर प्रर्दशन किया और फाल्ट ठीक कराने की मांग की है।

चमरावल बिजली घर से जुड़े मंसुरपुर, चमरावल, हरसिया, ललियाना आदि गावों में रात्रि दस बजें से सुबह तक बिजली आपूर्ति ठप रही जिससे रात भर ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ललियाना के अरूण, मंसुरपुर के मनोज ने बताया कि रात भर बिजली आपूर्ति ठप रही। वह बार बार बिजली कर्मचारीयो को मोबाइल फोन पर फोन करते रहे, लेकिन किसी ने फोन नही उठाया जिससे गर्मी के चलते ग्रामीण रात भर परेशान रहे और सुबह जमकर हंगामा करते हुए बिजली विभाग के खिलाफ प्रर्दशन किया। हालकि सुबह के समय बिजली सुचारू रूप से शुरु कर दी गयी जई अमित राणा नें बताया की देर रात पांची में 33 हजार के केविल में फाल्ट होने के कारण विघुत आपूर्ति ठप रही जो



कर्मचारी भेज कर ठीक करा आपूर्ति चालू कर दी गयी है।

## एक नजर

### भयंकर गर्मी से हुई लोगों की हालत खराब



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** बढ़ती गर्मी खेतों में काम कर रहे मजदूरों पर आफत बनकर टूट रही है। गर्मी के कारण आम जनजीवन पूरी तरह प्रभावित हो चुका है। लूं के थपोड़े से हर एक व्यक्ति परेशान नजर आ रहा है। सुबह से ही तेज धूप और दोपहर तक लूं के थपोड़े है। शहर के प्रमुख बाजारों और सड़कों पर सन्नाटा नजर आने लगा है। जरूरी काम से ही लोग घरों से बाहर निकल रहे हैं। सड़कों पर भी सन्नाटा छा जाने से वाहन लेकर चलने वाले लोग परेशान हैं। गर्मी के कारण व्यापारिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही है। शहर के प्रमुख बाजार मार्केट बंदी जैसे नजर आ रहे हैं। कोर्ट कचहरी दीवानी कलेक्ट्रेट में भी सन्नाटा छाया हो गया है ।ध्याड़ी पर काम करने वाले मजदूर रेहडी पर कार्य करने वाले ई रिक्शा चालक मजदूरी करने वालों पर भी गर्मी का बेहद प्रकोप फैला हुआ है। सड़क किनारे पटरी लगाने वाले मजदूर कहीं भी नजर नहीं आ रहे हैं। जो सार्वजनिक स्थानों के आसपास दैनिक मजदूर कार्य कर रहे थे मैं भी सब छुट्टी कर अपने घर की तरफ रवाना हो गए क्योंकि गर्मी इतनी अधिक है कि लोगों की प्यास बुझनी भी मुश्किल हो गई है। जगह-जगह शॉर्ट सर्किट होने से दुकानों में भी आग लग रही है। सड़कों पर चलने वाले वहां आज का गोला बनाकर जल रहे हैं। इस सप्ताह दर्जन पर सड़कों पर वाहनो में आग लग चुकी है। सड़क किनारे रोजाना कमाने वाले परिवारों के सामने आर्थिक संकट भी गहराने लगा है। वर्तमान में देखा जाए तो एनसीआर क्षेत्र इस समय सबसे अधिक गर्मी की चपेट में है। गर्मी और लोगों का प्रकोप लगातार बढ़त बनाए हुए हैं आज का तापमान लगभग 42 डिग्री सेल्सियम तक पहुंच गया चिकित्सकों का कहना है कि ब्लू और गर्मी से बचने के लिए अधिक से अधिक पानी पीने का काम किया जाए। सरल पदार्थ का सेवन करें तथा पक्ष और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखें। दोपहर के समय सड़कों पर वाहनों की आवाजाही कम करें।

## रटौल लोनी मार्ग पर अनियंत्रित होकर पलटी कार, दो घायल





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खेकड़ा शादी में स्कारपियो गाड़ी से जा रहे सात युवक की गाड़ी रटौल लोनी मार्ग पर गेट के समीप अनियंत्रित होकर आम के बाग में पलट गयी जिसमें दो युवकों को चोटे आयी है। वही मौकें पर भारी भीड़ इकट्ठा हो गयी। घायलों को उपचार के लिए चिकित्सक के यहा भर्ती कराया गया है।

रटौल निवासी फारूक के पुत्र सुऐल की रविवार शादी थी उसकी बारात रटौल से खेकड़ा गयी थी बारात में सुऐल के दोस्त और बराती अनस पुत्र जब्बार, सलमान पुत्र हसमत, वसीम पुत्र जब्बार, फरहान पुत्र वकील, सादाब पुत्र नवाब, सुफियान पुत्र जाहिद और स्कारपियो चालक फरमान गाड़ी से खेकड़ा बारात में रटौल लोनी मार्ग से जा रहे थे जैसे ही वह रटौल अल्लाह बंदी के कुए के पास गेट के समीप पहुंचे तो तेज गति की स्कारपियो सड़क से पलटती हुई आम बाग में पेड़ से जा टकरायी राहगीरों ने देखा तो भागकर वहा पहुचें और गाड़ी में से सभी को बाहर निकाला गनीमत यह रही की आम बागान मे पानी भरा था जिससे गाड़ी में मौजूद युवकों को मामूली चोटे आयी जबकि फरमान और सुफियान को गम्भीर चोटे आयी है जिन्हें चिकित्सक के यहा भर्ती कराया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौकें पर पहुंच गयी। वही भीड़ भी जमा हो गयी एक्सीडेंट देख लोगो ने बताया कि गाड़ी घुमते हुए पलटी खाकर आम बाग में पेड़ से टकरायी है जो खत्म हो चुकी है, कस्बें के लोगो ने बताया की इसी स्थान पर शनिवार सुबह दो किशोरो की दुर्घटना में मौत हुई थी जिसे देख लोग तरहा तरहा की चर्चा में लगे है।

## संस्कार शिविर है बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उत्तम मार्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के आर्य प्रतिनिधि सभा के द्वारा चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल में जून माह मे आयोजित होने वाले आवासीय संस्कार शिविर के लिए शिविर स्थल पर शिविर के पोस्टर का विमोचन डा.तरुण के द्वारा किया गया।

संस्कार शिविर के पोस्टर विमोचन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैंसर स्पेशलिस्ट डा.तरुण तोमर ने कहा संस्कार शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उत्तम मार्ग है। उन्होंने कहा कि अच्छे संस्कारों से ही समाज एवं राष्ट्र की उन्नति होती है तथा उच्च विचारों का जीवन में समावेश होता है। वर्तमान जीवन शैली में संस्कार शिविर विद्यार्थियों के लिए चरित्र निर्माण का एक उत्तम मार्ग है। हमारे विद्यार्थी सादा जीवन उच्च विचार की विदुषी जीवन शैली अपनाएं। आर्य प्रतिनिधि सभा के मंत्री रवि शास्त्री ने बताया आवासीय शिविर में आधुनिक चकाचौंध में राह भटकी नव पीढ़ी को तराश कर उसके बहुमुखी विकास हेतु प्रातः जागरण, यज्ञ, ध्यान, प्राणायाम के अलावा आत्म रक्षार्थ जूडो कराटे, लाठी तलवार आदि सामान्य शस्त्र विद्या के प्रशिक्षण के अतिरिक्त राष्ट्र धर्म व संस्कृति का ज्ञान करना हमारा उद्देश्य है। राष्ट्र से बड़ा कुछ नहीं होता है। इस अवसर पर डा.मनीष तोमर, धर्मपाल त्यागी, कपिल आर्य, डा.गीतांजलि तोमर, डा. शस्या तोमर, रामपाल तोमर, मंजू, नीरा, प्रियांशी, अंजलि, आकांक्षा, तानिया आदि उपस्थित रहे।

## पुलिस उपमहानिरीक्षक ने किया ऐतिहासिक लाक्षागृह का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** पुलिस उपमहानिरीक्षक सुरेश्वर ने रविवार को बरनावा पहुंचकर महाभारत कालीन ऐतिहासिक लाक्षागृह का निरीक्षण किया और उससे जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

दरअसल, उपमहानिरीक्षक सुबह बागपत पुलिस लाइन में परेड की सलामी लेने पहुंचे थे। इसके बाद मेरठ जाते समय उन्होंने ऐतिहासिक स्थल लाक्षागृह देखने का निर्णय लिया और सीधे बरनावा पहुंच गए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने महाभारत काल से जुड़े विभिन्न स्थलों का बारीकी से अवलोकन किया। इसमें ऐतिहासिक टीला, संस्कृत महाविद्यालय, कृष्णा-हिंडन नदी संगम स्थल, महाभारत कालीन गुफा और गौशाला शामिल रहे।



अधिकारियों से उन्होंने इन स्थलों के इतिहास, संरक्षण और वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान सुरक्षा और पर्यटन की संभावनाओं को लेकर भी चर्चा की गई। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ऐतिहासिक धरोहर के संरक्षण और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। लाक्षागृह परिसर का निरीक्षण करने के बाद उपमहानिरीक्षक पास स्थित प्राचीन पूरा महादेव मंदिर के दर्शन के लिए रवाना हो गए।

## लोगों का आरोपः बिजली का खंबा बना जान का खतरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शहर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला मुगलपुरा एकता कॉलोनी से एक हैरान करने वाला एक मामला सामने आया है जहां काफी समय से लोहे के विघुत पोल की समस्या से झूज रहे मौहल्ले वासियों ने एक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर विघुत विभाग की लापरवाही उजागर की है।

रविवार को मौहल्ला मुगलपुरा एकता कॉलोनी में लोगों ने विघुत विभाग के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि मौहल्ले में एक लोहे का विघुत पोल है जो काफी समय से बुरी तरह जर्जर हो गया है और लोगों के लिए खतरा बना हुआ है जिसमें निरंतर करंट उतरा रहता है। बताया कि विभाग द्वारा लोहे के पोल की साईड में सिमेंट का



पोल लगाया गया था, लेकिन महीने बीत जाने के बाद भी लाईन को नए पोल पर शिफ्ट नही किया गया है। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि लोहे के पोल की चपेट में आकर 3-4 कुत्ते व 2 भेंसे दम तोड़ चुकी है ओर कई बच्चों को भी करंट लग चुका है।

उन्होने कहां कि प्रशासन और स्थानीय जेई को समस्या से बार-बार अवगत कराने के बाद भी आज तक कोई समाधन नही हुआ है। लगता है की प्रशासन और विघुत विभाग अभी किसी ओर बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। संसाधनो की उपलब्ध्ता होने के बाद भी लाईन शिफ्ट न करना विघुत विभाग की घोर लापरवही को उजागर करता है। इस दौरान मौहल्ले वासियों ने 24 घंटे के भीतर झुके हुए लोहे के पोल से लाइन हटाकर सीमेंटेड पोल पर चालू करने व जर्जर तारों को बदलने की मांग की है।

## दिल्ली- देहरादून कॉरिडोर पर प्रतिबंधित वाहनों का इस्तेमाल लगातार जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली- देहरादून कॉरिडोर पर प्रतिबंधित वाहनों का इस्तेमाल लगातार जारी है। नियमों के उल्लंघन के बावजूद, मोटरसाइकिल, ट्रैक्टर और तिपहिया वाहन चालक अपनी जान जोखिम में डालकर इस एलिवेटेड रोड पर यात्रा कर रहे हैं। इन वाहनों की तेज रफ्तार और सुरक्षा को देखते हुए कॉरिडोर पर इनके संचालन पर प्रतिबंध लगाया गया है।

यह स्थिति विशेष रूप से बागपत के मवीकलां से दिल्ली की ओर जाने वाले क्षेत्र में देखी जा रही है। कॉरिडोर पर मोटरसाइकिलें बड़ी संख्या में दौड़ती नजर आ रही हैं, जबकि इन पर प्रतिबंध है। जल्दबाजी के चक्कर में कई वाहन चालक एलिवेटेड रोड पर प्रतिबंधित वाहन चला रहे हैं। दिल्ली-देहरादून कॉरिडोर पर प्रतिबंधित वाहनों के इस्तेमाल पर 20,000 रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। इसके बावजूद, नियमों का उल्लंघन जारी है और प्रतिबंधित वाहन धड़ल्ले से दौड़ते देखे जा सकते हैं। इस गंभीर मामले में जिम्मेदार अधिकारी फिलहाल कोई ठोस कार्रवाई करते नजर नहीं आ रहे हैं। देखना होगा कि इन वाहन चालकों पर कब तक और क्या कठोर कार्रवाई की जाती है ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।



## घिटोरा गांव में दौड़ प्रतियोगिता, अमन-संदीप ने जीते प्रथम स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** क्षेत्र के ग्राम घिटोरा में रविवार को एक दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जहां अमन और संदीप ने विभिन्न श्रेणियों में प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का नेतृत्व राहुल उर्फ भुल्लन और सचिन ने किया।

800 मीटर दौड़ में अमन ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि निखिल दूसरे और अक्षय तीसरे स्थान पर रहे। 1500 मीटर दौड़ में संदीप ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, किशोर ठाकुर दूसरे और सावन तीसरे स्थान पर रहे।

रिले दौड़ में भी संदीप ने पहला स्थान जीता, साहिल दूसरे और सुमित तीसरे स्थान पर रहे। स्पेशल दौड़ के विजेता सागर रहे। प्रतियोगिता के समापन पर सभी विजेताओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित



किया गया। इस अवसर पर आचार्य आनंद बैसला ने दोपहर करीब 12:30 बजे उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी खेल प्रतियोगिताएं नियमित रूप से आयोजित होनी चाहिए। उन्होंने खेलों को युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया। आचार्य बैसला ने युवाओं में नशे और तंबाकू उत्पादों के बढ़ते रुझान पर चिंता व्यक्त की।

उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से युवाओं को गलत रास्ते पर जाने से रोका जा सकता है। मित्तल पहलवान और मास्टर विनोद ने भी युवाओं को खेलों के महत्व पर जोर देते हुए प्रेरित किया। इस दौरान रोहित मुखिया, आदेश बैसला, देवेंद्र बैसला, मास्टर सुल्तान सिंह, धर्मवीर बैसला, नवीन चौधरी, पिंटू बैसला, हर्ष बैसला, हरीश, रविंद्र, कालू, राजू बीडीसी और ललित पहलवान सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मातम जैसे माहौल में बदली शादि की खुशियां

## दूल्हा नशे में धुत्त होकर पहुंचा मंडप, स्टेज पर गिरते ही टूट गया रिश्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हर लड़की का एक सपना होता है कि उसकी धूमधाम से शादी हो, शहनाइयों के बीच विदाई हो और जीवनसाथी ऐसा मिले जो हर मुश्किल में साथ निभाए। लेकिन शनिवार की देर रात बुलंदशहर रोड स्थित ग्रीन वैली मैरिज होम में सजी एक शादी कुछ ही पलों में खुशियों से मातम जैसे माहौल में बदल गई। जयमाला से ठीक पहले दूल्हा स्टेज पर बेहोश होकर गिर पड़ा और इसके बाद जो हुआ, उसने दोनों परिवारों के रिश्ते ही नहीं, भरोसे को भी तोड़ दिया। मैरिज होम में रात को बारात पूरे उत्साह के साथ पहुंची थी। शहनाइयां बज रही थीं, मेहमान नाच-गा रहे थे और दोनों परिवारों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दे रही थी। दूल्हा चढ़त होने के बाद बग्गी से उतरा और सीधे स्टेज पर पहुंचा, जहां दुल्हन जयमाला के लिए उसका इंतजार कर रही थी।

दुल्हन पक्ष के अनुसार, दूल्हा स्टेज पर बैठा ही था कि करीब दो मिनट बाद अचानक चक्कर खाकर नीचे गिर पड़ा। देखते ही देखते उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों का आरोप है कि दूल्हे को दौरा पड़ा और उसका जबड़ा तक भींच गया। आनन-फानन में दूल्हे को हापुड़ के देवनंदिनी अस्पताल ले जाया गया, जहां उसका उपचार शुरू हुआ। अस्पताल में इलाज के दौरान दूल्हा लगातार उल्टियां करता रहा। इसी बीच शहर में एक बड़ी अफवाह फैल गई कि बुलंदशहर रोड पर दूल्हे को गोली मार दी गई है। सूचना




मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया और पुलिस तुरंत अस्पताल पहुंची। जांच में दूल्हा सही-सलामत मिला तो राहत की सांस ली गई। थोड़ी देर बाद दूसरी अफवाह फैल गई कि दुल्हन पक्ष ने दूल्हे के परिवार को मैरिज होम में बंधक बना लिया है। इस सूचना पर पुलिस फिर अस्पताल से मैरिज होम पहुंची। वहां पहुंचने पर पुलिस ने देखा कि दोनों पक्षों के बीच तीखी बहस और नोकझोंक चल रही थी। माहौल बेहद तनावपूर्ण था। पुलिस ने दोनों परिवारों को समझाकर शांत कराया। सुबह होते-होते दोनों पक्षों ने रिश्ता खत्म करने का फैसला कर लिया और शादी टूट गई। दुल्हन के पिता ने साफ शब्दों में कहा कि वह अब अपनी बेटी का रिश्ता इस परिवार में नहीं करना चाहते। उनका आरोप था कि दूल्हे की बीमारी और उसकी हालत के बारे में पहले से छिपाई गई। दुल्हन ने भी रोते हुए कहा कि उसकी पूरी जिंदगी बर्बाद हो गई। उसने बताया कि स्टेज पर दूल्हा अचानक बेहोश हो गया, उसे दौरे पड़ने लगे और तब उन्हें लगा कि उनसे बहुत बड़ी बात छिपाई गई थी। बताया गया कि दूल्हे के भाई ने आरोप लगाया कि दूल्हे ने पहले भी शराब का सेवन किया था। उन्होंने बताया कि सगाई के समय भी दूल्हा नशे में था, लेकिन परिवार ने इसे खुशी का माहौल समझकर नजरअंदाज कर दिया। शादी के दिन जब दूल्हा स्टेज पर पहुंचा तो वह पूरी तरह नशे में धुत था, जिसकी वजह से उसकी हालत बिगड़ी और उसे दौरा पड़ा। बिचौलिये ने बताया कि सगाई के दौरान भी दूल्हा शराब के नशे में कार्यक्रम में शामिल हुआ था और शादी के दिन भी वही स्थिति दोहराई गई। जयमाला से पहले स्टेज पर गिरने के बाद सारी सच्चाई सामने आ गई और अंततः शादी टूट गई। एक रात, जो खुशियों की गवाह बनने वाली थी, वह आरोपों, आंसुओं और टूटे रिश्तों की कहानी बन गई। दुल्हन की आंखों में बसे सपने उसी स्टेज पर बिखर गए, जहां उसे अपनी नई जिंदगी की शुरुआत करनी थी।

## अपराधियों पर शिकंजा, दुष्कर्म के केस में नामजद आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दुष्कर्म के अभियोग में वांछित चल रहे नामजद आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपित लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर था और उसकी तलाश लगातार की जा रही थी। पुलिस के अनुसार थाना बहादुरगढ़ में दर्ज बीएनएस के तहत आरोपित के खिलाफ मामला दर्ज था। मामले की गंभीरता को देखते हुए उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही थी। थाना बहादुरगढ़ पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए वैट कुटी रोड, ग्राम गंदूनंगला के पास से नामजद आरोपित को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपित की पहचान शादाब पुत्र हसरत निवासी ग्राम सलाई, थाना हापुड़ देहात, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। थाना प्रभारी का कहना है कि आरोपित के खिलाफ विधिक प्रक्रिया पूरी करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई जारी है।



# विश्व मलेरिया दिवस पर सिम्स का जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** विश्व मलेरिया दिवस 2026 के अवसर पर सरस्वती इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज के सामुदायिक चिकित्सा विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाकर मलेरिया के प्रति लोगों को सतर्क किया गया। मुकिमपुर स्थित ग्रामीण स्वास्थ्य प्रशिक्षण केंद्र क्षेत्र में आयोजित इस कार्यक्रम में स्थानीय लोगों को मलेरिया के कारण, लक्षण, बचाव और समय पर उपचार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यह अभियान प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डा. (ब्रिगेडियर) विनीत रस्तोगी के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जबकि इसका समन्वय सहायक प्रोफेसर-सह-सांख्यिकीविद्




शुभम कुमार शर्मा ने किया। कार्यक्रम के दौरान डा. अरशद हुसैन (वरिष्ठ रेजिडेंट) तथा एमबीबीएस छात्रों उस्बा खालिद, उर्वशी सैनी और थूबे रोहन ने प्रभावी स्वास्थ्य शिक्षा सत्रों के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक किया।

विशेषज्ञों ने बताया कि मलेरिया एक गंभीर लेकिन पूरी तरह से रोकी जा सकने वाली बीमारी है, बशर्ते समय रहते सावधानी बरती जाए। लोगों को बताया गया कि घरों और आसपास जमे हुए पानी को तुरंत हटाना, नियमित रूप से मच्छरदानी का उपयोग करना, साफ-सफाई बनाए रखना और बुखार आने पर तुरंत जांच कराना बेहद जरूरी है। मच्छरों के प्रजनन को रोकना ही मलेरिया नियंत्रण का सबसे प्रभावी तरीका है। स्थानीय समुदाय की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने इस अभियान को और प्रभावशाली बना दिया। यह कार्यक्रम इस वर्ष की वैश्विक थीम मलेरिया उन्मूलन के लिए प्रेरित अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा के अनुरूप आयोजित किया गया। संस्थान के संस्थापक एवं अध्यक्ष डा. जे. रामचंद्रन तथा उपाध्यक्ष राम्या रामचंद्रन ने भी टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में वैज्ञानिक सोच, स्वास्थ्य सुरक्षा और जनहित के प्रति जिम्मेदारी को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि चिकित्सा संस्थानों की भूमिका केवल उपचार तक सीमित नहीं, बल्कि समाज को जागरूक बनाना भी उनकी बड़ी जिम्मेदारी है।

# हापुड़ पुलिस को मिले 191 नए जवान, भव्य पासिंग आउट परेड में गूंजी शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद पुलिस बल को 191 नए आरक्षियों के रूप में बड़ी मजबूती मिली। थाना पिलखुवा क्षेत्रांतर्गत स्थित पुलिस प्रशिक्षण केंद्र में वर्ष 2025-26 की दीक्षांत परेड समारोह का भव्य आयोजन किया गया, जहां प्रशिक्षु आरक्षियों ने अनुशासन, समर्पण और शारीरिक दक्षता का शानदार प्रदर्शन कर सभी का मन मोह लिया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डा. राजीव नारायण मिश्रा, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, गौतमबुद्ध नगर उपस्थित रहे। उन्होंने परेड की सलामी ली और प्रशिक्षु आरक्षियों की उत्कृष्ट परेड, समन्वय तथा प्रशिक्षण स्तर की सराहना की। परेड के दौरान जवानों की कदमताल, अनुशासन और समर्पण ने पुलिस सेवा के प्रति



उनकी गंभीरता और प्रतिबद्धता को स्पष्ट रूप से प्रदर्शित किया।

दीक्षांत समारोह में रिक्रूट आरक्षी ओम कुमार को सर्वांग सर्वोत्तम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वहीं प्रथम परेड कमांडर रिक्रूट आरक्षी दीपक कुमार, द्वितीय परेड कमांडर रिक्रूट आरक्षी अंशुल यादव तथा तृतीय परेड कमांडर रिक्रूट आरक्षी हर्षित भदौरिया को भी उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मूमेन्टो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त उप निरीक्षक अध्यापक, आईटीआई एवं पीटीआई सहित प्रशिक्षण से जुड़े अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों को भी सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश Yogi Adityanath के संबोधन का सजीव प्रसारण भी किया गया। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में पुलिस बल को आधुनिक, संवेदनशील, जवाबदेह और अपराध के प्रति सख्त बनने का आहवान किया। रिक्रूट आरक्षियों ने उनके संदेश को गंभीरता से सुना और उसे अपने भविष्य के कर्तव्यों से जोड़कर आत्मसात किया। समारोह के अंतिम चरण में पुलिस अधीक्षक हापुड़ कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने सभी रिक्रूट आरक्षियों को देश की सेवा, संविधान के प्रति निष्ठा, जनसुरक्षा तथा पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। हापुड़ पुलिस में शामिल हुए इन 191 नए आरक्षियों से जनपद की कानून व्यवस्था को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# खेतों में लगी आग से किसानों की बढ़ी चिंता, एक बीघा गन्ना स्वाहा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार दोपहर ग्राम चितौली में सड़क किनारे स्थित गन्ने के खेत में अचानक आग लगने से ग्रामीणों में अफरा-तफरी मच गई। तेज धूप और गर्म हवाओं के बीच आग तेजी से फैलने लगी, जिससे आसपास के किसानों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर ग्राम चितौली में रोड किनारे ईख के खेत में आग लगने की सूचना अग्निशमन विभाग को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही अग्निशमन यूनिट तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। मौके पर पहुंची टीम ने देखा कि सड़क के किनारे स्थित गन्ने के खेत में आग तेजी से फैल रही थी। आग की लपटें और धुआं दूर तक दिखाई दे रहा था, जिससे मौके पर बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। किसानों को आशंका थी कि यदि समय रहते आग पर काबू नहीं पाया गया तो आसपास के अन्य खेत भी इसकी चपेट में आ सकते थे। अग्निशमन कर्मियों ने बिना देरी किए राहत कार्य शुरू किया और काफी प्रयास के बाद आग को पूरी तरह बुझा दिया। मौके पर मौजूद लोगों से पूछताछ में पता चला कि खेत पुष्पेंद्र पुत्र चतर सिंह तथा भूपेंद्र सिंह पुत्र चतर सिंह के हैं। दोनों किसानों के करीब 3-3 बीघे ईख के खेत प्रभावित हुए। इनमें लगभग एक बीघा क्षेत्र में खड़ा गन्ना पूरी तरह जल गया, जबकि बाकी हिस्से में केवल ईख की पत्तियां जलने से नुकसान हुआ। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी के मौसम में खेतों में आग लगने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, जिससे किसानों की मेहनत पर पानी फिर जाता है। अग्निशमन विभाग ने किसानों से अपील की है कि गर्मी के मौसम में खेतों के आसपास विशेष सावधानी बरतें और आग जैसी किसी भी घटना की सूचना तुरंत विभाग को दें, ताकि समय रहते नुकसान को रोका जा सके।



# ट्रक से भिड़ी रोड़वेज बस, एक दर्जन यात्री घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर रविवार को तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला, जब एक रोडवेज बस ट्रक से टकरा गई। हादसा इतना जोरदार था कि बस में बैठे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। दुर्घटना में एक दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए, जिनमें कुछ को गंभीर चोटें भी आई हैं।

हादसा थाना हापुड़ देहात क्षेत्र में हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार रोडवेज बस तेज गति से दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर दौड़ रही थी। इसी दौरान अचानक ट्रक से बस की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। हादसे के बाद मौके पर राहगीरों और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना हापुड़ देहात प्रभारी नीरज कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। घायलों का उपचार कराया जा रहा है। कुछ यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई, जबकि गंभीर रूप से घायल यात्रियों को निगरानी में रखा गया है। थाना प्रभारी नीरज कुमार ने घटनास्थल पर स्थिति को संभालते हुए यातायात को भी सुचारु कराया। दुर्घटना के कारण हाईवे पर कुछ समय के लिए लंबा जाम लग गया था, जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार को हादसे का मुख्य कारण माना जा रहा है। पुलिस बस चालक और अन्य संबंधित लोगों से पूछताछ कर रही है। साथ ही दुर्घटना के सही कारणों की जांच भी की जा रही है।



## एक नजर

### दुष्कर्म का वांछित आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बहादुरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक धीरज मलिक ने बताया कि जनपद के हापुड़ देहात क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक पर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद से आरोपी फरार चल रहा था। रविवार को पुलिस ने आरोपी को क्षेत्र अंतर्गत वैट मार्ग से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### गंगा एक्सप्रेस- के शुभारंभ को लेकर तैयारी तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** गंगा एक्सप्रेस-वे करीब चार माह से बनकर तैयार है। यह कब शुरू होगा, इसे लेकर जिले के लोग लगातार सवाल कर रहे थे। लेकिन अब सब फाइनल हो गया है। 29 अप्रैल को इसका लोकार्पण खुद प्रधानमंत्री हरदोई से कर रहे हैं। लोकार्पण के दिन जिले में भी बड़ा कार्यक्रम कराने की तैयारी है। इसके निर्देश शासन से जिले के अधिकारियों को दिए जा चुके हैं। इसके बाद से ही यहां कार्यक्रम स्थल पर काम शुरू कर दिया गया है। गांव सदरपुर के निकट इंटरचेंज के पास ही जनसभा होना तय हो गया है। यहीं पर लोकार्पण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण होगा और जनप्रतिधि भी यहीं से संबोधन करेंगे। इस कार्यक्रम में पांच से सात हजार लोगों की भीड़ जुटाने की तैयारी है।

मेरठ को प्रयागराज से जोड़ने वाला 594 किलोमीटर लंबे गंगा एक्सप्रेस-वे जिले में भी करीब 36 किमी से होकर गुजरा है। इसका एक हिस्सा हापुड़ तहसील तो दूसरा गढ़ में है। दोनों ही तहसील के करीब 52 गांवों से गुजरे इस एक्सप्रेस-वे से जिले के लोगों को बड़ी उम्मीदे हैं। इसीलिए इसके संचालन का इंतजार किया जा रहा था। अब जब तय हो गया है कि 29 अप्रैल को लोकार्पण के बाद इसका संचालन शुरू हो जाएगा, तो अब स्थानीय लोगों को सब्र नहीं हो रहा है। वह अभी से इसे देखने के लिए पहुंचने लगे हैं। हालांकि बड़े वाहनों के लिए इसके रास्ते बंद किए गए हैं, जिससे लोकार्पण से पहले कोई दिक्कत न आए। जनसभा और लोकार्पण कार्यक्रम के लिए तय किया जाना था कि कार्यक्रम कहां हो। अब डीएम व अन्य अधिकारियों ने तय कर लिया है कि कार्यक्रम सदरपुर गांव में ही रखा गया है। जिसमे कार्यक्रम स्थल पर रविवार को एसडीएम श्रीराम सिंह ने मंच के लिए स्थान का समतल कराने का कार्य शुरू कर दिया है।

### भाकियू की मासिक बैठक का आयोजन हुआ, किसानों की समस्याओं के बारे में हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** भाकियू अराजनैतिक की मासिक पंचायत में किसानों की समस्या का मुद्दा छाया रहा। इस दौरान संगठन के जिलाध्यक्ष ने किसानों की समस्या को लेकर सभी गेंहू क्रय केंद्र पर जाकर तोल चेक कराने की बात कहीं। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की मासिक पंचायत की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष पवन हूण गुर्जर के नेतृत्व में की गई। पवन हूण ने कहा कि किसान अपनी फसल को काटकर क्रय केंद्र पर बेचने के लिए जा रहा है। लेकिन उनको वह समस्या का सामना करना पड़ रहा है। कई बार अधिकारियों को शिकायत की गई, लेकिन उनकी समस्या का निदान नहीं हो पा रहा है। उन्होंने कहा कि किसानों की समस्या का निस्तारण के लिए सभी गेंहू क्रय केंद्र पर संगठन के पदाधिकारी निंरतर निरीक्षण करेंगे। इसके लिए गढ़ क्षेत्र में जितेंद्र नागर, जोगिंदर मावी, हापुड़ क्षेत्र में मोनू त्यागी, जतन नागर, आदि सरकारी गेहूं क्रय केंद्रों की चेकिंग करेंगे। यदि कोई कमी पाई जाती है तो क्रय केंद्र प्रभारी पर कार्रवाई की जाएगी। पंचायत में जितेंद्र नागर, कटार सिंह, मोनू त्यागी, जोगिंदर मावी, राधेलाल त्यागी, पवन फौजी, अतुल त्यागी, विजेंद्र अधाना,ओपी भाटी, कृष्णपाल, अरुण भाटी, मुनेंद्र त्यागी, मनोज, बंटी नागर, अशोक राणा, रूपराम, जतन नागर, कुलदीप, अनिल अधाना, परमाल नागर, मनोज आदि मौजूद रहें।

### घर में बंधी गाय चोरी करने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला मंडी चोब निवासी आकाश ने बताया कि उनके घर पर गाय का पालन होता है। गाय को उन्होंने अपने घर में बांधी हुई थी। पीड़ित ने बताया कि शनिवार को नगर निवासी युवक उनके घर घुस गया और चोरी से गाय को खोल कर ले जाने लगा। गाय की आवाज सुनकर वह घर से बाहर आए तो देखा कि युवक गाय को लेकर जा रहा था। उसने शोर मचाया तो आरोपी गाय को छोड़ कर भाग गया। पीड़ित ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# वाहनों की संख्या बढ़ने से हाईवे पर लगा जाम, लोगों को उठानी पड़ी परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** हाईवे पर वाहनों का दबाव बढ़ने के चलते रविवार शाम करीब चार बजे गंगा पुल से टोल प्लाजा पर जाम लग गया। लगभग एक घंटे तक वाहन जाम में फंसे रहे। भीषण गर्मी में जाम में फंसने के चलते लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। राष्ट्रीय राजमार्ग 9 हाईवे पर वाहनों का दबाव बढ़ने के चलते रविवार को कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गांव अल्लाबख्शपुर में हाईवे पर स्थित टोल प्लाजा पर वाहनों का आवागमन बाधित हो गया, जिसके बाद हाईवे पर जाम के हालात पैदा हो गए। रविवार शाम करीब चार से पांच के बीच हाईवे पर भीषण जाम लगा रहा। जाम के चलते हाईवे के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। भीषण गर्मी में जाम में फंसने के चलते राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। गर्मी के कारण लोग काफी परेशान हो गए, जबकि छोटे बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। जाम से बचने के लिए मुरादाबाद से दिल्ली की ओर जाने वाले बहुत से लोग गांव अल्लाबख्शपुर रोड, स्याना रोड से डायवर्ट होकर अपने-अपने गंतव्य को पहुंचे। इसके अलावा जाम से बचने के लिए बहुत से यात्रियों ने हाईवे के किनारे स्थित ढाबों पर अपने वाहनों को रोक लिया। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर जाम को खुलवाया। कोतवाली प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने बताया की वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण कुछ देर के लिए टोल पर जाम की स्थिति हो गई थी। सूचना पर पहुंच कर वाहनों को आवागमन सुचारु कराया गया।

# मौज-मस्ती बनी मातम, स्विमिंग पूल में डूबने से युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** भीषण गर्मी से राहत पाने के लिए घर से निकले तीन दोस्तों में से एक की स्विमिंग पूल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पिलखुवा निवासी युवक अपने दो दोस्तों के साथ बदनोली गांव स्थित एक स्विमिंग पूल में नहाने गया था, लेकिन कुछ ही देर बाद उसकी लाश पानी में मिली। घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया, वहीं पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार पिलखुवा निवासी आशीष अपने दो दोस्तों के साथ रविवार को गर्मी से राहत पाने के लिए बदनोली गांव स्थित एक निजी स्विमिंग पूल पर पहुंचा था। तीनों दोस्त वहां काफी देर तक नहाते रहे और मौज मस्ती करते रहे।



सूत्रों के अनुसार स्विमिंग पूल पर पहुंचने के बाद तीनों ने शराब का सेवन भी किया था, हालांकि पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है। बताया जा रहा है कि कुछ देर पूल में नहाने के बाद तीनों बाहर आ गए, लेकिन आशीष दोबारा स्विमिंग पूल में उतर गया। इसी दौरान उसके दोनों दोस्तों की नजर जब काफी देर तक आशीष पर नहीं पड़ी तो उन्होंने उसे तलाशना शुरू किया। काफी खोजबीन के बाद आशीष पूल के अंदर दिखाई दिया। दोनों दोस्तों ने तत्काल उसे बाहर निकाला और आनन-फानन में उपचार के लिए हापुड़ के देवनंदिनी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही हापुड़ नगर और पिलखुवा पुलिस तुरंत देवनंदिनी अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस ने जब स्विमिंग पूल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी चाही तो पता चला कि वहां लगे सभी कैमरे बंद पड़े हैं। इससे पुलिस की जांच और भी उलझ गई। मृतक आशीष के दोनों दोस्तों से भी पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि घटना केवल हादसा थी या इसके पीछे कोई और कारण है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। भीषण गर्मी से राहत की तलाश में निकले एक युवक की इस दर्दनाक मौत ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। अब परिवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच का इंतजार है, ताकि सच सामने आ सके।

# लोकार्पण से पहले गंगा एक्सप्रेसवे पर डीएम का दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** आगामी 29 अप्रैल 2026 को प्रस्तावित गंगा एक्सप्रेसवे के लोकार्पण कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। कार्यक्रम से पहले जिलाधिकारी कविता मीणा ने रविवार को कार्यक्रम स्थल का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाएं समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्यक्रम स्थल पर साफ-सफाई, सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, बैरिकेडिंग, पेयजल, शौचालय और अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थिति को देखा। डीएम ने जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया कि कार्यक्रम स्थल और आसपास के क्षेत्र में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता



सुनिश्चित की जाए। पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह चाक-चौबंद रखी जाए। पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती समय से की जाए और यातायात प्रबंधन ऐसा हो कि कार्यक्रम के दौरान किसी प्रकार की अव्यवस्था या जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी संदीप कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, अपर पुलिस अधीक्षक सहित कई जनपद स्तरीय अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। जिलाधिकारी कविता मीणा ने स्पष्ट कहा कि गंगा एक्सप्रेसवे का लोकार्पण जनपद के लिए एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण अवसर है। ऐसे में सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और प्रत्येक जिम्मेदारी को गंभीरता से निभाएं। किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# खेत पर गया परिवार, चोरों ने घर में किया हाथ साफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** कोतवाली क्षेत्र के गांव पौपाई में खेत पर फसल काटने के लिए गए किसान के परिवार के घर से चोरों ने हाथ साफ करते हुए डेढ़ लाख की नकदी और जेवर चोरी कर लिए। पीड़ित को घटना देर शाम को खेत से आने के बाद हो सकी। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

गांव निवासी राम रतन ने बताया कि शनिवार को वह खेत पर परिवार के सभी सदस्यों के साथ फसल काटने के लिए गया था। घर पर उसने ताला लगा दिया था। देर शाम को जब परिवार के लोग घर पहुंचे तो देखा कि घर के अंदर के कमरे खुले हुए थे और उनका सामान बिखरा पड़ा हुआ था। पीड़ित ने बताया कि चोर मकान की छत से मकान में आए और घर की स्के में रखी करीब एक लाख 50 हजार की नकदी और लाखों रुपये कीमत के जेवर चोरी कर ले गए। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## दूध के लिए मांगे रुपये तो पति ने दुप्पटे से गला दबाने का किया प्रयास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** नगर के मोहल्ला रविदास चौक निवासी महिला ने पति पर बच्चे के दूध और दवाई के लिए रुपये मांगने पर दुप्पटे से गला दबाकर हत्या के प्रयास का आरोप लगाया है। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला निवासी शिवानी ने बताया कि उसकी शादी करीब पांच साल पहले हुई थी। शादी के बाद उसने एक बेटे को जन्म दिया। पीड़िता ने बताया कि वह शुगर की रोगी है। समय समय पर उसकी दवाई चल रही है। पीड़िता ने बताया कि उसका पति दवाई के लिए रुपये देने में आनाकानी करता है। पीड़िता ने बताया कि अब दो दिन पूर्व उसने बेटे के दूध और अपनी दवाई के लिए पति से रुपये मांगे तो आरोपी ने अभद्रता शुरू कर दी है। पीड़िता ने उसका विरोध किया तो आरोपी ने दुप्पटे से उसका गला दबाकर हत्या का प्रयास किया। पीड़िता ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस ने तहरीर पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# 566 रिक्रूट आरक्षियों की भव्य पासिंग आउट परेड

## पुलिस सेवा में शामिल हुए नए सिपाही







**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर स्थित पुलिस लाइन परेड ग्राउंड में रविवार को 566 रिक्रूट आरक्षियों की भव्य पासिंग आउट परेड (दीक्षांत समारोह) का आयोजन हुआ। नौ माह का कठिन प्रशिक्षण पूरा करने के बाद यह सभी नवप्रशिक्षित आरक्षी अब विधिवत पुलिस सेवा में शामिल हो गए हैं।

पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने कहा कि पुलिस सेवा केवल नौकरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति एक बड़ी जिम्मेदारी है। पुलिसकर्मियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने के साथ आमजन में सुरक्षा और विश्वास की भावना को मजबूत करना होगा। आधुनिक पुलिसिंग में संवेदनशीलता, तत्परता और निष्पक्षता को सबसे महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने तकनीक आधारित, पारदर्शी और उत्तरदायी पुलिसिंग को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को सम्मानित किया गया। सर्वांग सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए रिक्रूट आरक्षी आकाश को सम्मान मिला। जबकि विभिन्न विषयों और प्रशिक्षण क्षेत्रों में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अन्य आरक्षियों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। प्रशिक्षण देने वाले आईटीआई, पीटीआई और अध्यापकों को भी उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सराहा गया।

43 **प्रशिक्षकों की टीम ने दिया है प्रशिक्षण:** रिक्रूट आरक्षियों ने 21 जुलाई 2025 से आरटीसी, गौतमबुद्धनगर में प्रशिक्षण शुरू किया था। प्रशिक्षण निदेशालय के दिशा-निर्देशों के तहत इन्हें 20 अलग-अलग अनुभागों में विभाजित कर नौ माह तक सघन प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान शारीरिक दक्षता, कानून-व्यवस्था, आपदा प्रबंधन, मानवाधिकार, सामुदायिक पुलिसिंग और व्यवहारिक कौशल जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विशेष फोकस किया गया। प्रशिक्षण की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निरीक्षक, उपनिरीक्षक, आईटीआई और पीटीआई समेत कुल 43 प्रशिक्षकों की टीम तैनात की गई थी। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन और सतत निगरानी में सभी आरक्षियों को आधुनिक पुलिसिंग के अनुरूप दक्ष और सक्षम बनाया गया।

परेड का संचालन प्रथम परेड कमांडर रिक्रूट आरक्षी राजेश कुमार ने किया। समारोह के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का उद्बोधन भी वर्चुअल माध्यम से प्रसारित किया गया। जिसे सभी पुलिसकर्मियों और उपस्थित लोगों ने ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम में लगभग 1500 पुलिस परिवारजन और दर्शक मौजूद रहे, जिससे आयोजन का उत्साह और भी बढ़ गया। इस मौके पर पुलिस उपायुक्त लाइन/आरटीसी शैलेन्द्र कुमार सिंह, पुलिस उपायुक्त ग्रेटर नोएडा जोन डॉ. प्रवीन रंजन सिंह, एडीसीपी नोएडा मनीषा सिंह, एडीसीपी सेंट्रल नोएडा आरके गौतम, एसीपी मुख्यालय कल्पना गुप्ता, एसीपी लाइन राकेश प्रताप सिंह, एसीपी पवन कुमार मौजूद रहे।

## ग्रेनो में चार सेक्टर के पार्क दूधिया रोशनी से जगमग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-36, 37, स्वर्णनगरी और पाई-वन के पार्क एलईडी हाईमास्ट लाइट की दूधिया रोशनी से जगमग हो गए। सार्वजनिक स्थानों पर भी हाईमास्ट लाइट लगाई गई हैं। रविवार को जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने प्राधिकरण के अधिकारियों और सेक्टर के लोगों की मौजूदगी में उद्घाटन किया। विधायक ने सभी समस्याओं का निस्तारण कराने का आश्वासन दिया है। चार सेक्टरों के 22 पार्कों में एलईडी हाईमास्ट लाइट लगाने का काम किया गया है। प्राधिकरण के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारी ने बताया कि सेक्टर-36 और 37 के 6-6 पार्कों, सेक्टर पाई-1 के 2 और स्वर्णनगरी के 8 पार्कों में एलईडी हाईमास्ट लाइटें लगाई गई हैं। इसके अलावा सेक्टर पी-3, बिल्डर्स एरिया, ओमिक्रॉन-1 पार्क 130 मीटर चौड़ी सड़क, एलजी सोसाइटी के पास, होंडा सीएल कंपनी के गेट और सेक्टर पी-3 मंदिर के पास भी हाईमास्ट लाइट लगाने का कार्य किया गया है। इस पर प्राधिकरण द्वारा 1.90 करोड़ रुपये खर्च किए गए। पूर्व में अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा और जीटा और डेल्टा आदि सेक्टरों में स्थित पार्क एलईडी हाईमास्ट की रोशनी से जगमग किए जा चुके हैं।शहर के विभिन्न सेक्टरों में स्थित ज्यादातर पार्कों में सामान्य सोडियम लाइट लगी हुई थी। इसकी वजह से रोशनी कम रहती है। लोगों की परेशानी को देखते हुए ग्रेटर नोएडा के सीईओ रवि कुमार एनजी ने अंधेरे वाले स्थान चिंहित कर सभी पार्कों में हाईमास्ट लाइट लगवाने के निर्देश दिए थे। चरणबद्ध तरीके से यह काम लगभग पूरा हो गया है। वरिष्ठ प्रबंधक सौरभ भारद्वाज ने बताया कि पारंपरिक फ्लड लाइट की तुलना में एलईडी हाईमास्ट लाइट से बिजली की खपत कम होती है। सेक्टरों के अन्य पार्कों और सार्वजनिक स्थानों पर लगी हाईमास्ट लाइट को जल्द चालू कर दिया जाएगा।ग्रेटर नोएडा की एसीईओ प्रेरणा सिंह ने कहा कि बाकी बचे सेक्टरों और सार्वजनिक स्थानों पर भी एलईडी हाईमास्ट लाइटें जल्द लगाई जाएंगी। अंधेरे वाले स्थान चिन्हित कर लिए गए हैं।

## एयरपोर्ट तक हाईड्रोजन बस चलाने में देरी होगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक चलने वाली हाइड्रोजन बसों के संचालन में देरी होगी। इसका कारण बसों के लिए चालक और परिचालक न मिलना है। यमुना विकास प्राधिकरण (यीडा) ने इसे लेकर जो निविदा निकाली थी, उसमें कोई आवेदन नहीं आ सका है। अब प्राधिकरण ने अन्य विकल्पों पर विचार कर रहा है।नेशनल थर्मल पावर कॉरपोरेशन (एनटीपीसी) की ओर यमुना सिटी में हाईड्रोजन बस सेवा चलाने को लेकर प्रस्ताव तैयार हुआ था। इसे बोर्ड से मंजूरी मिल चुकी है। एनटीपीसी शुरू में तीन लग्जरी एसी बसें लगाएगी, जिनमें 45 सीटें होंगी। यह बसें एक बार हाइड्रोजन भरने पर करीब 600 किलोमीटर तक चल सकेंगी।

इनमें से सिर्फ पानी की भाप निकलेगी। कोई प्रदूषण नहीं होगा। बसों का ईंधन भरना और रखरखाव एनटीपीसी ही संभालेगी। चालक और परिचालक की जिम्मेदारी प्राधिकरण को दी गई थी। यीडा ने इसके लिए रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल यानी (आएफपी) भी निकाली। इसमें किसी कांट्रेक्टर ने रुचि नहीं दिखाई। अब यीडा दूसरे विकल्प तलाशने पर विचार कर रहा है। अधिकारियों की ओर से मथुरा और आगरा प्रशासन को भी पत्र लिखा जा रहा है, ताकि बस सेवा शुरू की जा सके।

## एक नजर

### 42 डिग्री की कड़ी धूप में सोसाइटी के परिवार बैठे क्रमिक भूख हड़ताल पर

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** थाली बजाने के बाद मशाल जुलूस और अब सेक्टर 75 प्लॉट सात के निवासी क्रमिक अनशन पर बैठ गये हैं। 42 डिग्री वाली कड़ी धूप में तपते हुए महिलाएं और पुरुष भूख हड़ताल पर बैठ गए हैं। सेक्टर 75, प्लॉट 7 सोसाइटी के 230 परिवारों की स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि उन्हें अब क्रमिक भूख हड़ताल में बैठना पड़ा। जहां निवासियों का आरोप है कि अधूरे काम, बिल्डर की मनमानी और नोएडा प्राधिकरण की लापरवाही के चलते वह इतना परेशान हो गए कि उन्हें हड़ताल पर बैठना पड़ा। निवासियों का कहना है कि सोसाइटी में कुल 240 फ्लैट हैं. 1000 के करीब आबादी. लेकिन सब खतरे में हैं। 1 करोड़ तक की फ्लैट कीमत है.लेकिन एक भी काम पूरा नहीं है। पूरी सोसाइटी खतरे में है। उनका कहना है कि आखघ्रि कब तक सुसाइटी के लोग बिल्डर से भीख माँगते रहेंगे। हर मंच पर शिकायत के बावजूद हर काम अधूरे हैं।

### भाभी से मारपीट, आरोपी देवर गिरफ्तार, पति समेत अन्य फरार

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के कनारसी गांव में भाभी से मारपीट के आरोप में पुलिस ने आरोपी देवर रोहित को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

दनकौर पुलिस के अनुसार, कनारसी गांव की निवासी रेखा ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। रेखा ने आरोप लगाया कि कुछ दिन पहले उसके पति, देवर और एक अन्य व्यक्ति ने घरेलू विवाद के दौरान उसके साथ मारपीट की थी। इस मारपीट में रेखा को चोटें आई थीं, जिसके बाद उसे अस्पताल में इलाज कराना पड़ा। पीड़िता की शिकायत के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस ने मुख्य आरोपी देवर रोहित को रविवार को गिरफ्तार कर लिया। दनकौर पुलिस ने बताया कि मामले में नामजद अन्य आरोपी, जिनमें रेखा का पति भी शामिल है, फिलहाल फरार हैं। उनकी गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है।

### 70 हजार उपभोक्ताओं की दिक्कत होगी दूर अक्टूबर तक तैयार हो जाएंगे 19 नए सबस्टेशन

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** शहर में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था और बेहतर होगी। नोएडा क्षेत्र में 19 सबस्टेशन बनेंगे। प्राधिकरण ने विद्युत निगम को 14 सबस्टेशन बनाने के लिए भूमि कर दिया है। नौ का निर्माण कार्य शुरू हो चुका है। आरडीएसएस (रीवैम्ड ड्रिस्ट्रीब्यूशन सेक्टर स्कीम) नोएडा माडर्नाइजेशन योजना के अंतर्गत 19 नए उपकेंद्रों बनाए जाएंगे। अक्टूबर तक यह सबस्टेशन बनकर तैयार हो जाएंगे और 70 हजार उपभोक्ता इससे लाभान्वित होंगे।।पीवीवीएनएल (पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड) को सेक्टर-08, 63, 80, 81, 94, 106, 132 और 140 में 33/11 केवी सबस्टेशनों के निर्माण के लिए सबसे पहले भूमि आ आवंटन हुआ। यहां पर सबस्टेशन बनने का कार्य करीब 40 फीसदी पूरा हो चुका है।

**आबादी और औद्योगिक विकास को लेकर उठाया कदम:** बढ़ती आबादी और औद्योगिक विकास को ध्यान में रख यह आवंटन हुआ है। आवासीय और औद्योगिक सेक्टरों में 19 सबस्टेशन बनना प्रस्तावित थे। इनमें से नौ सबस्टेशन बनने का कार्य निगम की ओर से इसी माह से शुरू किया गया। गर्मियों से पहले सबस्टेशन निर्माण कार्य पूरा कर निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाएगी। सबस्टेशनों से नोएडा के आवासीय, औद्योगिक और वाणिज्यिक क्षेत्रों में बिजली कटौती कम होगी, जिससे उत्पादकता क्षमता बढेगी। आवासीय और औद्योगिक क्षेत्र में 70 हजार से अधिक उपभोक्ता इससे सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। मुख्य रूप से सेक्टर 63 औद्योगिक क्षेत्र से लेकर सेक्टर 106 और 108 जैसे आवासीय इलाकों तक लाभ पहुंचेगा।

## इलेक्ट्रिकल पोल की चिंगारी से झुग्गियों में लगी भीषण आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के चूहड़पुर खादर स्थित झुग्गियों में रविवार शाम करीब पांच बजे इलेक्ट्रिकल पोल से निकली चिंगारी से अचानक भीषण आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू पा लिया गया।

जानकारी के अनुसार इकोटेक-1 कोतवाली स्थित चूहड़पुर खादर झुग्गियों में इलेक्ट्रिकल पोल से निकली चिंगारी से अचानक आग लग गई थी। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते कई झोपड़ियां उसकी चपेट में आ गईं। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर से ही दिखाई दे रहा था। जिससे आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। शुरुआती प्रयासों में आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन तेज हवाओं के कारण आग पर काबू पाना मुश्किल हो गया। इस घटना में कुल 8 झोपड़ियां जलकर पूरी तरह नष्ट हो गईं। हालांकि राहत की बात यह रही कि किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। समय रहते लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया, जिससे बड़ा हादसा टल गया। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि 30 झुग्गियों को समय रहते आग बुझाकर जलने से बचा लिया गया।

## सेक्टर 113 थाना प्रभारी लाइन हाजिर

**नोएडा।** काम में लापरवाही बरतने पर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने सेक्टर-113 थाना प्रभारी विपिन कुमार यादव को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया। जानकारी के मुताबिक क्षेत्र में कानून-व्यवस्था और कार्यों के निष्पादन में लगातार लापरवाही की शिकायतें मिल रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए पुलिस कमिश्नर ने यह कार्रवाई की। विभागीय समीक्षा के दौरान भी कई मामलों में अपेक्षित कार्रवाई न होने की बात सामने आई थी। फिलहाल सेक्टर-113 थाने पर नए थाना प्रभारी की नियुक्ति नहीं की गई है। उच्च अधिकारियों द्वारा स्थिति की निगरानी की जा रही है। जल्द ही नए प्रभारी की तैनाती किए जाने की संभावना है।

## ग्रेनो में लेंसकार्ट के शोरूम में धार्मिक विवाद पर ग्राहक और कर्मचारी में मारपीट

**नोएडा।** मुंबई में लेंसकार्ट शोरूम का विवाद अब ग्रेटर नोएडा पहुंच गया है। यहां के जगत फार्म बाजार स्थित लेंसकार्ट के ग्राहक और कर्मचारी के बीच धार्मिक बहस को लेकर विवाद हो गया। दोनों के बीच मारपीट हुई। पूरी घटना शोरूम में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बीटा-2 कोतवाली पुलिस ने मामले में शनिवार को एनसीआर दर्ज कर जांच शुरू की है।

जानकारी के मुताबिक 23 अप्रैल की शाम शोरूम में कार्यरत कर्मचारी सूरज अपनी ड्यूटी पर मौजूद था। इसी दौरान एक ग्राहक दुकान पर पहुंचा और कंपनी को लेकर चल रही कथित धार्मिक अफवाहों का जिक्र करने लगा। इस मुद्दे पर कर्मचारी और ग्राहक के बीच बहस शुरू हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पहले दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई, लेकिन कुछ ही देर में मामला बढ़ गया और ग्राहक ने गाली-गलौज करते हुए कर्मचारी पर हाथ उठा दिया। अचानक हुई इस घटना से शोरूम में अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद अन्य कर्मचारियों और ग्राहकों ने तत्काल हस्तक्षेप कर दोनों को अलग कराया और स्थिति को काबू में किया। हालांकि, मारपीट के बाद आरोपी ग्राहक मौके से फरार हो गया। घटना का 1.27 मिनट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें दिखाई दे रहा है कि नारंगी रंग की टीशर्ट पहने एक व्यक्ति एक दूसरे शख्स को पहले थप्पड़ मारता है और फिर उसकी पिटाई कर देता है।

पीड़ित कर्मचारी सूरज ने इस मामले में पुलिस से शिकायत की है। वहीं कोतवाली प्रभारी विनोद कुमार का कहना है कि घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी गई है। प्राथमिकी जांच में सामने आया है कि ग्राहक ने कुछ आर्डर दे रखा था। आर्डर में देरी के कारण ग्राहक और कर्मचारी के बीच कहासुनी हुई थी।

## जनसंवाद में लोगों की समस्याएं सुनीं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-36 और पी-3 में रविवार को जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान उन्होंने सेक्टरवासियों की समस्याएं सुनीं और मौके पर मौजूद अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। कार्यक्रम में स्वच्छता, हरियाली और मूलभूत सुविधाओं पर विशेष जोर दिया गया।।जनसंवाद के दौरान सेक्टरवासियों ने मुख्य रूप से सफाई व्यवस्था, पार्कों के रखरखाव, टूटी सड़कों, जल निक. ासी, खराब स्ट्रीट लाइट और सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित शिकायतें उठाईं।

विधायक धीरेंद्र सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि नागरिकों को स्वच्छ, सुरक्षित और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि क्षेत्र की हर समस्या के समाधान के लिए वे लगातार सक्रिय हैं और सभी विभागों के साथ समन्वय बनाकर विकास कार्यों को तेजी से पूरा कराया जाएगा।

विधायक ने लोगों से अपने क्षेत्र की स्वच्छता और हरियाली बनाए रखने में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने जोर दिया कि विकास केवल सरकारी योजनाओं से नहीं, बल्कि जनसहभागिता से ही संभव है। उनका लक्ष्य ऐसा सशक्त और समरस समाज बनाना है, जहां हर नागरिक को सुरक्षा, सम्मान और आवश्यक सुविधाएं समान रूप से मिल सकें। इस जनसंवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भी हिस्सा लिया। उन्होंने अपनी समस्याओं के साथ-साथ कई महत्वपूर्ण सुझाव भी विधायक के सामने रखे।

## सोसाइटी में गंदगी मिलने पर 46 हजार का जुर्माना लगाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सुपरटेक इको. विलेज-1 सोसाइटी पर प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग ने रविवार को 46,200 रुपये का जुर्माना लगाया। गीले और सूखे कचरे के साथ निर्माण कार्य से निकलने वाले मलबे का उचित निस्तारण न किए जाने पर यह कार्रवाई की गई।सुपरटेक इकोविलेज-1 सोसाइटी के निवासियों ने शिकायत की थी कि बेसमेंट को कूड़ा घर में तब्दील कर दिया गया है। सोसाइटी में पांच हजार से अधिक परिवार रह रहे हैं। घरों से निकलने वाले कचरे का निस्तारण करने के बजाय बेसमेंट में डाला जा रहा है।

इस पर संज्ञान लेते हुए प्राधिकरण के स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रविवार को मौके का निरीक्षण किया तो शिकायत सही पाई गई। सोसाइटी के बेसमेंट में चारों तरफ कचरे का ढेर लगा हुआ था। साथ ही दूषित पानी जमा होने से बदबू आ रही थी। जांच में सोसाइटी प्रबंधन की बड़ी लाप. रवाही पाई गई। इससे बीमारी फैलने की आशंका थी।ग्रेटर नोएडा के वरिष्ठ प्रबंधक स्वास्थ्य सन्नी यादव ने बताया कि कचरे के निस्तारण में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम- 2026 का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा था। कई खामियां पाए जाने पर सोसाइटी प्रबंधन कुल 46,200 रुपये का जुर्माना लगाया गया। पूर्व में भी कार्रवाई की जा चुकी है।

## हाईवे पर वाहन की टक्कर से होमगार्ड की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-63 थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-नौ पर अज्ञात वाहन की टक्कर से 18 अप्रैल को होमगार्ड की मौत हो गई। वह सेक्टर-20 थाने में ड्यूटी करके घर लौट रहे थे। मृतक के भाई ने थाने में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।गाजियाबाद के जलाल. पुर ठिठार गांव के रहने वाले ललित कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके भाई वीर सिंह होमगार्ड थे। वह सेक्टर-20 थाने में तैनात थे। 18 अप्रैल की शाम करीब छह बजे ड्यूटी समाप्त कर वीर सिंह घर जा रहे थे। वह सेक्टर-63 थाना क्षेत्र में ही राष्ट्रीय राजमार्ग पर छिजारसी के निकट पहुंचे तो अज्ञात वाहन के चालक ने लाप. रवाही चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी।

हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोपी वाहन चालक मौके से वाहन लेकर फरार हो गया। स्थानीय लोगों ने पुलिस की मदद से नजदीक के अस्पताल पहुंचाया। वहां पर वीर सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। पोस्टमार्टम कराकर परिजन शव गांव ले गए। अंतिम संस्कार करने के बाद पुलिस से शिकायत की। पुलिस का कहना है कि शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। हाईवे पर लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से वाहन चालक की पहचान की जा रही है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

**जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा**

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

## लाखों के गहने चोरी कर घरेलू सहायिका फरार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-39 थाना क्षेत्र के सेक्टर-107 स्थित सोसाइटी में एक फ्लैट से गहने और नकदी चोरी होने का मामला सामने आया है। फ्लैट मालिक ने घरेलू सहायिका पर चोरी का शक जताते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सोसाइटी में रहने वाले अंकुश ओबेरॉय अपने परिवार के साथ फ्लैट में रहते हैं। उनके यहां पहले शिल्पी नाम की महिला घरेलू सहायिका के रूप में काम करती थी। करीब एक साल पहले शिल्पी ने ही सलोनी को काम पर रखवाया था। शनिवार को अंकुश ने जब अपने घर की सेफ खोली तो उसमें रखा गहनों का बैग गायब मिला।

उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले ही उन्होंने और उनकी पत्नी ने गहनों को देखा था। गहने नहीं मिलने पर परिवार ने घर में काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शक के आधार पर जब सलोनी से पूछताछ की गई तो उसने चोरी से इनकार कर दिया। इसके बाद अंकुश की पत्नी ने सलोनी के घर जाकर तलाशी ली। तलाशी के दौरान वहां से तनिष्क का एक बैग बरामद हुआ, जिसमें गहनों के अलावा एक घड़ी, करीब नौ हजार रुपये नकद और एक पुराना आधार कार्ड मिला।

## 35 लाख की अवैध शराब बरामद

### फर्जी बिल्टी से 237 पेटी शराब की तस्करी, पुलिस ने एक अंतरराज्यीय तस्कर अरेस्ट किया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा की थाना नॉलेज पार्क पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने एक अंतरराज्यीय तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से हरियाणा मार्का की 237 पेटियां शराब बरामद की हैं। बरामद शराब की अनुमानित कीमत लगभग 35 लाख रुपये बताई जा रही है।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान राजस्थान के बाड़मेर निवासी लाखाराम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, लाखाराम हरियाणा से सस्ते दामों पर शराब खरीदकर उसे अन्य राज्यों में ऊंचे दामों पर बेचने के लिए तस्करी कर रहा था। आरोपी ने पुलिस और आरटीओ की चेकिंग से बचने के लिए ट्रक में स्पेयर पार्ट्स की फर्जी बिल्टी और बिल तैयार कर रखे थे। वह इस फर्जीवाड़े के जरिए शराब को बिक्री के लिए दूसरे राज्यों में ले जाता था।

डीसीपी ग्रेटर नोएडा प्रवीन रंजन सिंह ने बताया कि संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में घेराबंदी कर ट्रक को रोका। तलाशी के दौरान ट्रक से भारी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई। नॉलेज पार्क पुलिस ने तस्कर लाखाराम के खिलाफ उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम और बीएनएस की संबंधित धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। पुलिस अब इस गिरोह के अन्य सदस्यों और उनके नेटवर्क की तलाश में जुटी है।

# अंतिम पात्र तक योजना के लाभ से न रहे वंचितःमुकेश चौधरी

- उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्राक्कलन समिति 2025-26 की उप समिति के प्रथम अध्ययन दल ने अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक।
- समूहों का स्टॉलों को किया निरीक्षण।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्राक्कलन समिति 2025-26 की उप समिति के प्रथम अध्ययन दल की एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सभापति मुकेश चौधरी ने की, जिसमें समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान ग्रामीण एवं शहरी आजीविका मिशन के अंतर्गत स्वयं सहायता समूहों द्वारा लगाए गए स्टॉल का निरीक्षण किया गया और उनके उत्पादों की सराहना की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं, बजट उपयोग और कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। सभापति ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और सभी कार्य गुणवत्ता व समयबद्धता के साथ पूरे किए जाएं। साथ ही शिक्षा, सड़क, राजस्व, महिला सशक्तिकरण और ग्रामीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण निर्देश भी जारी किए गए।

उत्तर प्रदेश विधान सभा की प्राक्कलन समिति 2025-26 उप समिति के प्रथम अध्ययन दल के सभापति मुकेश चौधरी के सभापतित्व में समिति के सदस्य लक्ष्मीराज सिंह, डॉ.मंजू सिवाच तथा जिलाध्यक्ष भाजपा शामली रामजी लाल कश्यप की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में अधिका. रियों के साथ समीक्षा बैठक की गई। कलेक्ट्रेट सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण एवं शहरी आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा लगाए गये स्टॉल का निरीक्षण माननीय सभापति एवं समिति के सदस्यों द्वारा किया गया एवं इनके उत्पादों की प्रशंसा की गयी उन्होंने लड्डू गोपाल की ड्रेस बनाने वाली स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से बांके बिहारी वृंदावन





जाकर वहां से आर्डर लाने की बात कही।जिलाधिकारी आलोक यादव व पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह ने समिति के सभापति एवं सदस्यों को पुष्पगुच्छ,एवं समूह द्वारा तैयार उत्पाद भेंट कर स्वागत किया। बैठक में पंचायती राज विभाग, नगर विकास विभाग, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण तथा उ0प्र0 जल निगम शहरी, परिवहन विभाग, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग, आबकारी विभाग, कारागार विभाग, महिला बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, ऊर्जा विभाग, गृह विभाग, राज्य कर विभाग, सिंचाई एवं जलसंसाधन विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, सहकारिता विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, बेसिक शिक्षा विभाग, पर्यटन विभाग, समाज कल्याण विभाग, खाद्य एवं रसद विभाग तथा लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 सेतु निगम एवं उ0प्र0 निर्माण निगम आदि विभागों के बिन्दुओं पर गहनता से समीक्षा की गयी। उप समिति के सभापति मुकेश चौधरी ने कहा कि अधिकारी सरकार द्वारा संचा. लित योजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य करें जिससे पंक्ति के अंतिम छोर पर खडे व्यक्ति को शत-प्रतिशत लाभ मिल सके। सभी अधिकारी अपने उत्तरदायित्वों का बेहतर निर्वहन करें।उन्होने कहा कि इस समिति का मूल उद्देश्य बजट संबंधी कार्यो को गति देना है। उन्होने कहा कि सभी निर्माण कार्यो की गुणवत्ता मानक के अनुरूप रहे तथा कार्यो को समयबद्धता के साथ पूर्ण किया जाए। बैठक में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका शामली के अनुपस्थित पाए जाने पर माननीय सभापति द्वारा लखनऊ में समिति के समक्ष उपस्थित होने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही समिति के समक्ष जिन विभागों से संतोषजनक जवाब नहीं मिला उनकी टीम गठित कर जांच कराने के निर्देश दिए। सभापति ने उद्घाटन, शिलान्यास एवं भूमि पूजन के कार्यों में जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करने के निर्देश दिएं। उन्होने सभी प्राथमिक विद्यालयों में कम्पोजिट ग्राण्ट से इनवर्टर लगाए जाने के निर्देश दिए। स्कूलों में निपुणशाला बनाई जाए जिससे सरकारी विद्यालयों में बच्चों का नामांकन बढ सके। पंचायत विभाग को गांव में लाईब्रेरी एवं ओपन जिम बनाने के निर्देश दिए जिससे बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास हो सके। आबकारी विभाग की समीक्षा के दौरान निर्देश दिए कि ओवररेटिंग एवं अवैध शराब की शिकायत न रहे। इस संबंध में बड़ी कार्यवाही करने के लिए कहा। वाणिज्यकर विभाग को चौकसी बढाने के निर्देश दिए ताकि सरकार के राजस्व में बढोत्तरी हो सके। लोक निर्माण विभाग को सड़कों को गाड्ढा मुक्त बनाने के निर्देश दिए। सभी नगर निकाय समूह की महिलाओं को प्राथमिकता देते हुए उकने आर्थिक उन्नयन मे सहयोगी बनें।समिति द्वारा योजना का नाम, कार्यदायी संस्था, स्वीकृति वर्ष, पूर्णता की तिथि, प्रशासनिक स्वीकृति, अवमुक्त धनराशि, व्यय, प्रगति, प्रतिशत, स्थिति की विस्तार से जानकारी ली।

बैठक में जिलाधिकारी ने माननीय सभापति एवं समिति के सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया कि आप द्वारा जो भी दिशा निर्देश दिए गए हैं उनका पालन किया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी आलोक यादव, पुलिस अधीक्षक नरेन्द्र प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी,अपर जिला. धिकारी न्यायिक सोहनलाल,पीडी डीआरडीए प्रेम चन्द, सहित संबंधित सभी विभागों के वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## थार बाइक एक्सीडेंट में हुआ मुकदमा दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** हरड़ फतेहपुर में थार से हुई दुर्घटना में तीन मौत के मामले में महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

थानाभवन क्षेत्र के ग्राम हरड़ फतेहपुर निवासी नीरज देवी पत्नी राजकुमार उर्फ राजू ने थाना भवन थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि मेरा पति राजकुमार उर्फ राजू (32) वर्ष पुत्र राकेश अपनी मोटरसाइकिल नंबर HR 75 B-0285 से ग्राम हिरणवाड़ा निवासी अपने मोसेरे भाई सुभाष (46) वर्ष पुत्र रणबीर निवासी ग्राम हिरणवाड़ा थाना बाबरी व पीड़ित नीरज देवी के साथ वसंत पुत्र राम सिंह, हरिकिशन पुत्र स्वर्गीय रतन सिंह निवासी ग्राम हिरणवाड़ा कार द्वारा ग्राम ख्यावडी जा रहे थे आगे आगे मोटरसाइकिल से उनके पति राजकुमार व उनका मोसेरा भाई सुभाष चल रहे थे जैसे ही मोटरसाइकिल भैसानी इस्लामपुर गांव से आगे पहुंचे तो ग्राम हिरणवाड़ा निवासी राजेंद्र (42) वर्ष पुत्र ओमवीर खड़ा दिखाई दिया तो राज. कुमार ने अपनी मोटरसाइकिल के ब्रेक लगाने चाहे तो पीछे से एक थार गाड़ी न्इ07 थ्ट 5860 के चालक ने तेजी लापरवाही से पीछे से आकर जोरदार टक्कर मार दी स जिसमें नीरज देवी के पति राजकुमार बाइक के पीछे बैठे उनके मोसेरे भाई सुभाष व राजेंद्र की गाड़ी की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। यह घटना उसने व मेरे साथ कार में बैठे लोगों ने अपनी आंखों से देखी स पीड़ित पोस्टमार्टम व अंतिम संस्कार के बाद रिपोर्ट लिखाने आए हैं हमारी रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी चालक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग कीस पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## तेज धूप और भीषण गर्मी से जनता हुई बेहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** तेज धूप और भीषण गर्मी के कारण लोग बेहाल हो गए हैं। रविवार को मौसम का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सैल्सियस और न्यूनतम तापमान 24 डिग्री सैल्सियस दर्ज किया गया। रविवार को सवेरे से ही तेज धूप और गर्म हवाओं के कारण भीषण गर्मी का प्रकोप बढ गया था। सवेरे 10 बजे से ही गर्म हवाओं का प्रकोप छा होने से गर्मी और लू के चलते लोग घरों से बाहर निकलने से बचते नजर आये। सड़कों पर लोगों की संख्या बहुत कम हो गई है। इसके साथ ही, देर रात भी तापमान में कोई राहत नहीं मिली है। जिससे लोग लगातार असहज महसूस कर रहे हैं। इस भीषण गर्मी को लेकर



स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी की है, जिसमें लोगों को तेज धूप और लू से बचने के उपाय बताए गए हैं। जिला अस्पताल के सीएमएस डा. किशोर आहुजा ने लोगों से कहा है कि वे धूप में बाहर निकलने से बचें, और अगर बाहर जाना ही पड़े, तो वे सिर पर कपड़ा या छांव का इस्तेमाल करें। इसके अलावा, अधिक से अधिक पानी पीने की सलाह दी गई है ताकि शरीर में पानी की कमी ना हो और लू के प्रभाव से बचाव किया जा सके।

स्वास्थ्य विभाग ने यह भी चेतावनी दी है कि इस गर्मी में बच्चों और बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखा जाए, क्योंकि वे अत्यधिक गर्मी और लू के शिकार हो सकते हैं। साथ ही, घरों में एसी और पंखों का उपयोग बढ़ाने की सलाह दी गई है, ताकि तापमान कम किया जा सके। गर्मी के इस प्रकोप के चलते लोग लू से भी परेशान हो रहे हैं। कई स्थानों पर लोगों को चक्कर आना, सिरदर्द और उल्टी की शिकायतें हो रही हैं। डॉक्टरों ने इन समस्याओं से बचाव के लिए सर्द जलपान और आराम करने की सलाह दी है।

## श्रमिकों की समस्याओं पर हुआ मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ की एक महत्वपूर्ण बैठक अमित गिरी के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में साप्ताहिक बंदी के मुद्दे पर चर्चा करते हुए यह निर्णय लिया गया कि श्रमिकों का शोषण किसी भी हाल में सहन नहीं किया जाएगा और उनकी आवाज़ और अधिकारों के लिए संघर्ष किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि शामली नगर में श्रमिकों का शोषण हो रहा है, खासकर रविवार को साप्ताहिक बंदी के दिन अवकाश न मिलने के कारण श्रमिक परेशान है। प्रशासन की लापरवाही से साप्ताहिक बंदी कानून का उल्लंघन हो रहा है, और छुट्टी के बावजूद श्रमिकों को काम करना पड़ रहा है। इसके



साथ ही 12 से 14 घंटे तक श्रमिकों से काम लिया जा रहा है।महासंघ ने प्रशासन से साप्ताहिक बंदी लागू करने की मांग की है। चेतावनी दी कि अगर प्रशासन ने इस मामले पर ध्यान नहीं दिया, तो महासंघ बड़ा धरना-प्रदर्शन करेगा। इस धरने का आयोजन शामली तहसील में श्रमिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए किया जाएगा। कहा कि महासंघ के पदाधिकारी जल्द ही डीएम से मिलकर इस मामले को उठाएंगे।बैठक में शौर्य गिरी, राजत निर्वाल, चरत गिरी, सुशील चावला, प्रवीन सैनी, पारस बंसल, विश्वास निर्वाल, गुलवेज खान, राहुल नामदेव आदि मौजूद रहे।

## गन्ने की ठेली पर टूटकर गिरा हाईटेंशन लाइन का तार, खोई में लगी विकराल आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गंगोह मार्ग पर रविवार दोपहर एक बड़ा हादसा टल गया, जब हाईटेंशन बिजली लाइन का तार अचानक टूटकर नीचे गिर गया। घटना करीब दो बजे की बताई जा रही है। उस समय मार्ग किनारे ठेली लगाकर गन्ने का जूस बेच रहा जनश्वेर बाल-बाल बचा। तार टूटते ही जन श्वेर ने भागकर अपनी जान को बचाया। तार गिरने के बाद पास में रखी गन्ने की खोई ने आग पकड़ ली और देखते ही देखते जलकर राख हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि खोई का ढेर काफी बड़ा था, जिसके कारण आग करीब आधे घंटे तक धधकती रही। इस दौरान आसपास अफरातफरी मच गई और दुक. ानदारों व राहगीरों में दहशत फैल गई। चौसाना चौकी से महज सौ मीटर की दूसरी पर गंगोह मार्ग के मोड पर जन श्वेर निवासी



गढीहसनपुर ठेली गन्ने का जूस निकालकर बेचता है। रविवार की दोपहर के समय अचानक से विद्युत लाइन का तार टूट गया। तार टूटकर पास मे इकटठा खोई पर जा गिरा,जिससे उसमे आग लग गई। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। विकराल आग को देखकर पास के दुकानदारों ने तुरंत जनश्वेर की मदद की और आग को फैलने से रोकने का प्रयास किया। वही तार टूटने के कारण इलाके की विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।घटना की सूचना मिलते ही विद्युत विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और टूटे हुए तार को जोड़ने का काम शुरू कर दिया। विभागीय कर्मचारियों ने क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए त्वरित कार्रवाई की। व्यापारियों ने हाईटेंशन लाइनों की नियमित जांच और रखरखाव नहीं होने के कारण इस तरह की घटनाएं सामने आती रहती हैं। व्यापारियो ने मांग की है कि भविष्य में ऐसे हादसों को रोकने के लिए समय-समय पर निरीक्षण और आवश्यक सुधार कार्य किए जाएं।

## पैगाम-ए-अमन कार्यक्रम का भव्य आयोजन

- राष्ट्रीय संयोजक अफज़ाल अहमद व शहनाज अफज़ाल ने भरी हुंकार, बोले-हिन्दू-मुस्लिम एकता से ही मजबूत होगा देश, शिक्षा ही तरक्की की कुंजी।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे की सरजमीं पर पहली बार मुस्लिम राष्ट्रीय मंच (आरएसएस की मुस्लिम विंग) के बैनर तले ''पैगाम-ए-अमन'' कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।इस दौरान महिलाओं सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

मुख्य मार्ग पर स्थित अम्बा मैरिज होम में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों की मौजूदगी ने इसे खास बना दिया। कार्यक्रम में मंच के राष्ट्रीय संयोजक अफज़ाल अहमद व महिला विंग की राष्ट्रीय संयोजक शहनाज अफज़ाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयबीर कुड़ाना ने की, जबकि मंच संच. ालन नादिर चौधरी द्वारा किया गया। आयोजन के दौरान वक्ताओं ने समाज में आपसी भाईचारे, राष्ट्रीय एकता और शिक्षा के प्रसार को लेकर जोरदार संदेश दिया। राष्ट्रीय संयोजक अफज़ाल अहमद ने अपने संबोधन में कहा कि भारत की आजादी हिन्दू-मुस्लिम एकता और आपसी सहयोग की बदौलत संभव हो सकी। उन्होंने बहादुर शाह ज़फ़र का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में उन्होंने नेतृत्व किया और उनके परिवार ने देश के लिए बड़ी कुर्बानियां दीं। उन्होंने कहा कि यदि उस समय समाज बंटा होता, तो आजादी का सपना अधूरा रह जाता। इसलिए आज भी जरूरत है कि सभी समुदाय मिलकर देश की एकता और अखंडता को मजबूत करें। उन्होंने आगे कहा कि देशहित सर्वोपरि होना चाहिए और हर नागरिक को अपने कर्तव्यों का पालन करते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान देना चाहिए। ''एकता में ही शक्ति है और संगठित समाज ही प्रगति की राह तय करता है,'' यह संदेश उन्होंने मंच से दिया। वहीं महिला विंग की राष्ट्रीय संयोजक शहनाज अफज़ाल ने अपने संबोधन में कहा कि कैराना में इस तरह का आयोजन यह दर्शाता है कि समाज अब सकारात्मक बदलाव की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मंच का उद्देश्य राजनीति नहीं, बल्कि समाज में जागरूकता फैलाना और सकारात्मक सोच विकसित करना है।उन्होंने शिक्षा को सबसे बड़ी जरूरत बताते हुए कहा कि मुस्लिम समाज अभी भी शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़ा हुआ है, जिसे सुधारने की आवश्यकता है। ''आधी रोटी खाएं, मगर बच्चों को जरूर पढ़ाएं,'' का संदेश देते हुए उन्होंने अभिभावकों से बच्चों



की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार की रीढ़ होती हैं और यदि घर की महिला शिक्षित होगी तो पूरा परिवार स्वत: शिक्षित और जागरूक बनेगा। इसके साथ ही उन्होंने बच्चों को अच्छे संस्कार देने, हलाल-हराम की समझ विकसित करने और सही मार्गदर्शन देने पर भी जोर दिया।उन्होंने कहा कि शिक्षित और जागरूक युवा ही देश को नई दिशा दे सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में आयोजक फरीद अंसारी, अनीस अंसारी व मंच के प्रवक्ता नादिर चौधरी ने सभी अतिथियों, वक्ताओं और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। आयोजन शांतिपूर्ण और उत्साहपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही। इस दौरान सुरक्षा के ख्रष्टिगत पीएसी बल के साथ- साथ स्थानीय पुलिस मौजूद रही।

## न्यूरोथेरेपी कैंप का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब ने सामाजिक सेवा के अंतर्गत शहर के मिल रोड स्थित जैन स्थानक मंदिर में निशुल्क न्यूरोथेरेपी कैंप का आयोजन किया। इस कैंप में अनुभवी न्यूरोथेरेपिस्ट विशेषज्ञों द्वारा मरीजों का इलाज किया गया, जिसमें विशेष रूप से कमर दर्द, साइटिका और अन्य मांसपेशियों से संबंधित दर्दो का प्रभावी उपचार किया गया। कैंप का शुभारंभ सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, चेयरमैन अरविन्द संगल ने फीता काटकर किया। कैंप में कुल 175 मरीजों ने भाग लेकर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुआ। विशेषज्ञों ने न केवल उपचार प्रदान किया, बल्कि मरीजों को स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी दिया, जिससे वे भविष्य में इन समस्याओं से बचाव कर सकें। मौके पर भारत संगल, डॉ. अजय वर्मा, निशांत गर्ग, तुषार धवन, वैभव गुप्ता, भुवनेश कौशिक, विश्वास टिहरी, मोहित कम्बोज पुनीत जैन, अनंत गुप्ता मौजूद रहे।

## सलीम के जिंदा होने से परिजन भी थे अनभिज्ञ, मौहल्ले में चल रही चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के मोहल्ला नंनूपुरा निवासी सलीम वास्तविक की गाजियाबाद पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के बाद उसके भाई मुजफ्फर हसन ने एक चौंकाने वाला बयान दिया है। मुजफ्फर ने कहा कि सलीम हमेशा से ही अपराधिक किस्म का था और पैसे के लिए किसी भी हद तक जा सकता था। उनका कहना है कि वह तो सलीम को भूल चुके थे, लेकिन गाजियाबाद पुलिस ने जैसे ही सलीम की पहचान उजागर की, तब उन्हें इस बात का पता चला कि उनका भाई इतने सालों से फरार था।

मुजफ्फर हसन ने बताया कि सलीम का पहले ही गलत लोगों के साथ उठना-बैठना था और वह किसी भी अपराध को अंजाम देने में संकोच नहीं करता था। वह हमेशा पैसों के लिए कुछ भी कर सकता था। मुजफ्फर ने यह भी



सलीम का भाई मुजफ्फर

बताया कि सलीम ने अपनी पहचान बदलने के लिए धर्म परिवर्तन किया था और खुद को सलीम वास्तविक नाम से प्रस्तुत किया। इस वजह से उसका परिवार भी उसे पहचान नहीं सका। सलीम को 1995 में दिल्ली के गोकलपुरी इलाके में 13 वर्षीय संदीप बंसल के अपहरण और हत्या के मामले में गिरफ्तार किया गया था। उसे 1997 में अदालत ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी, लेकिन 2000 में जमानत मिलने के बाद वह फरार हो गया। तब से वह अपनी पहचान बदलकर विभिन्न स्थानों पर छिपा हुआ था। सलीम का इतना शातिर होना कि उसके परिवार के लोग भी उसे पहचान न सकें, यह सबके लिए एक बड़ा रहस्य बन गया था। मुजफ्फर हसन का कहना है कि हम तो उसे पूरी तरह से भूल चुके थे। वह हमारे लिए अब एक अजनबी बन चुका था, लेकिन जब गाजियाबाद पुलिस ने उसकी पहचान उजागर की, तब हमें पता चला कि वह इस कदर अपराधी था। मोहल्ले के लोग भी हैरान हैं कि एक अपराधी इतना चतुर कैसे हो सकता है कि इतने सालों तक अपनी पहचान बदलकर छिपा रह सके। सलीम की गिरफ्तारी के बाद मोहल्ले में इस घटना को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं।

## प्रेम-प्रसंग में युवक ने युवती पर किया हमला, बाद में फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** क्षेत्र के गांव ओदरी में रविवार को एक ही घटनाक्रम में हिंसा और आत्महत्या की वारदात ने लोगों को स्तब्ध कर दिया। घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। 20 वर्षीय नसीम पुत्र नूरा का शव उसके घर में फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बताया जा रहा है कि मृतक युवक का पड़ोस में रहने वाली एक युवती के साथ काफी समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। रविवार दोपहर नसीम युवती के घर में घुस गया, जहां किसी बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि युवक ने गुस्से में आकर युवती पर चाकू से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना





के बाद परिजनों ने घायल युवती को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार जारी है। वहीं युवक नसीम अपने घर लौटा और मानसिक तनाव के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद परिजनों ने जब उसे फंदे पर लटका देखा तो चीख-पुकार मच गई। सूचना पर आसपास के ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर एकत्र हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति को संभालते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया और मामले की जांच शुरू कर दी। कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने बताया कि घटना की सूचना प्राप्त हुई थी। घायल युवती का अस्पताल में उपचार चल रहा है, जबकि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। प्रथम ख्रष्टया मामला प्रेम-प्रसंग से जुड़ा प्रतीत हो रहा है। तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

# समस्याओं का होगा समाधान:आलोक

**सुनील वर्मा**

**शामली।** जनपद को एक संवेदनशील, कर्मठ और जनहितैषी प्रशासनिक अधिकारी के रूप में नए जिलाधिकारी आलोक यादव का नेतृत्व प्राप्त हुआ है। उनके पदभार संभालते ही जिले में प्रशासनिक सक्रियता और जवाबदेही की नई शुरुआत देखने को मिल रही है। अपने मधुर व्यवहार, सहज उपलब्धता और स्पष्ट कार्यशैली के कारण जल्द ही आमजन के बीच विश्वास का केंद्र बनेंगे।

जिलाधिकारी आलोक यादव ने साफ शब्दों में संकेत दे दिया है कि जनपद में भ्रष्टाचार को किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा है कि यदि किसी भी प्रकार की लापरवाही या भ्रष्ट आचरण सामने आता है, तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। उनकी इस सख्त लेकिन न्यायपूर्ण कार्यशैली से प्रशासनिक तंत्र से अनुशासन और पारदर्शिता की उम्मीद जगी है।



जनता की समस्याओं के समाधान को लेकर भी जिलाधिकारी पूरी तरह गंभीर नजर आ रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए हैं कि सभी विभाग समयबद्ध तरीके से फरियादियों की शिकायतों का निस्तारण करें और किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न काटने पड़ें। तहसील दिवस, थाना समाधान दिवस और जनसुनवाई कार्यक्रमों को प्रभावी बनाते हुए उन्होंने अधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए हैं। जिला. धिकारी का मानना है कि प्रशासन और जनता के बीच संवाद मजबूत होना चाहिए। इसी कड़ी में वे मीडिया की भूमिका को भी बेहद महत्वपूर्ण मानते हैं। उन्होंने मीडिया के माध्यम से जनता को जागरूक करने की पहल को सराहा है और कहा है कि सही जानकारी और जागरूकता से ही आमजन अपने अधिकारों के प्रति सजग हो सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि प्रशासन पारदर्शिता के साथ कार्य करेगा और हर योजना का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाएगा। उनकी कार्यशैली में सख्ती के साथ संवेदनशीलता का संतुलन साफ दिखाई देता है। जहां एक ओर वे कानून व्यवस्था और प्रशासनिक कार्यों में किसी भी प्रकार की ढिलाई स्वीकार नहीं करते। शामली जनपद के विकास और सुशासन की दिशा में जिला. धिकारी आलोक यादव के नेतृत्व में नई उम्मीदें जागी हैं। उनकी सकारात्मक सोच, स्पष्ट ख्रष्टिकोण और जनसेवा के प्रति समर्पण निश्चित रूप से जिले को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# फर्जी रजिस्ट्रेशन और अवैध कक्षाओं का खेल स्कूलों की मनमानी पर उठते सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली** जनपद में शिक्षा व्यवस्था को लेकर एक गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें निजी स्कूलों द्वारा नियमों की खुली अवहेलना और फर्जी रजिस्ट्रेशन के जरिए अभिभावकों को गुमराह करने का आरोप लगा है। स्थानीय स्तर पर मिल रही शिकायतों के अनुसार, कई स्कूल बिना मान्यता के कक्षाएं संचालित कर रहे हैं और बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि इस पूरे प्रकरण में संबंधित शिक्षा विभाग और जिम्मेदार अधिका. रियों की भूमिका भी सवालों के घेरे में है।




टपराना के समाज सेवी असलम ने उच्चाधिकारियो शिकायत भेजते हुए बताया की, कुछ स्कूलों में केवल प्राथमिक स्तर तक ही मान्यता है, लेकिन वहां 8वीं, 10वीं और यहां तक कि 12वीं तक की कक्षाएं चलाई जा रही हैं। इन स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों का फर्जी रजिस्ट्रेशन अन्य मान्यता प्राप्त स्कूलों में दिखाकर परीक्षा दिलाई जाती है। अभिभावकों को इस सच्चाई की जानकारी नहीं होती, जिससे वे अपने बच्चों का भविष्य दांव पर लगा देते हैं। जब तक मामला सामने आता है, तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। शिकायत में यह भी सामने आया है कि स्कूल संचालक बच्चों का दाखिला लेते समय बड़े-बड़े दावे करते हैं, लेकिन असल में उनके पास न तो पर्याप्त शिक्षक होते हैं और न ही आवश्यक संसाधन। शिक्षा के नाम पर केवल फीस वसूली का खेल चल रहा है। कई स्कूलों में तो बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है, जिससे बच्चों की शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है। इस पूरे मामले में सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि संबंधित विभाग और अधिकारी इस सब से अनजान नहीं हैं। इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे साफ जाहिर होता है कि या तो विभागीय लाप. रवाही है या फिर मिलीभगत से इन अवैध गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है। यदि समय रहते इस पर सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले समय में हजारों बच्चों का भविष्य अंधकार में जा सकता है। स्थानीय लोगों और अभिभावकों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे स्कूलों की जांच कर कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही दोषी अधिकारियों के खिलाफ भी सख्त कदम उठाए जाएं, ताकि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और सुधार लाया जा सके। शिक्षा जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में इस तरह की अनियमितताओं को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जा सकता। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस मामले को कितनी गंभीरता से लेता है और कब तक दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होती है।

## 33 केवी लाइन से 630 मीटर तार चोरी, अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति से जुड़ी अहम लाइन से तार चोरी होने का मामला सामने आया है। 15-16 की रात्रि में अज्ञात चोरों ने 132/33 केवी विद्युत उपकेंद्र झिंझाना से पोषित 33 केवी लाइन, जो गढ़ी अब्दुल्ला की ओर जा रही थी, को निशाना बनाते हुए करीब 630 मीटर तार चोरी कर लिया था। अवर अभियंता राकेश कुमार ऊन ने तहरीर में बताया कि यह चोरी स्वामी कल्याण देव वैदिक कॉलेज और मां सरस्वती इंटर कॉलेज के बीच स्थित लाइन के दो स्पैन से की गई है। इसके अलावा एक क्रॉस आर्म भी चोरी कर लिया गया। अवर अभियंता द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

## प्लॉट पर युवक से मारपीट, परिवार को फांसी देकर मारने की धमकी,

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला बेगमपुरा निवासी युवक के साथ प्लॉट पर खड़े होने के दौरान मारपीट और परिवार सहित हत्या की धमकी देने का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर नामजद आरोपी समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित अभिषेक शर्मा उर्फ लवकेश पुत्र घनश्याम शर्मा ने कोतवाली कैराना में दी तहरीर में बताया कि 23 अप्रैल को वह राजेंद्र कॉलोनी स्थित अपने प्लॉट पर खड़ा था। आरोप है कि इसी दौरान रजनीश पुत्र घनश्याम शर्मा अपने दो अज्ञात साथियों के साथ वहां पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए उसके साथ मारपीट कर दी। पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने उसे कैराना छोड़ने की धमकी दी। साथ ही कहा कि यदि वह यहां से नहीं गया तो उसे और उसके पत्नी-बच्चों को फांसी लगाकर मार देंगे और मामले को आत्महत्या का रूप दे देंगे। घटना के बाद से पीड़ित परिवार दहशत में है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी रजनीश व उसके साथियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और पीड़ित की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाएगी।

# पुलिस लाइन में धूमधाम से हुआ दीक्षांत परेड समारोह आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** रविवार को पुलिस लाइन में आयोजित दीक्षांत परेड समारोह-2026 उत्साह और गरिमा के साथ संपन्न हुआ, जहां प्रशिक्षण प्राप्त आरक्षियों ने अपने अनुशासन और दक्षता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक मंजिल सैनी ने परेड की सलामी लेकर समारोह का शुभारंभ किया और नवचयनित आरक्षियों का उत्साहवर्धन किया। जिले में भतह्न किए गए 200 आरक्षियों, जिनमें मृतक आश्रित भी शामिल हैं, को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली, प्रशिक्षण की गुणवत्ता और भविष्य की योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया। अधिकारियों ने नई पुलिस लाइन के शीघ्र पूर्ण होने



की जानकारी देते हुए इसे आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित बनाने की बात कही। समारोह में जनसेवा, सुरक्षा और कर्तव्यनिष्ठा के मूल्यों को प्रमुखता से रेखांकित किया गया, जिससे नवआरक्षियों को अपने दायित्वों के प्रति प्रेरणा मिली।

रविवार को शामली पुलिस लाईन में दीक्षांत परेड समारोह-2026 का आयोजन धूमधाम से किया गया।



इस मौके पर प्रशिक्षण प्राप्त आरक्षियों की परेड हुई, और उन्हें प्रशस्ति पत्र तथा पुरस्कार वितरित किए गए। जिले में 200 आरक्षियों की भतह्न हुई, जिसमें 198 आरक्षी और 2 मृतक आश्रितों को भी शामिल किया गया। समारोह की शुरुआत मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक मंजिल सैनी द्वारा परेड की सलामी लेकर की गई। इसके बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और पुलिस महानिदेशक का लाईव प्रसारण भी सुना गया। इस दौरान सभी आरक्षियों को प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसपी एनपी सिंह ने जिले में हुई भतह्न की जानक. ारी दी और प्रशिक्षणार्थियों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि जिले में 200 आरक्षियों की भतह्न की गई है, जिसमें दो मृतक आश्रित भी शामिल हैं। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि जिले की नवनिर्माणाधीन पुलिस लाईन जल्द ही पूरी तरह से तैयार हो जाएगी, जो एक आधुनिक पुलिस लाईन के रूप में विकसित होगी। उन्होंने बताया कि आगामी एक से दो महीनों में पुलिस लाईन का हैंडओवर हो जाएगा, जिसमें एक खेल का मैदान भी शामिल होगा, जो पुलिसकर्मियों के लिए लाभकारी साबित होगा। मुख्य अतिथि आईजी मंजिल सैनी ने इस अवसर पर उत्तर प्रदेश पुलिस की सुरक्षा प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस जनमानस को सुरक्षा देने के लिए हमेशा तैयार रहती है। साथ ही उन्होंने महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों के सम्मान को बढ़ावा देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने चयनित सभी आरक्षियों को शुभकामनाएं भी दी। कार्यक्रम का संचालन अनुराग शर्मा ने किया।

इस कार्यक्रम में डीएम आलोक यादव, एमएलसी किरणपाल कश्यप, सदर विधायक प्रसन्न चौधरी, सीडीओ विनय कुमार तिवारी, चेयरमैन अरविन्द संगल, सीओ जितेन्द्र कुमार, पूर्व आईजी विजय गर्ग, अंकित गोयल, सूर्यवीर सिंह, मोहित जैन, दीपक बंसल, यशपाल पंवार मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य सैयद मुनावरी बैगम का स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग की सदस्य एवं केंद्रीय राज्य मंत्री दर्जा प्राप्त सैयद मुनावरी बेगम ने रविवार को थाना भवन पहुंचकर अपने परिचितों व समर्थकों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि अल्पसंख्यक समाज का भरोसा भारतीय जनता पार्टी पर लगातार बढ़ रहा है क्योंकि भाजपा एक काम करने वाली पार्टी है और बिना भेदभाव के सभी वर्गों के लिए योजनाएं लागू करती है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी योजनाएं हर वर्ग के लिए समान रूप से हैं, न कि किसी एक समुदाय विशेष के लिए। भाजपा में कार्यकर्ताओं और आम जनता के काम को प्राथमिकता दी जाती है, यही वजह है कि लोगों का विश्वास पार्टी पर मजबूत हो रहा है।इस दौरान सैयद मुनावरी बेगम थाना भवन के पूर्व सभासद एवं पूर्व वाइस चेयरमैन मोहम्मद साजिद चौधरी के आवास पर पहुंचीं जहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया।



उन्होंने कहा कि कस्बे में उनके चाहने वालों की संख्या काफी है और उनके स्नेह व आग्रह पर ही वह यहां आई हैं।कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कस्बे के अन्य परिचितों से भी मुलाकात की। बताया जा रहा है कि थाना भवन के बाद उनका कार्यक्रम जलालाबाद में भी प्रस्तावित है जहां वे समर्थकों से संवाद करेंगी। उनके आगमन को लेकर क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मी भी देखने को मिली और बड़ी संख्या में लोग उनसे मिलने पहुंचे। इस अवसर पर एहसान, डॉ. आसिफ मेहराज, मेहबूब भूरा, साजिद अहमद आदि मौजूद रहे।

# किन्नर गुरु को जहर देकर मारने व एआई से वीडियो बनाकर वायरल का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली क्षेत्र में एक किन्नर गुरु ने अपने साथ रह रहे दो व्यक्तियों पर जहर देकर हत्या की साजिश रचने, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देने और एआई तकनीक के जरिए अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने का गंभीर आरोप लगाया है।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आर्यपुरी निवासी अन्नू गुरु महबूब ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि पिछले करीब एक वर्ष से देव कुमार उर्फ सिम्मी निवासी रायपुर रोड, देहरादून और कादिर उर्फ काव्य निवासी जिला सहारनपुर (हाल निवासी कैराना) उसके साथ रह रहे थे और बधाई मांगने के कार्य में साथ जाते थे। आरोप है कि दोनों ने उसे जहरीला पदार्थ पिलाकर हत्या करने की योजना बनाई थी। पीड़िता के अनुसार, साजिश की भनक लगने पर उसने दोनों को बुलाकर पूछताछ की, जिस पर उन्होंने अपनी गलती स्वीकार करते हुए 20 अप्रैल को स्टाम्प पेपर पर लिखित आश्वासन दिया कि भविष्य में ऐसा कृत्य नहीं करेंगे। इसके बावजूद 21 अप्रैल को आरोपियों से जुड़े रवि नामक व्यक्ति निवासी पानीपत ने फोन कर जान से मारने की धमकी दी। साथ ही देव कुमार व कादिर ने भी अलग-अलग मोबाइल नंबरों से धमकियां दीं। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपियों ने एआई तकनीक का दुरुपयोग करते हुए उसकी फोटो से अश्लील वीडियो तैयार कर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए, जिससे उसकी सामाजिक छवि को गहरा नुकसान पहुंचा है। उसने पुलिस से सुरक्षा प्रदान करने और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। कोतवाली पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर लिया गया है और साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# थानाभवन में अवैध शराब पर कार्रवाई, एक तस्कर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना क्षेत्र में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थानाभवन पुलिस सख्त कार्रवाई करते हुए एक आरोपियों को गिरफ्तार किया है। छापेमारी में कुल 24 पव्वे अवैध देसी शराब बरामद की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के निर्देश पर जनपद में अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना थानाभवन पुलिस ने एक अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सार्थक उर्फ अक्षित पुत्र पप्पू निवासी ग्राम मुण्डेट खादर थाना थानाभवन के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से 24 पव्वे अवैध देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश कर जेल भेज जा रहा है। पुलिस की इस



कार्रवाई से अवैध शराब कारोबा. रियों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस तरह के अवैध धंधों में लिप्त लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# करियर काउंसलिंग सेमिनार का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट द्वारा रविवार को जिले में पहली बार कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें प्रसिद्ध काउं. सलर सृष्टि महेदरू ने जिलेभर से इंटरपास आउट छात्र-छात्राओं को चार घंटे की काउंसलिंग की और उनको कैरियर के प्रति प्रोत्साहित किया।

रविवार को शहर के हनुमान धाम स्थित अग्रसैन बारातघर में अखिल भारतीय अग्रवाल समाज ट्रस्ट द्वारा जिले में पहली बार कैरियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक एनपी



सिंह, चेयरमैन अरविन्द संगल और पूर्व विधायक राजेश्वर बंसल ने संयुक्त रूप से महाराजा अग्रसैन की प्रतिमा के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होने कहा कि इस तरह के सेमिनार से छात्रों को आगे बढने का अवसर प्रदान होता है। उन्होने कहा कि जरूरी नही कि सरकारी नौकरी में जाकर ही देश की सेवा होती है। अपना खुद का व्यापार और उद्योग जोडकर भी देश की सेवा की जा सकती है। आज प्रदेश की सरकार युवाओं को उनके उद्योग आगे बढने के लिए अनेकों योजनाऐं चला रही है। व्यापारियों और उद्यमियों को सुरक्षित माहौल दिया जा रहा है। आज कोई अपराधी उद्यमी को परेशान नही कर सकता है। इसके आद प्रसिद्ध काउंसलर सृष्टि महेदरू ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न प्रकार के टिप्स दिए और कैरियर के प्रति जागरूक किया। इस दौरान पांच ऐसे छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया जिन्होने सेमिनार के दौरान बेहतर प्रदर्शन कर प्रश्न पूछे। सेमिनार में पानीपत यूनिवर्सिटी, गीता यूनिवर्सिटी, जेनिसिस कोचिंग सैंटर के संचाल. कों द्वारा भी स्टॉल लगाए गए थे। इस अवसर पर आकाश गुप्ता, रजत बंसल, ओमप्रकाश, प्रवीन गोयल, संगीत गोयल, रोबिन गर्ग, राहुल तायल, नीरज संगल, विकास गर्ग, उत्तम जिंदल, अंकित गुप्ता, अमित बंसल, सुमित बंसल, राहुल तायल आदि मौजूद रहे।

# मोडिफाइड साइलेंसर लगे दो वाहन सीज, 260 के चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** उच्च न्यायालय लखनऊ एवं यातायात निदेशालय लखनऊ के आदेशानुसार उत्तर प्रदेश भर में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत जनपद शामली में पुलिस ने सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। पुलिस अधीक्षक एन. पी. सिंह के निर्देशन में थाना झिंझाना पुलिस ने मोडिफाइड साइलेंसर और प्रेशर हॉर्न के खिलाफ दो दिवसीय अभियान चलाया।



थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना के नेतृत्व में सीसी टीम प्रभारी एसआई सतीश सिंह, कांस्टेबल अंकुर तोमर व कांस्टेबल गौरव तोमर ने कार्रवाई करते हुए कुल 260 वाहनों के चालान किए। वहीं नियमों का गंभीर उल्लंघन करने पर 2 मोटरसाइकिलों को सीज किया गया। अभियान के दौरान 5 चालान मोडिफाइड साइलेंसर और 2 चालान प्रेशर हॉर्न के काटे गए। एक बुलेट बाइक पर मोडिफाइड साइलेंसर पाए जाने पर 24,500 रुपये का जुर्माना लगाकर वाहन सीज किया गया।

वहीं बिना नंबर प्लेट व प्रेशर हॉर्न लगी स्प्लेंडर बाइक पर 19,000 रुपये का जुर्माना लगाकर उसे भी सीज कर दिया गया। यह अभियान गाड़ी वाला चौराहा पर चलाया गया, जहां पुलिस ने सघन चेकिंग कर नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। थाना प्रभारी वीरेंद्र कसाना ने स्पष्ट कहा कि यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ यह अभियान आगे भी जारी रहेगा और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# अवनी ने जवाहर नवोदय परीक्षा की पास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** गोल्ड की पब्लिक स्कूल की एक छात्रा ने जवाहर नवोदय विद्यालय पांथुपुरा की कक्षा छह प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस परीक्षा में विभिन्न विद्यालयों से कक्षा पांच उत्तीर्ण प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का चयन किया जाता है, जिसमें इस वर्ष चौसाना क्षेत्र पांथुपूरा की छात्रा अवनी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। अवनी, जो कुलदीप की पुत्री है, ने जिले स्तर पर सर्वाधिक



अंक प्राप्त कर एक नई मिसाल कायम की है। यह पहली बार है जब जिले के दूरस्थ क्षेत्र के किसी विद्यालय की छात्रा ने इतनी बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इस सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है और शिक्षकों व छात्रों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया। विद्यालय के प्रबंधक संदीप सैनी ने अवनी की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता शिक्षकों की मेहनत और छात्रा की लगन का परिणाम है। उन्होंने अन्य विद्यार्थियों को भी इससे प्रेरणा लेने की अपील की।इस उपलब्धि ने न केवल विद्यालय बल्कि पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है।

# चेन्नई को हरा गुजरात ने चौथी जीत दर्ज की

**गुजरात ने 16.4 ओवर में 159 रन का लक्ष्य पाया सुदर्शन की फिर 87 रनों की शानदार पारी**

**चेन्नई, वार्ता।** कगिसो रबाडा (तीन विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन के बाद साई सुदर्शन (87) के शानदार प्रदर्शन की बदौलत गुजरात टाइटंस ने रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 37वें मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स को 20 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से शिकस्त दी।

गुजरात टाइटंस की यह टूर्नामेंट में चौथी जीत है। 159 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी गुजरात टाइटंस ने शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन करते हुए 16.4 ओवरों में दो विकेट पर 162 रन बनाकर मुकाबला आठ विकेट से अपने नाम कर लिया। साई सुदर्शन और शुभमन गिल की जोड़ी ने संभल कर खेलते हुए पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े। सातवें ओवर में नूर अहमद ने शुभमन गिल को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। गिल ने 23 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के उड़ाते हुए 33 रनों की पारी खेली। 17वें ओवर में अकील हुसैन ने साई सुदर्शन को आउट कर पवेलियन भेज दिया। साई सदुर्शन ने 46 गेंदों में चार चौके और सात छक्के उड़ाते हुए 87 रनों की पारी खेली। जॉस बटलर ने नाबाद 39 रन बनाये। उन्होंने अपनी पारी में 30 गेंदों का सामना किया और चार चौके और एक छक्का लगाया। इससे पहले आज यहां ऋतुराज गायकवाड़ (नाबाद 74) की कप्तानी पारी के दम पर चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार को गुजरात टाइटंस के खिलाफ सात विकेट पर 158 रनों का स्कोर खड़ा किया।



गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने महज 37 रन के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिए। संजू सैमसन (11), उर्विल पटेल (चार), सरफराज खान (शून्य) और डेवाल्स ब्रेविस (दो) रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए शिवम दुबे ने कप्तान गायकवाड़ के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के लिए 59 रनों की साझेदारी हुई। 16वें ओवर में अरशद खान ने शिव दुबे को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा।

शिवम दुबे ने 17 गेंदों में तीन चौके और एक छक्का लगाते हुए 22 रन बनाये। 18वें ओवर कगिसो रबाड़ा ने कार्तिक शर्मा नौ गेंदों में 15 रन को आउट किया। जेमी ओवरर्टन ने छह गेंदों में 18 रन बनाये। उन्हें अरशद खान ने आउट किया। चेन्नई सुपर किंग्स ने निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 158 रनों का स्कोर खड़ा किया। ऋतुराज गायकवाड़ ने 60 गेंदों में छह चौके और चार छक्के उड़ाते हुए नाबाद 74 रनों की पारी खेली। गुजरात टाइटंस की ओर से कगिसो रबाड़ा ने तीन विकेट लिए। अरशद खान को दो विकेट मिले।

# भारतीय महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 14 रनों से हराया

**जोहान्सबर्ग, वार्ता।** दीप्ति शर्मा (नाबाद 36 रन/ पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत भारतीय महिला टीम ने चौथे टी-20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 14 रनों से शिकस्त दी। यह पांच मैचों की सीरीज में भारत की पहली जीत है। दीप्ति शर्मा को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार मिला।

186 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका की टीम को दीप्ति शर्मा के कहर का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में नौ विकेट पर 171 रन ही बना सकी और 14 रनों से मुकाबला हार गई। दक्षिण अफ्रीका के लिए सुने लूस ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। उन्होंने अपनी पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया। तेजमिन ब्रिट्स (30), कायला रेनेके (21) और कप्तान लॉरा वुलफॉर्ट (18) रन बनाकर आउट हुई। एलिज मारी मार्क्स ने नाबाद 21 रन बनाए।

दक्षिण अफ्रीका के छह बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। भारतीय महिला टीम के लिए दीप्ति शर्मा ने चार ओवरों में 19 रन देकर पांच विकेट झटके। क्रांति गौड़ , श्री चारणी, काश्वी गौतम और शेफाली वर्मा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले शनिवार देर रात खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका की महिला टीम ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 185 रनों का स्कोर खड़ा किया।

## खेल विशेष

### मानस और आहना बने सर्वश्रेठ एथलीट

**नई दिल्ली, वार्ता।** मोती लाल नेहरू कॉलेज (सांध्य) ने अपनी वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता 2025-26 का सफलतापूर्वक आयोजन किया। तीन दिवसीय आयोजन में शानदार प्रदर्शन करते हुए मानस कुमार (बी-ए- प्रोग्राम, प्रथम र्वा) ने तीन प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त कर सर्वश्रेठ एथलीट (पुरुष) का खिताब जीता। वहीं आहना बराल (बी-ए- प्रोग्राम, प्रथम र्वा) ने चार प्रतियोगिताओं में प्रथम तथा एक में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सर्वश्रेठ एथलीट (महिला) का खिताब अपने नाम किया। कार्यक्रम की शुरुआत अनुशासित मार्च-पास्ट, ध्वजारोहण एवं शपथ ग्रहण समारोह से हुई। मुख्य अतिथि प्रो- बलराम पाणि ने प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन किया। इस अवसर पर विशिट अतिथि के रूप में कर्नल सुरिदर सिंह एवं श्री जगवीर मलिक उपस्थित रहे।

### चीन ने डेनमार्क को हराकर क्वार्टरफाइनल में जगह बनाई

**हॉर्सेंस ( डेनमार्क ), वार्ता।** मौजूदा चैंपियन चीन ने शनिवार को उबेर कप के ग्रुप चरण में अपनी लगातार दूसरी जीत दर्ज की। उसने मेजबान डेनमार्क को 5-0 से हराकर क्वार्टरफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। शीर्ष वरीयता प्राप्त चीनी महिला टीम ने अपने दूसरे ग्रुप 'ए' मुकाबले में जबरदस्त प्रदर्शन किया, जिसमें उसने सभी पांच मैच सीधे गेम में जीते। वांग झीई, हान यू और शू वेनजिग ने तीन एकल मैचों में जीत दिलाई, जबकि युगल जोड़ियों लियू शेंगशू/तान निंग और जिया यिफान/झांग शुशेन ने अपने डेनिश प्रतिद्वंद्वियों को दो गेम में हराकर चीन के लिए एक और क्लीन स्वीप सुनिश्चित किया। चीन, जिसने शुक्रवार को यूक्रेन के खिलाफ 5-0 की जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी।

### अनकैप्ड मोमिना रियासत पाकिस्तान की महिला टीम में शामिल

**लाहौर, वार्ता।** पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे खिलाफ होने वाली महिला एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में अनकैप्ड बल्लेबाज बल्लेबाज मोमिना रियासत को टीम में जगह दी है। चयनकर्ताओं ने मोमिना रियासत अगले महीने कराची में जम्बिाब्वे के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की घरेलू सीरीज के लिए 15-सदस्ईय टीम में शामिल किया गया है। एकदिवसीय मैचों में टीम की कप्तानी फातिमा सना ही करती रहेंगी। ए मैच आईसीसी महिला चैंपियनशिप 2025-29 का हिस्सा हैं। मोमिना को टीम में शामिल करने के अलावा, चयनकर्ताओं ने टीम के मुख्य खिलाड़ियों को ज्यादातर वही रखा है। टीम में आलिया रियाज, डायना बेग, मुनीबा अली और सिदरा अमीन जैसी अनुभवी खिलाड़ी भी शामिल हैं। जिम्बाब्वे की महिला टीम अपने पहले पाकिस्तान दौरे के लिए 29 अप्रैल को कराची पहुंचेगी। एकदिवसीय सीरीज से पहले, दोनों टीमें 30 अप्रैल से तीन मई तक अभ्यास करेंगी।

# ऑरेंज कैप पर अभिषेक व पर्पल कैप पर अंशुल का कब्जा

**नई दिल्ली, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 35वें और 36वें मुकाबले के दौरान एक ही दिन तीन बार ऑरेंज कैप के विजेता बदले। दिन के आखिरी मुकाबले बाद सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के अभिोक शर्मा ने इस पर अपना कब्जा कर लिया है। वहीं पर्पल कैपर अंशुल कम्बोज के पास है।

दिल्ली में शाम ढलते-ढलते दिल्ली के सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने नाबाद 152 रन बनाकर नंबर वन स्थान हासिल कर लिया, जो टी-20 क्रिकेट इतिहास में किसी भारतीय द्वारा बनाया गया सर्वोच्च स्कोर है। सात पारियों में 357 रन के साथ राहुल शीर्ा पर पहुंचे, लेकिन वहां दो घंटे भी नहीं टिक सके। जयपुर में वैभव सूर्यवंशी ने 37 गेंदों में 103 रन ठोककर 357 रन तक पहुंचते हुए बेहतर स्ट्राइक रेट के आधार पर ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली। एक घंटे बाद एसआरएच के सलामी बल्लेबाज अभिोक शर्मा 29 गेंदों में 57 रन बनाकर बल्लेबाजी तालिका में सबसे ऊपर पहुंच गए। आठ पारियों में चौथी बार 50 से अधिक स्कोर बनाकर अभिोक अब 380 रन के साथ बल्लेबाजी तालिका में शीर्ा पर हैं, जो सूर्यवंशी और राहुल दोनों से 23 रन ज्यादा हैं। हाइनरिक क्लासन ने एसआरएच की जीत में 29 रन बनाकर शीर्ा पांच में अपनी जगह मजबूत की और चौथे स्थान पर पहुंच गए। उनके नाम 349 रन हैं और वह कोहली से थोड़ा आगे हैं। बविराट कोहली (320 रन) 24 घंटे के भीतर पहले स्थान से फिसलकर पांचवें स्थान पर पहुंच गए, क्योंकि शनिवार को पंजाब किंग्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 265 रन का लक्ष्य हासिल किया, जबकि सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने भी राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के खिलाफ 229 रन का पीछा किया। पर्पल कैप मामले में एसआरएच के तेज गेंदबाज इशान मलिंगा ने आरआर के खिलाफ दो विकेट लेकर 38 रन दिए और अब चेन्नई सुपर किंग्स के अंशुल कंबोज के बेहद करीब पहुंच गए हैं। मलिगा ने यशस्वी जायसवाल और डोनोवन फरेरा को आउट किया। दोनों गेंदबाजों के नाम अब 14 विकेट हैं।

# दिल्ली को अपनी कैचिंग में करना होगा सुधार

**आरसीबी के खिलाफ मुकाबला आज अरुण जेटली स्टेडियम में**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रिकॉर्ड स्कोर बनाने के बावजूद दिल्ली कैपिटल्स को पंजाब किंग्स के खिलाफ कल हार का सामना करना पड़ा और अब सोमवार को मौजूदा चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ यहां अरुण जेटली स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग 2026 सीजन के 39वें मैच में उसे अपनी फील्डिग, खास तौर पर कैचिंग में सुधार करना होगा तभी वह जीत की उम्मीद कर पाएगा।



इस मुकाबले में सभी की निगाहें पूरी तरह से केएल राहुल पर टिकी हैं, जिनकी रिकॉर्ड तोड़ फॉर्म इस टूर्नामेंट की सबसे बड़ी चर्चा का विाय रही है। पंजाब के खिलाफ 152 रनों की शानदार नाबाद पारी खेलने वाले-जो आईपीएल के इतिहास में किसी भी भारतीय खिलाड़ी का अब तक का सबसे बड़ा व्यक्तिगत स्कोर है, राहुल दिल्ली की बल्लेबाजी की रीढ़ बनकर उभरे हैं। उन्होंने इस सीजन में कई मैचों में अकेले दम पर टीम को जीत दिलाई है। सात पारियों में 357 रन और एक बेहतरीन स्ट्राइक रेट के साथ, क्रीज पर उनका दबदबा बेजोड़ रहा है।

फिर भी, दिल्ली के अभियान की विडंबना यह है कि राहुल के शानदार प्रदर्शन के बावजूद टीम को लगातार जीत नहीं मिल पाई है। पंजाब किंग्स के हाथों मिली करारी हार-जिसमें दिल्ली 264 रनों के विशाल स्कोर का बचाव करने में नाकाम रही, ने एक गहरी समस्या को उजागर किया है: एक कमजोर गेंदबाजी आक्रमण, जो टीम की विस्फोटक बल्लेबाजी का साथ देने में संर्घा कर रहा है।

नीतीश राणा, ट्रिस्टन स्टब्स और अन्य खिलाड़ियों के योगदान से टीम को कुछ सहारा तो मिला है, लेकिन राहुल पर टीम की अत्यधिक निर्भरता अभी भी साफ नजर आती है। इसके बिल्कुल विपरीत, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम है, जिसने संतुलन और सामूहिक ताकत के दम पर शानदार प्रदर्शन किया है। सात मैचों में पांच जीत के साथ, उन्होंने अपने अभियान को किसी एक खिलाड़ी पर निर्भर रहने के बजाय, खेल के सभी विभागों में लगातार अच्छे प्रदर्शन के आधार पर आगे बढ़ाया है। विराट कोहली ने बल्ले से मोर्चा संभालते हुए 328 रन बनाए हैं।

# हम हारना डिजर्व करते हैं: अक्षर पटेल

**नई दिल्ली, वार्ता।** शनिवार को टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) ने जब 264 रन का एक विशाल स्कोर खड़ा किया था, तो किसी को भी नहीं लगा था कि पंजाब किंग्स इस मैच को सात गेंद शो रहते ही जीत जाएगी। लेकिन प्रभसिमरन सिंह के 26 गेंदों में 76 और कप्तान श्रेयस अय्यर की 71 रनों की पारी की मदद से पंजाब ने मैच को छह विकेट से आसानी से जीत लिया।



इस दौरान सब फील्डर करुण नायर ने श्रेयस के 29 और 35 के स्कोर पर दो कैच छोड़े, जबकि प्रभसिमरन का भी एक कठिन और एक थोड़ा आसान कैच डीसी के फील्डरों ने छोड़े। इसके अलावा प्रियांश आर्य, कूपर कॉनॉली और शशांक सिंह का भी कैच डीसी के फील्डरों द्वारा छोड़े गए। वहीं पारी के तीसरे ओवर में ऐसा ही एक कठिन कैच लपकने के चक्कर में उनके तेज गेंदबाज लुंगी एन्गिडी चोटिल होकर मैच से बाहर हो गए, जिनके चार ओवरों की कमी उन्हें पूरे मैच के दौरान खली। मैच के बाद ब्रॉडकास्टर से बात करते हुए डीसी के कप्तान अक्षर पटेल ने कहा कि हम लगातार वही गलतियां दोहरा रहे हैं। इस तरह की पिच पर अगर आप अपने गेंदबाजों को सपोर्ट नहीं करेंगे और इतने सारे मौके देंगे, तो मुझे लगता है कि हम ऐसी हार डिजर्व करते हैं। इसके अलावा हमारी बोलिग यूनिट ने जिस तरह से पावरप्ले में गेंदबाजी की, उसे भी हमें देखना होगा। इस पिच पर 264 का स्कोर बहुत अच्छा स्कोर था, बस हमें ए मौके नहीं गंवाने चाहिए थे और थोड़ी बेहतर गेंदबाजी करनी चाहिए थी। पंजाब ने पावरप्ले में 116 रन बनाए, जो कि इस चरण में आईपीएल का दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। यह डीसी की इस सीजन सात मैचों में चौथी हार थी, इसमें एक मैच वह भी शामिल है, जब उन्होंने अपने होमग्राउंड पर गुजरात टाइटंस के खिलाफ एक रन से मैच गंवाया था। अक्षर ने कहा कि अगर हम जो अहम मोमेंट है, उसको अपने पक्ष में कर लेते, तो दो-तीन मैचों के परिणाम हमारे पक्ष में होते। आगे हमें उन्हीं महत्वपूर्ण पलों को अपना बनाना होगा। ऐसा नहीं हो सकता कि आप हमेशा गलती करते रहो और फिर बेहतर परिणाम की उम्मीद करो। हम अब वापस जाएंगे और मूल्यांकन करेंगे कि और क्या बेहतर कर सकते हैं। डीसी के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट वेणुगोपाल राव ने भी मैच कॉन्फ्रेंस में अपने कप्तान की बातों को दोहराया। उन्होंने कहा कि हमने देखा कि हमने कुछ कैच गंवाए, जो कि हमारे दो अंक गंवाने का प्रमुख कारण था। हमने लगभग छह कैच गंवाए। अगर आप महत्वपूर्ण मौकों पर ऐसे कैच, वह भी प्रभसिमरन और श्रेयस जैसे खिलाड़ियों को गंवाते हो, तो मुझे नहीं लगता कि हम मैच जीत सकते हैं। हमें ऐसे कैचों को लपकने की जरूरत है। यह इस सीजन सात मैचों में चौथी बार था, जब डीसी के गेंदबाजों के खिलाफ 200 से अधिक रन बने। तो क्या यह सिर्फ खराब फील्डिग के कारण था या डीसी को अपनी गेंदबाजी में भी बहुत सुधार की जरूरत है? राव ने कहा कि अगर हम 264 रन बनाकर भी स्कोर को डिफेंड नहीं कर पा रहे हैं, तो इसका मतलब है कि गेंदबाजी में भी कई चीजों पर काम करने की जरूरत है। हमें अपनी पावरप्ले गेंदबाजी और कैचिग को बेहतर करने की जरूरत है। इसके अलावा हमने एन्गिडी के 24 गेंदों, उनके चार ओवरों को मिस किया। उन्होंने पिछले सभी मैचों में चार ओवर गेंदबाजी की है और अपनी स्लोअर गेंदों और अनुभव से बल्लेबाजों को परेशान किया है। उम्मीद है कि वह जल्द ही रिकवर होकर वापस मैदान पर लौटेंगे। हमें पता है कि जबसे यह इंपैक्ट प्लेयर का नियम आया है।

# डीएलडब्ल्यूक्यू के खिलाड़ियों ने कुल 24 स्वर्ण पदक जीते

**नई दिल्ली, वार्ता।** दिल्ली एमेच्योर वुशु एसोसिएशन द्वारा आयोजित 23वीं दिल्ली राज्य वुशु चैम्पियनशिप के दूसरे दिन खिलाड़ियों ने ताओलु एवं सांडा स्पर्धाओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रतियोगिता को अत्यंत रोमांचक बना दिया। दूसरे दिन सब-जूनियर एवं जूनियर वर्ग (बालक एवं बालिका) की सांडा (शानशू) प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें खिलाड़ियों ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पदक अपने नाम किए।

ताओलु स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने उच्च स्तर की तकनीक और संतुलन का प्रदर्शन किया। ताओलु स्पर्धाओं में डीएलडब्ल्यूक्यू का दबदबा देखने को मिला, जहां खिलाड़ियों ने कुल 24 स्वर्ण पदक जीतकर अपनी श्रेठता सिद्ध की। वहीं सांडा स्पर्धाओं में टीएमएएआई , बुद्धा वुशु क्लब एवं अन्य इकाइयों के खिलाड़ियों ने उत्कृट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में पदक प्राप्त किए।

प्रतियोगिता के दौरान सब-जूनियर गर्ल्स वर्ग में 24 किंग्रा में आराध्या (बुद्धा वुशु क्लब), 28 किंग्रा में राशिका (शिवाजी स्पोर्ट्स), 32 किंग्रा में आरुाी (बुद्धा वुशु अकादमी) तथा अन्य वर्गों में खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसी प्रकार सब-जूनियर बॉयज वर्ग में 24 किंग्रा में अहिल खान (एनसीडब्ल्यू), 28 किंग्रा में प्रिस (एनडब्ल्यूसी), 32 किंग्रा में शिवम (टीएमएआई), 36 किंग्रा में देव (आरके स्पोर्ट्स) सहित अन्य खिलाड़ियों ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

# 'सूर्यवंशी मेरा नया पसंदीदा खिलाड़ी है': पैट कमिंस

**हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने कहा सूर्यवंशी के खेल ने मुझे बहुत ज्यादा प्रभावित किया**

**जयपुर, वार्ता।** बल्लेबाजी सनसनी वैभव सूर्यवंशी के चाहने वालों में एक नाम और जुड़ गया है। सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस उनके नए चाहने वाले हैं और उनका कहना है कि सूर्यवंशी उनका नया पसंदीदा खिलाड़ी है। हालांकि सूर्यवंशी की टीम राजस्थान रॉयल्स को कल हैदराबाद से हार का सामना करना पघ। सूर्यवंशी ने इस मैच में शतक बनाया लेकिन यह जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था।

सूर्यवंशी का 36 गेंदों में बनाया गया शतक - जो आईपीएल के इतिहास का तीसरा सबसे तेज शतक है - राजस्थान रॉयल्स को जीत दिलाने के लिए काफी नहीं था, लेकिन इसने विरोधी टीम के कप्तान को भी इस बात से बहुत प्रभावित किया कि 15 साल का यह खिलाड़ी अभी से क्या-क्या कर सकता है। कमिंस ने सूर्यवंशी के बारे में कहा कि मुझे लगता है कि वह मेरा नया पसंदीदा खिलाड़ी है। वह गेंद को इतनी जोर से मारता है कि उसे देखना बहुत अच्छा लगता है, इसमें बहुत मजा आता है। एक गेंदबाज के तौर पर आपको बिल्कुल सटीक गेंद डालनी होती है, क्योंकि अगर आप ऐसा नहीं करते, तो गेंद बहुत दूर तक जाती है। इसलिए वह बहुत प्रभावशाली है। हां, उसने अपने करियर की शानदार शुरुआत की है और हां, मुझे उसका खेलने का तरीका



बहुत पसंद है, जिस तरह वह खेल को अपने हाथ में लेता है। कमिंस ने सूर्यवंशी को जो पहली गेंद डाली, वह छक्के के लिए बाउंड्री के पार चली गई, इसने इस युवा खिलाड़ी की एक और निडर पारी की नींव रख दी। अब वह इस टूर्नामेंट के कुछ बेहतरीन गेंदबाजों - जिनमें जसप्रीत बुमराह, भुवनेश्वर कुमार, मार्को यानसन, जोश हेजलवुड और अर्शदीप सिंह शामिल हैं - के खिलाफ भी काफी सहज नजर आ रहा है। रिहैब से लौटने के बाद इस सीजन का अपना पहला मैच खेल रहे कमिंस ने आईपीएल में हाल ही में बन रहे रनों की भारी संख्या को लेकर चल रही बहस पर भी अपनी राय दी। अकेले शनिवार को ही खेले गए दो मैचों में कुल 986 रन बने। जब कमिंस से पूछा गया कि क्या इस टूर्नामेंट में बल्ले और गेंद के बीच बेहतर संतुलन की जरूरत है, तो उन्होंने कहा कि देखिए, शायद। मुझे लगता है कि चीजें जैसी हैं, वैसी ही रहेंगी। पिचें भले ही सपाट हों, लेकिन यह सिर्फ 20 ओवर का खेल है - आप जानते ही हैं - इसलिए यह कोई टेस्ट मैच नहीं है जहां पिच सपाट हो और बल्लेबाजों को पांच दिनों तक बल्लेबाजी करने का मौका मिले, इसलिए मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है। इसमें हर गेंदबाज को ज्यादा से ज्यादा चार ओवर ही मिलते हैं। हां, यह ठीक है। चीजें जैसी हैं, वैसी ही रहेंगी। उन्होंने कहा, जाहिर है, हमने अपनी टीम इस तरह बनाई है कि हम अपनी बैटिंग से बड़ा स्कोर खड़ा कर सकें, और एक बॉलर के तौर पर यह हमारी जम्मिेदारी है कि हम विरोधी टीम के रन कम से कम रखें। आज के स्कोर शायद कुछ साल पहले के स्कोर से थोड़े अलग दिखते हैं, लेकिन इसका मूल विचार अभी भी वही है। हां, मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है। जब उनसे खास तौर पर सपाट पिचों पर, जहां बाउंड्री छोटी होती हैं, लंबी बैटिंग लाइन-अप के खिलाफ बॉलिग करने के बारे में पूछा गया, तो कमिंस ने कहा कि वह इसे निराशा के बजाय एक चुनौती के तौर पर देखते हैं। कमिंस ने कहा,यह ठीक है, यह एक अच्छी चुनौती है। आप जानते हैं, हो सकता है कि आपके कुछ ओवर खराब चले जाएं, लेकिन आपको लगता है कि अगर आप वापसी करके डेथ ओवर में सचमुच अच्छी बॉलिग करते हैं, तो वह मैच जिताने वाला साबित हो सकता है। इसलिए मुझे असल में लगता है कि कुछ मायनों में इससे हम बॉलर्स पर से दबाव कम हो जाता है, क्योंकि हमें पता होता है कि हमारी बैटिंग लाइन-अप किसी भी स्कोर का पीछा कर सकती है, भले ही स्कोर कितना भी बड़ा क्यों न हो। आपको लगता है कि चारों ओवर बहुत ज्यादा जरूरी हैं, और आप जानते हैं, एक विकेट या एक सचमुच अच्छा ओवर उतना ही अहम हो सकता है, जितना कि कम स्कोर वाले मैच में एक अच्छा स्पेल होता है। यह ठीक है। यह दोनों टीमों के लिए एक जैसा ही है। मुझे लगता है कि आपको अभी भी पांच सचमुच अच्छे बॉलर्स की जरूरत होती है।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

सोमवार, 27 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

# हमला या साजिश

यह खबर वास्तव में डराने वाली भी है, चौंकाने वाली भी और हैरान करने वाली भी है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प पर व्हाइट हाउस कॉरोसपोंडेंट डिनर के दौरान एक हमलावर ने अचानक गोलीबारी शुरू कर दी। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति पूरी तरह सुरक्षित हैं और सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने तुरंत उन्हें वहां से सुरक्षित बाहर निकाला। देखने वाली बात यह भी है कि जिस समय यह हमला हुआ, उस समय डिनर पार्टी में ट्रम्प और उनकी कैबिनेट सहित 2500 प्रतिष्ठित मेहमान मौजूद थे। हमलावर की पहचान कैलिफोर्निया के टोरेंस निवासी कोल टामस एलन के रूप में हुई है। उसे जिंदा पकड़ लिया गया है। इस हाईप्रोफाइल कार्यक्रम में वॉलिंटर के रूप में काम कर रही हेलेन माबुस ने उन डरावने पलों को याद करते हुए बताया कि वहां सुरक्षा का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं था और न ही निगरानी की जा रही थी। हमलावर एलन वाशिंगटन हिल्टन होटल में आया और सीधे उस बालरूम की ओर बढ़ा जहां राष्ट्रपति ट्रम्प और प्रतिष्ठित मेहमान मौजूद थे और जब हमलावर ने हमला किया उस वक्त मेहमानों को सलाद परोसा जा रहा था। वॉलिंटर का कहना था कि स्थिति इतनी तनावपूर्ण थी कि कैबिनेट के सदस्यों को टेबल के नीचे शरण लेनी पड़ी। डीसी पुलिस प्रमुख जैफरी केरोल ने भी अपने बयान में कहा कि हमलावर के पास एक शॉटगन, एक हैंडगन और कई चाकू थे और इस हमले में एक कानून प्रवर्तन अधिकारी को गोली लगी, लेकिन बुलेट प्रूफ जाकेट के चलते उनकी जान बच गई। पुलिस प्रमुख के अनुसार यह एक लोन वुल्फ हमला हो सकता है। इसका मतलब है कि हमलावर ने अकेले ही साजिश को अंजाम दिया। कोल टामस एलन के बारे में यह भी जानकारी दी कि वह पेशे से टीचर है और उसे दिसंबर 2024 में टीचर ऑफ द मंथ का पुरस्कार मिल चुका है। ट्रम्प ने हमलावर को अपनी एक टिप्पणी में सनकी शख्स बताया है। जहां तक भारत की है, भारतीय पीएम मोदी ने इस गोलीबारी की घटना की निंदा की है, अपने सोशल मीडिया एक्स पर पीएम मोदी ने ट्रम्प, प्रथम महिला मेलानिया और उप राष्ट्रपति जेडी वेन्स की सुरक्षा पर राहत जताई है और कहा है कि लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। देखने वाली बात यह भी है कि अब से पहले 13 जुलाई 2024 को भी ट्रम्प पर उस समय हमला हुआ था, जब वह चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। तब कहा गया था कि यह हमला ईरान ने कराया है। अभी भी सीधे ईरान का नाम तो नहीं लिया गया, लेकिन जिस तरह का बयान ट्रम्प ने दिया है वह इसी तरफ इशारा कर रहा है। उन्होंने कहा है कि उन पर हुआ यह हमला ईरान पर उनकी विजय को नहीं रोक सकता। इसलिए यह संदेह भी पैदा होता है कि कहीं यह हमला ईरान पर हमले का कारण तो नहीं बन जाएगा और यूं भी जिस तरह की जानकारी अब तक आई है वह बेहद अस्पष्ट है। एक सनकी पागल व्यक्ति इतनी हाईप्रोफाइल पार्टी में कैसे पहुंच सकता है। जो अमेरिका अपने राष्ट्रपति को लेकर विदेशों में भी चौकसी बरतता है, वह अपने यहां कैसे लापरवाह हो सकता है।

## बंगाल में तृणमूल का गुंडा राज चला रहा



कांग्रेस हिंसा पर भरोसा नहीं करती और अहिंसा के सिद्धांत को कलंकित करने वाली राजनीति के सामने झुकना नहीं जानती है, कांग्रेस के कार्यकर्ता देबदीप चटर्जी की तृणमूल से जुड़े गुंडों द्वारा की गई हत्या बेहद निंदनीय है, शोकाकुल परिवार के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं, पश्चिम बंगाल में आज लो. कतंत्र नहीं, तृणमूल का गुंडा राज चल रहा है, वोट के बाद विरोधी आवाजों को डराना, मारना, मिटाना, यही टीएमसी का चरित्र बन चुका है, कांग्रेस की राजनीति कभी हिंसा पर नहीं टिकी और न कभी टिकेगी, हमने भी अपने कार्यकर्ता खोए हैं, फिर भी हमने हमेशा अहिंसा और संविधान का रास्ता चुना है, यही हमारी विरासत है, यही हमारा संकल्प, हमारी मांग स्पष्ट है, अहिंसक परंपरा को कलंकित करने वाली राजनीति के सामने झुकेंगे नहीं, न्याय होकर रहेगा।

**–राहुल गांधी, नता विपक्ष, लोकसभा**

# मानवीय संवेदना का इतिहासकार
# फोटोग्राफर रघु राय



कई दशकों तक भारतीय राजनीति, इसके प्रमुख व्यक्तित्वों, प्रमुख घटनाओं को अपने कैमरे में कैद कर देश के समक. ालीन राजनीतिक इतिहास को एक जीवंत आयाम देने वाले महान फोटोग्राफर रघु राय का रविवार को निधन हो गया। अपने समय के सच को पूरी निडरता और सच्चाई के साथ दिखाने वाले इस फोटोग्राफर ने 23 की उम्र में पहली बार कैमरे पर हाथ आजमाया था, तब से लेकर पूरी जिदगी कैमरा उनके साथ ऐसे रहा, जैसे वह उनके शरीर का कोई अनिवार्य अंग हो। उनकी खिची हुई तस्वीरें देखकर अनायास ही यह महसूस हो जाता है कि अपने व्यू फाइंडर से तात्कालिक सच को देख पाने की उनमें अद्भुत क्षमता थी। व्यू फाइंडर उनकी आत्मा का ही विस्तार था, जिसके द्वारा वह अनदेखे को देखकर कैमरे में कैद कर लेते और उसे अमर जीवंत तस्वीर में बदल देते थे।

अब इसे इत्तेफाक कहें या नियति का खेल की उनका जन्म महात्मा गांधी द्वारा भारत छोड़ो आंदोलन के बिगुल फूंके जाने के मात्र चार महीने बाद 18 दिसंबर 1942 को पंजाब के झंग में हुआ। यही वह समय था, जब भारत का इतिहास एक नए अध्याय में प्रवेश करने वाला था और बाद में युवा रघु राय इस नए अध्याय को अपने कैमरे से कैद करने वाले थे।

वह 1966 में प्रसिद्ध अंग्रेजी अखबार स्टेट्समैन में मुख्य फोटोग्राफर के रूप में शामिल हुए और मात्र एक साल बाद इंदिरा गांधी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनी। यह एक ऐसा संयोग था, जिसने हम भारतीयों को इंदिरा गांधी की कई अमूल्य तस्वीरें दी। राय द्वारा श्रीमती गांधी की खींची गई तस्वीरें इतनी जीवंत और प्रभावी हैं कि केवल इन तस्वीरों के आधार पर श्रीमती गांधी की राजनीतिक करियर का इतिहास गढ़ा जा सकता है और यह तस्वीर केवल तथ्यों और आंकड़ों का इतिहास नहीं होगा। मानवीय पक्ष का इतिहास होगा। मंच पर खोई हुई सिमटी सी बैठी इंदिरा गांधी की तस्वीर एक ऐसे विरोधाभास को दर्शाता है, जिसमें आयरन लेडी चिताओं और अव्यक्त भय से घिरी हुई एक साधारण महिला नजर आती हैं– बेहद मानवीय, सुभेद्य। एक तरफ अपनी कुर्सी पर बैठी और चारों तरफ से पुरुष नेताओं से घिरी हुई इंदिरा गांधी पुरुष वर्चस्व वाली राजनीति को चुनौती देती नजर आती हैं, तो दूसरी तरफ अपने घर में सोनिया गांधी और बच्चों के साथ मुस्कराती हुई बेहद पारिवारिक महिला दिखती हैं। रघु राय की तस्वीरें जितनी जीवंतता से इंदिरा गांधी के भावों को कैद और अभिव्यक्त करती हैं, उतनी जीवंतता से कोई भी इतिहासकार इंदिरा के बारे में नही लिख पाएगा। इसलिए रघु राय महज एक फोटोग्राफर नहीं है, एक इतिहासकार हैं, जो इतिहास को तथ्यों से परे ले जाकर मानवीय बना देता है।

इतिहास को मानवीय पक्ष देने वाले इस महान फोटोग्राफर की एक अन्य तस्वीर ने पूरी त्रासदी को एक जीवंत प्रतीक में बदल दिया। भोपाल त्रासदी की वह तस्वीर जिसमें एक बच्चा मलबे के नीचे दबा हुआ है, सिर्फ उसका शुष्क चेहरा और अध–खुली आंखें दिख रही हैं, आज भी उस भयावह त्रासदी को जैसे अपनी पुरी नग्नता के साथ आंखों के सामने लाकर खड़ा कर देता है।

संपूर्ण क्रांति आंदोलन के दौरान लोकनायक जयप्रकाश नारायण पर लाठी चार्ज की तस्वीर हो या बंगलादेश मुक्ति संग्राम के समय लोगों के पलायन की तस्वीर, राय अपने समय के इतिहास की लगभग हर महत्वपूर्ण घटना को दर्ज करते चलते हैं। भिडरावाले की मृत्यु से मात्र एक दिन पहले की उनकी पोट्रेट हो या मदर टेरेसा की मरीजों की सेवा करती हुई तस्वीर, वह मानवीय भावनाओं, डर और संवेदनाओं को पकड़ लेने में जैसे माहिर थे। इस लिहाज से वह एक मनोवैज्ञानिक लगते हैं, जो हाथ में कैमरा लिए अपने समय के लोगों की मनोदशाओं को कैद करता चलता है और मानवता का संवेदनशील दस्तावेज तैयार करता दिखता है। राय के इन्ही विशिष्ट और अद्भुत कार्यों के लिए भारत सरकार ने 1972 में उन्हें पद्म से नवाजा, लेकिन उनकी ख्याति केवल देश तक ही सीमित नहीं थी। उनके फोटो निबंध द न्यू यॉर्कर, द न्यूयॉर्क टाइम्स, टाइम, लाइफ, द इंडिपेंडेंट और कई अन्य प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय प्रकाशनों में समय–समय पर छपते रहे। राय को नेशनल ज्योग्राफिक में प्रकाशित उनके फोटो निबंध ह्यूमन मैनेजमेंट ऑफ वाइल्डलाइफ इन इंडिया के लिए अमेरिका में फोटोग्राफर ऑफ द ईयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। फांसीसी सरकार ने भी उन्हें 2009 में ऑफिसर डेस आर्ट्स एट डेस लेट्रेस से सम्मानित किया। देश–विदेश में ख्याति प्राप्त यह महान फोटोग्राफर भले ही आज इस दुनिया से चला गया हो, लेकिन उनका काम, उनकी आयताकार तस्वीरें दुनिया में हमेशा जीवित रहेंगी और अपनी पुरी प्रामाणिकता एवं सच्चाई के साथ कहती रहेगी– एक था रघु राय, जिसने कैमरे से इतिहास लिख दिया, मानवीय संवेदना का इतिहास।

**–भारत भूषण**

# सांसदों का सामूहिक पलायन : चेतावनी

**यह लोकतंत्र की नींव, 'न्यायिक स्वतंत्रता' को हिला देता है। कुछ मामलों में भ्रष्टाचार सच्चा हो सकता है, लेकिन टाइमिंग संदिग्ध है। इससे राजनीति में 'कोऑर्शन' (दबाव) की संस्कृति बढ़ती है। जनता के मन में यह सवाल उठना लाजमी है कि क्या सत्ता हासिल करने का यही तरीका है? यह ट्रेंड छोटे दलों को खत्म करने और राष्ट्रपति शासन जैसी स्थितियां पैदा करने का खतरा बढ़ाता है। आम आदमी पार्टी के सांसदों का भाजपा में विलय स्वस्थ राजनीति को खतरे में डालता है। यह पार्टी की कमजोरियों को उजागर करता है। लेकिन इससे बड़ा सबक यह है कि भारतीय राजनीति में वैचारिक स्थिरता, आंतरिक लोकतंत्र और संस्थागत निष्पक्षता की जरूरत है।**



विनीत नारायण

पिछले सप्ताह आम आदमी पार्टी के सात राजसभा सांसदोंने पार्टी छोड़कर भाजपा में स्वत: विलय कर लिया। पार्टी की कुल 10 राजसभा सीटों में से दो–तिहाई से अधिक सां. सदों का यह कदम संवैधानिक प्रावधान के तहत लिया गया, जिससे उन्हें अयोग्यता से बचने का रास्ता मिल गया। इनमें से छह पंजाब से चुने गए थे, जबकि एक दिल्ली से। यह घटना न केवल आम आदमी पार्टी के लिए करारा झटका है, बल्कि पंजाब की सत्तासीन पार्टी के भविष्य पर सवालिया निशान लगा रही है।

राघव चड्ढा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दावा किया कि आम आदमी पार्टी अब अपनी मूल विचारधारा से भटक गई है, लेकिन विपक्षी दलों और आम आदमी पार्टी ने इसे भाजपा का ऑपरेशन लोटस करार दिया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और अरविंद केजरीवाल ने इसे पंजाब के साथ धोखा बताया। सवाल यह है कि क्या यह महज व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा का परिणाम है या पंजाब की राजनीति में बड़े बदलाव की शुरुआत?

पंजाब में आम आदमी पार्टी 2022 के विधानसभा चुनावों में भारी बहुमत से सत्ता में आई थी। भगवंत मान सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और रोजगार जैसे क्षेत्रों में कुछ उपलब्धियां गिनाती रही है, लेकिन 2027 के विधानसभा चुनावों से ठीक एक साल पहले यह सामूहिक पलायन पार्टी की स्थिरता पर गंभीर सवाल खड़ा करता है। इन सात सांसदों में चार प्रमुख पंजाबी चेहरे, हरभजन सिंह (क्रिकेटर), अशोक मित्तल (एलपीयू चांसलर), विक्रम साहनी और संदीप पाठक, का जाना न केवल संसदीय ताकत कम करता है बल्कि पार्टी के संगठनात्मक ढांचे को भी कमजोर करता है।

पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वॉरिंग ने पहले ही चेतावनी दी है कि केजरीवाल की पार्टी के 50 विधायकों तक का पलायन हो सकता है। यदि ऐसा हुआ तो पंजाब में सरकार अल्पमत में आ सकती है। भाजपा, जो पंजाब में अभी कमजोर है, को यह घटना बड़ा नैतिक और संगठनात्मक बल प्रदान करेगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री अश्वनी कुमार के अनुसार, यह भाजपा को अकाली दल के साथ गठबंधन की मेज पर मजबूत स्थिति देगा। पंजाब की राजनीति में 'ऑपरेशन लोटस' की सफलता से भाजपा की छवि मजबूत होगी और मतदाताओं में यह धारणा बनेगी कि केजरीवाल की पार्टी का 'अंत' शुरू हो चुका है। दूसरी ओर, यह घटना पंजाब के किसान–मजदूर वोट बैंक को भी प्रभावित करेगी। उल्लेखनीय है कि आंदोलन से जन्मीं आम आदमी पार्टी की छवि को भ्रष्टाचार–मुक्त और आम आदमी की पार्टी के रूप में बनाया गया था। अब जब उसके प्रमुख चेहरे भाजपा में शामिल हो रहे हैं, तो जनता में निराशा फैल सकती है। पंजाब की राजनीति पहले से ही कांग्रेस, अकाली दल और आप पार्टी के त्रिकोणीय संघर्ष में फंसी है। इस पलायन से कांग्रेस को भी फायदा हो सकता है, लेकिन कुल मिलाकर विपक्षी एकता टूटने का खतरा बढ़ गया है। इस घटना ने अन्य विपक्षी दलों, कांग्रेस, टीएमसी, सपा, बसपा आदिको स्पष्ट संदेश दिया है कि भाजपा केंद्र की एजेंसियों का इस्तेमाल कर विपक्ष को तोड़ने की रणनीति पर अडिग है। 'ऑपरेशन लोटस' अब सिर्फ कर्नाटक, महाराष्ट्र या हरियाणा तक सीमित नहीं रहाय यह राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी दलों की जड़ों को हिला रहा है। दलों को समझना होगा कि बिना आंतरिक लोकतंत्र, मजबूत संगठन और वैचारिक स्पष्टता के वे टिक नहीं सकते। आम आदमी पार्टी जैसी युवा पार्टी का टूटना साबित करता है कि व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा और संसाधनों की कमी पार्टियों को कमजोर बनाती है। वहीं आम जनता के लिए संदेश और भी गंभीर है। जब भी कोई नेता ईडीध्सीबीआई छापे के ठीक बाद पार्टी बदल लेता है, तो लोकतंत्र में विश्वास डगमगाता है। जनता सोचती है कि क्या ए नेता सच्चे सुधारक थे या सत्ता के लालची? पंजाब की जनता, जो पहले ही महंगाई, बेरोजगारी और ड्रग समस्या से जूझ रही है, अब राजनी. तिक अस्थिरता का शिकार हो रही है। यह घटना राजनी. ति को एक 'धंधा' साबित करती है, जहां सिद्धांतों की जगह स्वार्थ हावी है, लेकिन एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि जनता अब ज्यादा सजग हो रही है। 2027 के चुनाव में मतदाता इन 'ट्रैक्टरों' को याद रखेंगे और वोट से जवाब देंगे। यह घटना आम आदमी पार्टी के लिए खतरे की घंटी है। पार्टी ने दिल्ली और पंजाब में सत्ता संभाली, लेकिन राष्ट्रीय स्तर पर संगठन अभी भी कमजोर है। राघव चड्ढा जैसे चेहरे, जो पार्टी के प्रमुख प्रवक्ता थे, का जाना आंतरिक कलह को उजागर करता है। केजरीवाल की 'सुप्रीमो' शैली पर सवाल उठ रहे हैं। अशोक मित्तल पर ईडी के छापे के महज 10 दिन बाद उनका पलायन संदेहास्पद है। यदि पार्टी में सुधार नहीं हुआ, तो दिल्ली में भी 'डोमिनो इफेक्ट' शुरू हो सकता है। वहीं अन्य दलों के लिए भी यह एक संकेत है। भारतीय राजनीति में 'माइग्रेशन' की संस्कृति बढ़ रही है। भाजपा की मजबूत केंद्रीय शक्ति का फायदा उठाकर छोटी पार्टियां टूट रही हैं। यह लोकतंत्र की सेहत के लिए खतरनाक है। जब विपक्ष कमजोर होता है, तो सत्ता का दुरूपयोग बढ़ता है। यह प्रवृत्ति 'एक पार्टी प्रभुत्व' की ओर ले जा रही है, जो बहुलवाद को नुकसान पहुंचाएगी। चिंता की बात यह है कि यह प्रवृत्ति ईडी/सीबीआई जैसी एजेंसियों की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाती है। जब यह संस्थाएं केवल विपक्ष पर सक्रिय नजर आती हैं और सत्ता पक्ष पर चुप रहती हैं, तो जनता में भरोसा कम होता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# क्या फिर भारतीय, भारतीयों पर गोली चलाएगा?



पवन सिंह

भारत दुनियां का इकलौता ऐसा देश है जहां भारतीयों का ही झुंड अपने आकाओं को खुश करने के लिए अपने ही लोगो पर गोलियां चलाता हुआ आगे बढ़ा है। अंग्रेजी हुकूमत ने अपने 200 साल के शासनकाल में यही किया। उसने भारतीयों को ही मांस के टुकड़े जैसी कुछ रियासतें फेंकी या चंद सिक्के उछाले और मात्र इतने ही उपकार पर गोरों के आगे भारतीयों ने नृत्य प्रस्तुतियां शुरू कर दीं। फिर ब्रिटिश हुकूमत ने भारतीयों को ही बतौर सैनिक और सिपाही भर्ती किया गया और उनके ही हाथों भारतीयों को फांसी पर लटकवाया या सामूहिक रूप से उनकी हत्याएं करवा दीं। यही हम भारतीयों का काला सच है। यह सच आज भी इतिहास में दर्ज है और कल भी दर्ज रहेगा। यही अंग्रेजी हुकूमत ने किया था और ठीक वैसा ही मौजूदा सत्ता कर रही है।

जो हालात बन रहे हैं उनका विश्लेषण करने से एक बात जो प्रथम दृष्टया समझ में आ रही है, वह यह कि आम जनता का एक बड़ा वर्ग और सरकारी सुरक्षाबलों के बीच एक जबरदस्त खाई पैदा हो चुकी है। मजदूर, किसान और छात्रों के छिट–पुट हुए संघर्ष और उनको जिस मंशा से हैंडिल किया जा रहा है, वह बतौर जर्नलिस्ट मेरी इस शंका को सच साबित कर रहा है जैसा कि मैंने लिखा है। आप को थोड़ी सी जहमत उठानी होगी और कुछ आंकड़े व तथ्य खोजने होंगे। सच आपको नजर आने लगेगा कि यह मैं किस आधार पर कह रहा हूं। आप विभिन्न राज्यों में पुलिस भर्ती की समयबद्ध प्रक्रिया को देखें और अन्य सरकारी नौकरियों की प्रतियोगी परीक्षाओं के पैटर्न को देखिए, आप को एक नंगा सच दिखाई देगा। पुलिस भर्ती परीक्षा टाइम से, इंटरव्यू टाइम से, ज्वाइनिंग टाइम से, ट्रेनिंग टाइम से। न पेपर्स आऊट न कोई लफड़ा। करीब 2016 से लेकर वर्ष, 2026 में भाजपा शासित राज्यों में पुलिस बल रिक्त पदों पर जबरदस्त भर्तियां हुई हैं। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में 2017 के बाद से पुलिस विभाग में रिकॉर्ड 2 लाख 19 हजार से अधिक भर्तियां हुईं। हाल ही में 60 हजार 244 कांस्टेबल के पदों पर भर्ती प्रक्रिया संपन्न हुई है। मध्य प्रदेश में भी पुलिस कांस्टेबल और अन्य पदों पर 2025–2026 के दौरान 22 हजार 500 से अधिक पदों को भरने की योजना के तहत भर्ती चल रही है। इसके अलावा गुजरात, हरियाणा, उत्तराखंड और असम जैसे भाजपा शासित राज्यों में भी समय–समय पर पुलिस में नियमित भर्तियां की गई हैं। आइए जरा अन्य सरकारी विभागों में भर्तियों की असलियत देखते हैं। पिछले कुछ वर्षों में अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के केवल प्रश्न पत्र ही लीक हुए हैं। भाजपा और उसके सहयोग शासित राज्यों में पेपर लीक की कई प्रमुख घटनाएं हुई हैं। बिहार में अमीन भर्ती, बीपीएससी और नीट परीक्षा का पेपर लीक होना प्रमुख घटनाओं में शामिल रहा है। गुजरात में पुलिस कॉन्स्टेबल भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हुआ था, जिसमें पेपर माफियाओं द्वारा 5 लाख रुपये में पेपर बेचे जाने की बात सामने आई थी, लेकिन बाद में सुचारू रूप से सब ठीक कर लिया गय। झारखंड में जेपीएससी और जेएसएससी की परीक्षाओं में पेपर लीक हुए। राजस्थान में भाजपा सरकार के बनने के बाद 17 में से 19 प्रतियोगी परीक्षाओं के पेपर लीक होने का दावा किया गया था, जिसके बाद SIT का गठन कर 100 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। एक विश्लेषण के अनुसार, पिछले 7 वर्षों में भाजपा शासित राज्यों में 70 से अधिक पेपर लीक होने का दावा किया गया है, जिससे लगभग 1.5 करोड़ छात्रों का भविष्य प्रभावित हुआ है। भाजपा शासित राज्यों के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में लाखों की संख्या में पद रिक्त हैं। लाखों युवा संविदा पर नौकरी कर रहे हैं, लेकिन उनका कोई पुरसा हाल नहीं है। बंधुआ मजदूरों से भी बुरी हालत है।

वापस लौटते हैं अंग्रेजी हुकूमत की ओर। भारत में ब्रिटिश हुकूमत वर्ष, 1757 से वर्ष, 1947 तक रही। ब्रिटिश हुकूमत मुख्यत: 1757 में प्लासी के युद्ध के बाद शुरू हुई और 15 अगस्त 1947 को समाप्त हुई। यहां सामान्य ज्ञान के तौर पर बता दूं कि 1757 से लेकर 1857 तक, यानी कि 100 तक ईस्ट इंडिया कंपनी का रूल था और 1857 से 15 अगस्त 1947 तक ब्रिटिश का शासन रहा। ब्रिटिश हुकूमत के दौरान हिन्दुस्तान में तैनात ब्रिटिश सैनिकों की संख्या, यानी विदेशी सैनिकों की संख्या मात्र 45,000 से 85,000 के बीच थी लेकिन भारतीय सैनिकों की संख्या करीब 1 लाख 30 हजार थी। 1857 के आजादी के खूनी संघर्ष से सबक लेते हुए ब्रिटिश हुकूमत ने अपने सिपाहियों की संख्या बढ़ाई। 1857 के बाद यूरोपीय सैनिकों की संख्या बढ़कर करीब 60,000 हो गई। वर्ष, 1861 की जनगणना के हिसाब से भारत में करीब 84,083 ब्रिटिश सैन्य अधिकारी और सैनिक तैनात थे और शेष देशी सिपाही थे। भारतीय सैनिक ही ब्रिटिश हुकूमत की मुख्य ताकत थे। मुझे यह लिखते हुए पीड़ा हो रही है कि 13 अप्रैल, 1919 को अमृतसर के जलियांवाला बाग में निहत्थे भारतीयों पर हथियारबंद भारतीयों ने ही गोलियां चलाईं थीं। ब्रिटिश सरकार की आधिकारिक रिपोर्ट के मुताबिक 379 लोग मारे गए थे। हालांकि, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की रिपोर्ट कहती है कि 1,000 से अधिक लोग शहीद हुए थे। ब्रिगेडियर, जनरल रेजीनॉल्ड डायर ने तो केवल आदेश ही दिया था और वह भी मौखिक लेकिन भारतीयों ने उन लोगों पर गोलियां चला दीं जो रॉलेट एक्ट के विरोध में और बैसाखी मनाने के लिए आए थे। शांतिपूर्ण कार्यक्रम था लेकिन एक बार भी किसी भारतीय सैनिक ने नहीं सोचा कि वे सब के सब उनके अपने ही हैं। वे उनकी ही आजादी के लिए लड़ रहे हैं। हम भारतीयों ने कभी भी गलत को गलत कहने, लिखने, बोलने का साहस नहीं किया। धर्म, जाति, संप्रदाय के नाम पर भारतीय पहले भी भारतीयों से घृणा करता रहा और आज भी वही खड़ा है। मुझे यह लिखने में रत्ती भर गुरेज नहीं है कि भारत विभिन्न जातियों, धर्मों व संप्रदायों का कबीला है। लालची, स्वार्थी, नफरती, बेईमान, मक्कार और धूर्त। जो बार–बार खुद हो भारतीयता की झूठी चादर में लपेट कर दूसरों को धोखा देता आया है। हर भारतीय का एक खूंटा है और वह उसी खूंटे में बंधा रहना चाहता है। एक भारतीय ही दूसरे भारतीय पर मूत्र विसर्जन कर सकता है। एक भारतीय ही दूसरे भारतीय के साथ दैहिक, भौतिक अत्याचार कर सकता है। दरअसल, भारत कभी भारत बन ही नहीं सका और न ही भारतीय कभी भारतीय बन सके। एक बार फिर से सुनियोजित तरीके से संरक्षित भारतीयों को गैर संरक्षित भारतीयों के आमने–सामने खड़ा करने की तैयारी है। पूंजीपतियों के लिए हजारों साल पुराने जंगल और उन जंगलों के आदिवासियों का जिस निर्ममता से सफाया हुआ, वह रोंगटे खड़े कर देने वाला है। भारतीयों ने ही अपने ही भारतीयों को साफ कर दिया। कोई भारतीय न्यायप्रिय अपने ही भारतीयों के प्रति न्याय उठाने की जहमत नहीं उठाता। भारतीय ही भारतीय को मार रहा है। पहले ब्रिटिश हुकूमत इस मार के लिए तमंगे देती थी और अब।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

वापस लौटते हैं अंग्रेजी हुकूमत की ओर। भारत में ब्रिटिश हुकूमत वर्ष, 1757 से वर्ष, 1947 तक रही। ब्रिटिश हुकूमत मुख्यत: 1757 में प्लासी के युद्ध के बाद शुरू हुई और 15 अगस्त 1947 को समाप्त हुई। यहां सामान्य ज्ञान के तौर पर बता दूं कि 1757 से लेकर 1857 तक, यानी कि 100 तक ईस्ट इंडिया कंपनी का रूल था और 1857 से 15 अगस्त 1947 तक ब्रिटिश का शासन रहा। ब्रिटिश हुकूमत के दौरान हिन्दुस्तान में तैनात ब्रिटिश सैनिकों की संख्या, यानी विदेशी सैनिकों की संख्या मात्र 45,000 से 85,000 के बीच थी।



बेंगलुरु। टीसीएस वर्ल्ड 10 किलोमीटर मैराथन में भाग लेते जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला।

# सवालों के घेरे में अमेरिकी राष्ट्रपति की सुरक्षा

## संदिग्ध हमलावर कोल टामस एलन वॉशिंगटन के हिल्टन होटल में एक अतिथि के तौर पर ठहरा हुआ था

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में शनिवार रात (स्थानीय समयानुसार) राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर एक बार फिर हमले की कोशिश हुई। हालांकि, इस बार हमलावर सीधा ट्रम्प तक नहीं पहुंच पाया और घटनास्थल में घुसने के बाद ही राष्ट्रपति की सुरक्षा में जुटे सीक्रेट सर्विस एजेंट्स ने उसे मुठभेड़ के बाद जिंदा पकड़ लिया। फिलहाल हमलावर का नाम कोल टामस एलन बताया गया है, जो कि कैलिफोर्निया में एक शिक्षक रह चुका है। अधिकारियों और जांचकर्ताओं ने जो शुरुआती जानकारी दी है, उसके मुताबिक संदिग्ध हमलावर वाशिंगटन के हिल्टन होटल में एक अतिथि के तौर पर ठहरा हुआ था। कार्यक्रम की वजह से दोपहर दो बजे से होटल में आम जनता का प्रवेश बंद कर दिया गया था और सिर्फ मेहमानों और टिकट धारकों को ही अंदर जाने की अनुमति थी। ऐसे में संदिग्ध का होटल में पहले से कमरा बुक होने का उसे फायदा मिला और वह आयोजन की सबसे बाहरी सुरक्षा परत को पार करने में सफल रहा। अमेरिकी सुरक्षा



■ हमलावर शाटगन, हैंडगन और चाकुओं से लैस होकर लाबी में सुरक्षा चेकपाइंट की ओर तेजी से दौड़ा

एजेंसियों के मुताबिक, होटल के अंदर अपनी पहुंच बनाने के बाद संदिग्ध हमलावर हथियारों- शाटगन, हैंडगन और कई चाकुओं से लैस होकर लाबी में स्थित सीक्रेट सर्विस के सुरक्षा चेकपाइंट की ओर तेजी से दौड़ा और उसे पार करने की कोशिश की। हालांकि, जैसे ही वह चेकपाइंट से होकर भागा, सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने उसे दबोच लिया और जमीन पर गिराकर हथकड़ी लगा दी। इस पूरी कार्रवाई के दौरान कुछ गोलियां चलीं और इसमें एक सीक्रेट सर्विस एजेंट घायल हो गया। हालांकि, बुलेटप्रूफ वेस्ट ने उसे बचा लिया और फिलहाल उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। इस तत्काल कार्रवाई की वजह से हमलावर उस बालरूम तक नहीं पहुंच पाया जहां राष्ट्रपति ट्रम्प, उनके कैबिनेट सदस्य और अन्य मेहमान कार्यक्रम के लिए मौजूद थे। खुद राष्ट्रपति ट्रम्प ने घटना के बाद बताया कि हमलावर कमरे (बालरूम) से लगभग 50 गज की दूरी पर था, जब उसने सुरक्षा चेकपाइंट की ओर तेजी से दौड़ लगाई थी। ट्रम्प के पत्रकारों को दिए डिनर में मौजूद डेलीमेल के अमेरिका के रिपोर्टर के मुताबिक, जिस होटल की लाबी के चेकपाइंट में यह घटना हुई वह मुख्य बालरूम से एक मंजिल ऊपर स्थित था। सुरक्षा चेकपाइंट (मैग्नेटोमीटर) और मुख्य बालरूम के बीच नीचे की ओर जाने वाली केवल कुछ सीढ़ियां थीं। अगर हमलावर उस चेकपाइंट को पार करने में सफल हो जाता, तो वह कुछ ही सेकंड के अंदर बालरूम के अंदर पहुंच सकता था। भले ही हमलावर किसी तरह बालरूम के अंदर पहुंच जाता, लेकिन राष्ट्रपति तक सीधे पहुंचना उसके लिए आसान नहीं था। सीक्रेट सर्विस ने बालरूम के अंदर एक अतिरिक्त सुरक्षा घेरा बना रखा था, जो राष्ट्रपति और मुख्य मेज को बाकी मेहमानों से अलग कर रहा था। मंच के सामने और उसके किनारों पर हथियारों से लैस सीक्रेट सर्विस के एजेंट भी तैनात थे। शनिवार को कार्यक्रम के कारण वाशिंगटन के हिल्टन होटल में आम जनता का प्रवेश बंद कर दिया गया था। हालांकि, हमलावर होटल में ठहरा था, जिसकी वजह से वह केवल अपने कमरे की चाभी दिखाकर बाहरी सुरक्षा परत को पार करने में सफल रहा। राष्ट्रपति ट्रम्प और उनकी पत्नी मेलानिया ट्रम्प मुख्य बालरूम के मंच पर अपनी सीट पर बैठ चुके थे और मनोरंजन का कार्यक्रम शुरू हो चुका था।

## कोलंबिया में बस पर विस्फोटक हमला, 13 की मौत समेत 38 घायल

**काहिबियो।** कोलंबिया में एक बस को विस्फोटक डिवाइस से निशाना बनाया गया। यह घटना काहिबियो में पैनअमेरिकन हाईवे पर हुई। धमाके में 13 लोगों की मौत हो गई और करीब 38 लोग घायल हुए। घायलों में 5 बच्चे भी शामिल हैं। अधिकारियों के मुताबिक, बस के पास पहले से विस्फोटक लगाया गया था, जो गुजरते समय फट गया। सेना ने इसे आतंकी हमला बताया है और शक ड्रग तस्करी से जुड़े हथियारबंद गुटों पर है। पिछले दो दिनों में इस इलाके में 26 हमले हुए हैं। इनमें पुलिस स्टेशन पर गोलीबारी, रडार केंद्र पर हमला और विस्फोटकों से लैस ड्रोन बरामद होने की घटनाएं शामिल हैं। कोलंबिया के दक्षिण-पश्चिमी इलाके ड्रग तस्करी से ग्रस्त इलाके माने जाते हैं। यहां कई अवैध सशस्त्र गुट समुद्री और नदी मार्गों पर कब्जे के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### गणित ओलंपियाड में हमारी बेटियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया: मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि घ्रंस के बोरदो में यूरोपियन गर्ल्स मैथेमेटिकल ओलंपियाड में हमारी बेटियों ने अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन किया और यह टीम विश्व में छठे स्थान पर रही। मोदी ने अपने मासिक कार्यक्रम मन की बात में रविवार को कहा कि इस महीने की शुरुआत में घ्रंस के बोरदो में यूरोपियन गर्ल्स मैथेमेटिकल ओलंपियाड का आयोजन हुआ। गणित में गहरी रुचि रखने वाली स्कूली छात्राओं के लिए ए एक बघे प्रतियोगिता थी।

### लंबे समय तक चलने वाली मंदी की चपेट में आ सकता है वैश्विक व्यापार

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया का संघर्ष दुनिया भर के व्यवसायों को एक लंबे आर्थिक मंदी की ओर धकेल सकता है। यह बात नेविगेटर प्रिंसिपल इन्वेस्टर्स कंपनी के निदेशक काइल शोस्टैक ने रूसी न्यूज एजेंसी आरआईए नोवोस्ती से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि व्यवसायों के लिए सबसे बड़ी समस्या यह है कि वे खुद को अलग-अलग उद्योगों में एक लंबी आर्थिक मंदी की ओर फिसलते हुए देख रहे हैं।

### 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला'

**मुंबई।** बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार की फिल्म 'भूत बंगला' ने भारतीय बाजार में 100 करोड़ से अधिक की कमाई कर ली है। अक्षय कुमार और निर्देशक प्रियदर्शन की सुपरहिट जोड़ी 14 साल बाद 'भूत बंगला' के साथ एक बार फिर वापस लौटी है। फिल्म ने 16 अप्रैल को पेड प्रिव्यूज के साथ थिएटर्स में दस्तक दी थी। फिल्म ने पेड प्रिव्यूज से 3.75 करोड़ की कमाई की। सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार 'भूत बंगला' में पहले सप्ताह में भारतीय बाजार में 84.40 करोड़ की कमाई की।

# दबाव में युद्ध विराम पर वार्ता नहीं करेगा तेहरान: पेजेशकियन

## कहा: युद्धविराम के दौरान लगातार समझौतों का उल्लंघन और दबाव की नीति अपना रहा अमेरिका

**तेहरान।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने स्पष्ट किया है कि उनका देश दबाव, धमकियों और घेराबंदी के माहौल में किसी भी तरह की बातचीत नहीं करेगा। उन्होंने यह बात पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के साथ फोन पर हुई बातचीत के दौरान कही।

इस बातचीत में उन्होंने अमेरिका पर आरोप लगाया कि वह बातचीत और युद्धविराम (सीजफायर) के दौरान लगातार समझौतों का उल्लंघन और दबाव की नीति अपना रहा है। ईरान के राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका द्वारा लगाए गए समुद्री प्रतिबंध अंतर्राष्ट्रीय समझौतों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी कार्रवाइयां और धमकी भरे बयान शांति प्रक्रिया पर भरोसे को कमजोर करते हैं। पेजेशकियान ने यह भी कहा कि ईरान अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और अमेरिका या इजरायल की किसी भी नई टकराव की स्थिति के गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जो क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता को प्रभावित करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि ईरान अपने पड़ोसी देशों के साथ अच्छे संबंध और आपसी सम्मान के आधार पर



■ अमेरिका द्वारा लगाए गए समुद्री प्रतिबंध अंतर्राष्ट्रीय समझौतों और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन हैं: अमेरिकी राष्ट्रपति

संबंध मजबूत करना चाहता है, खासकर फारस की खाड़ी के दक्षिणी देशों के साथ। उन्होंने उम्मीद जताई कि ये देश भी बाहरी हस्तक्षेप से दूर रहकर क्षेत्रीय शांति और सुरक्षा को मजबूत करने में सहयोग करेंगे। क्षेत्रीय तनाव के बीच ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मिस्र और तुर्की के अपने समकक्षों से बीत की। अराघची और मिस्र के विदेश मंत्री बदर अब्देलटट्टी ने युद्धविराम और क्षेत्रीय घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। वहीं, तुर्की के विदेश मंत्री हाकान फिदान के साथ उनकी बातचीत मुख्य रूप से ईरान और अमेरिका के बीच चल रही वार्ता प्रक्रिया पर केंद्रित रही। इस सिलसिले में फिदान ने पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार से भी फोन पर बात की। वहीं पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से फोन पर बात की। उन्होंने इस बातचीत को सकारात्मक बताया। इस दौरान पाकिस्तानी नेता ने मध्यस्थता प्रयासों में तेहरान की निरंतर भागीदारी की तारीफ की, जिसमें विदेश मंत्री अब्बास अराघची की हाल ही में संपन्न हुई यात्रा भी शामिल है। वहीं अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बावजूद शांति की संभावनाएं अभी भी खत्म नहीं हुई हैं। रिपोर्ट के अनुसार, दोनों देशों के बीच सैन्य और आर्थिक दबाव का दौर जारी है। इसके बावजूद अमेरिका और ईरान लगातार ऐसे संकेत दे रहे हैं, जो बातचीत की मेज पर लौटने की उनकी इच्छा को बताता है। यूरेशिया रिव्यू में प्रकाशित कालिन्स चोंग यू केट के एक लेख में तर्क दिया गया है कि युद्ध के मैदान की बदलती हकीकतें और कूटनीतिक पैंतरेबाजी दोनों पक्षों को समझौते की ओर धकेल रही हैं। वर्तमान परिस्थितियां लंबे संघर्ष के बजाय बातचीत के जरिए समाधान निकालने के पक्ष में बनती दिख रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान ने बातचीत में एक बेहद नपी-तुली रणनीति अपनाई है। वह समय और नियंत्रित तनाव को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रहा है ताकि अपनी बढ़त बरकरार रख सके। ईरान अपने रणनीतिक लाभ से समझौता किए बिना बातचीत के रास्ते खुले रखना चाहता है। दूसरी ओर, अमेरिका लगातार सैन्य और आर्थिक दबाव के जरिए ईरान की सौदेबाजी की शक्ति को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है।

## खसरा संकट ने खोली बांग्लादेश की पोल

**ढाका।** बांग्लादेश की स्वास्थ्य व्यवस्था, जिसे दशकों में मजबूत बनाया गया था, अब गंभीर चुनौतियों का सामना कर रही है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि समय रहते सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो वर्षों की उपलब्धियां कुछ ही समय में खत्म हो सकती हैं। बांग्लादेश के एक प्रमुख अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, देश में मौजूदा खसरा वैक्सीन संकट कोई अलग-थलग घटना नहीं है, बल्कि यह संस्थागत कमजोरी का संकेत है। राष्ट्रीय टीकाकरण कवरेज 2025 में घटकर करीब 60 प्रतिशत रह गई, जो पिछले लगभग एक दशक का सबसे निचला स्तर है। यह आंकड़ा 2010 से 2022 के बीच 85 से 92 प्रतिशत के बीच था। रिपोर्ट में कहा गया है कि बांग्लादेश का विस्तारित टीकाकरण कार्यक्रम (ईपीआई) लंबे समय तक सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र की सबसे बड़ी सफलताओं में से एक माना जाता रहा है। सरकार की प्रतिबद्धता, विकास साझेदारों के सहयोग और जमीनी स्तर पर स्वास्थ्यकर्मियों के मजबूत नेटवर्क के कारण इस कार्यक्रम ने वर्षों तक उच्च कवरेज सुनिश्चित की और टीकों से रोकी जा सकने वाली बीमारियों को काफी हद तक नियंत्रित किया। रिपोर्ट के अनुसार, अब यह माडल कमजोर पड़ता दिख रहा है।

# होर्मुज से बारूदी सुरंगें हटाने में लगेंगे छह महीने

■ खुद ईरानी सेना को भी नहीं पता कि बारूदी सुरंगें कहां-कहां, ट्रम्प के आदेश पर सेना तलाश में जुटी

**वाशिंगटन।** पश्चिम एशिया में संघर्ष के दौरान ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट में बारूदी सुरंगे बिछाकर उसे बेहद खतरनाक बना दिया है। खुद ईरानी सेना को भी नहीं पता कि बारूदी सुरंगें कहां-कहां हैं। अमेरिकी सेना अब अपने विशेष पोतों के जरिये बारूदी सुरंगें हटाने के अभियान में जुटी है।

पेंटागन ने कहा है कि इस काम में छह महीने तक का समय लग सकता है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने प्रयास को तीन गुना करने का आदेश दिया है। होर्मुज जलमार्ग से दुनिया के 20 प्रतिशत तेल का परिवहन होता है। इसके बाधित होने से वैश्विक अर्थव्यवस्था खतरे में है। ऊर्जा की बढ़ती कीमतें और व्यापक आर्थिक प्रभाव ट्रम्प प्रशासन के लिए राजनीतिक जोखिम पैदा कर रहे हैं, जहां नवंबर में मध्यावधि चुनाव होने हैं। हालांकि, इसके नतीजों से ट्रम्प प्रशासन को कोई खतरा नहीं है, लेकिन संसद में उसके प्रभाव पर असर पड़ सकता है। हाल ही में अमेरिकी संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा की सशस्त्र सेवा समिति को दी गई एक गोपनीय ब्रीफिंग में, पेंटागन के अधिकारियों ने बारूदी सुरंगों को हटाने में छह महीने का समय लगने का अनुमान पेश किया। रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने इस आंकड़े की पुष्टि से इन्कार किया, लेकिन इसे नकारा भी नहीं। उन्होंने कहा, सेना को अपनी क्षमता पर पूरा भरोसा है कि वह उचित समय सीमा में बारूदी सुरंगें हटा देगी। ट्रम्प ने दो दिन पहले ही कहा कि अमेरिकी माइनस्वीपर पहले से ही जलडमरूमध्य को साफ कर रहे हैं। उन्होंने इस गतिविधि को तीन गुना स्तर पर जारी रखने का आदेश दिया है। उन्होंने नौसेना को स्ट्रेट में बारूदी सुरंगें बिछाने वाली किसी भी नाव पर हमला करने का अलग से आदेश दिया है। बारूदी सुरंगों को हटाना एक बेहद मेहनत भरा काम है। अमेरिकी सेना के पूर्व अधिकारियों और इस मामले के विशेषज्ञों के मुताबिक, बारूदी सुरंगों को हटाना एक धीमी प्रक्रिया है जो आमतौर पर किसी संघर्ष के बाद होती है। उनके मुताबिक, बारूदी सुरंगों की खोज करना, अपने बगीचे में एक-एक करके खरपतवार को उखाड़ने जैसा है। बारूदी सुरंगों को हटाना घास काटने जैसा है। हालांकि, इनका यह भी कहना है कि हर एक बारूदी सुरंग को हटाना अनिवार्य नहीं है।

# काश पटेल की कुर्सी पर संकट के बादल

■ लगातार शीर्ष अधिकारियों को पद से हटा रहे ट्रम्प जल्द कर सकते हैं एफबीआई प्रमुख की छुट्टी

**वाशिंगटन।** ईरान से युद्ध शुरू होने के बाद से अमरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अपने प्रशासन में लगातार शीर्ष अधिकारियों को पद से हटा रहे हैं। इसी बीच, एक और चौंकाने वाला नाम सामने आया है।

अमेरिकी नौसेना सचिव जान फेलन, अमेरिकी सेना प्रमुख जनरल रैंडी जार्ज और अटार्नी जनरल पाम बोंडी के बाद एफबीआई प्रमुख काश पटेल को हटा सकते हैं। काश पटेल अपने व्यवहार को लेकर विवादों में घिरे हुए हैं। उन पर अत्यधिक शराब सेवन और अमर्यादित आचरण के आरोप लग रहे हैं। पालिटिको की रिपोर्ट में व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी के हवाले से कहा गया है कि लगातार नकारात्मक खबरों और बढ़ते विवादों के कारण पटेल को लेकर माहौल खराब है और ट्रम्प उनसे परेशान हैं। विवाद की शुरुआत तब हुई, जब अमेरिकी पत्रिका 'अटलांटिक' की एक रिपोर्ट में दावा किया गया कि संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) में उनके काम करने के तरीके को लेकर चिंता है। उन पर काम के दौरान अमर्यादित व्यवहार के आरोप लगे हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि एक बार सिस्टम से लाक होने पर पटेल घबरा गए थे।

# ईरान में पिछले 57 दिनों से इंटरनेट सेवा ठप

## नौ करोड़ लोग अलग-थलग पड़े, हर दिन 370 करोड़ का नुकसान

**तेहरान।** ईरान इस समय एक अभूतपूर्व डिजिटल आपातकाल से गुजर रहा है। इंटरनेट मानिटरिंग संस्था नेटब्लाक्स की रिपोर्ट के अनुसार, ईरान में पिछले 57 दिनों से इंटरनेट पूरी तरह से बंद है। यह किसी भी देश में लगाया गया दुनिया का सबसे लंबा राष्ट्रव्यापी इंटरनेट ब्लैकआउट बन गया है।

■ यह किसी भी देश में लगाया गया दुनिया का सबसे लंबा राष्ट्रव्यापी इंटरनेट ब्लैकआउट बन गया है



ठीक आठ हफ्ते पहले शुरू हुए इस प्रतिबंध ने न केवल ईरान के 9 करोड़ से अधिक नागरिकों को दुनिया से अलग-थलग कर दिया है, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी भारी चोट पहुंचाई है। अमेरिका-इजरायल की ओर से किए गए हमले के बाद 28 फरवरी को इंटरनेट सेवाएं अचानक बंद कर दी गई थी। क्षेत्रीय अस्थिरता और युद्ध के खतरों के बीच ईरानी शासन ने सूचनाओं के प्रवाह को पूरी तरह नियंत्रित करने के लिए इसका सहारा लिया। नेटब्लाक्स के आंकड़ों के मुताबिक, यह व्यवधान अब 1,344 घंटों की अवधि को पार कर चुका है। इससे पहले जनवरी 2026 में भी सरकार ने विरोध प्रदर्शनों के दौरान इसी तरह की पाबंदी लगाई थी, जिससे आंतरिक अशांति की खबरें बाहर न जा सकें। इंटरनेट की इस लंबी अनुपस्थिति ने ईरान के आम जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया है। बैंकिंग सेवाएं, ऑनलाइन व्यापार और परिवहन नेटवर्क पूरी तरह ठप पड़े हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि इस शटडाउन से ईरानी अर्थव्यवस्था को अब तक 2.5 बिलियन डालर यानी 23,570 करोड़ का कुल नुकसान हो चुका है। प्रतिदिन लगभग 370 करोड़ का राजस्व प्रभावित हो रहा है लोग अपने परिजनों से संपर्क नहीं कर पा रहे हैं। विदेशी मीडिया और स्वतंत्र सूचना स्रोतों तक पहुंच पूरी तरह बंद है, जिससे देश के भीतर डर और अनिश्चितता का माहौल है।

## लंदन में नीलाम होगा जयपुर राजपरिवार का 17वीं सदी का स्मार्टफोन

**लंदन/जयपुर।** जयपुर के शाही संग्रह की सबसे बेशकीमती वैज्ञानिक विरासतों में से एक 17वीं शताब्दी का एक विशाल 'एस्ट्रोलेब' आगामी 29 अप्रैल को लंदन के सोथबी नीलामी घर में वैश्विक बोली के लिए तैयार है। पीतल से बने इस अद्भुत यंत्र को विशेषज्ञ अपनी बहुमुखी क्षमताओं के कारण उस दौर का 'सुपरकंप्यूटर' और 'प्राचीन स्मार्टफोन' करार दे रहे हैं। सोथबी के 'इस्लामिक एंड इंडियन आर्ट' विभाग के प्रमुख बेनेडिक्ट कार्टर ने इस यंत्र को अब तक का सबसे विशाल और दुर्लभ खगोलीय उपकरण बताया है।

# पुतिन से मिलने को जेलेंस्की राजी!

## 50 माह से जारी जंग के बीच रूस-यूक्रेन में सुलह के प्रयास तेज

**मास्को/कीव।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की अजरबैजान के दौरे पर हैं, जहां उन्होंने अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव से मुलाकात की और ऊर्जा सुरक्षा को लेकर बातचीत की। राष्ट्रपति जेलेंस्की ने दक्षिण काकेशस के अपने पहले दौरे पर कहा कि वह अजरबैजान में व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए तैयार हैं।

बता दें कि बीते कुछ समय से रूस और यूक्रेन के बीच सुलह कराने के लिए अमेरिकी की मध्यस्थता में बातचीत हो रही थी, लेकिन हाल फिलहाल में ईरान के साथ तनाव के बीच यह रुकी हुई है। पिछले कुछ हफ्तों में अमेरिका की अगुवाई वाली कूटनीतिक बातचीत रुकने के बाद जेलेंस्की का यह बयान सामने आया है। राष्ट्रपति वोलोदिमीर



■ यूक्रेन के लिए यह बहुत जरूरी है कि रूस इस गलत युद्ध को खत्म करने की ताकत पाए

जेलेंस्की ने कहा कि यूक्रेन के लिए यह बहुत जरूरी है कि रूस इस गलत युद्ध को खत्म करने की ताकत पाए। बाकू मास्को के बड़े पैमाने पर युद्ध को खत्म करने के लिए कूटनीतिक प्रोसेस में बीच-बचाव कर सकता है। उन्होंने आगे कहा कि हमने अजरबैजान के राष्ट्रपति को बता दिया है कि हम तीन तरफा बातचीत के लिए तैयार हैं। कीव पहले ही तुर्की और स्विट्जरलैंड में ऐसी बातचीत कर चुका है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने कहा कि हम निश्चित रूप से अजरबैजान में होने वाली बातचीत के लिए तैयार हैं, बशर्ते रूस डिप्लोमेसी के लिए तैयार हो। उन्होंने युद्ध शुरू होने के बाद से दक्षिण काकेशस की अपनी पहली यात्रा की अहमियत बताई। हालांकि, क्रेमलिन रूस के अलावा किसी दूसरी जगह यूक्रेन के साथ बातचीत से मना कर रहा था। रूस यूक्रेन पर लगातार बमबारी और सैन्य हमले जारी रखे हुए है। इसके साथ ही क्रेमलिन अपनी मांगों से पीछे हटने को तैयार नहीं है।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया
• जॉर्जिया
• कजाखस्तान
• किर्गिज़स्तान
• उज्बेकिस्तान
• बांग्लादेश
• नेपाल
• चाईना
• ईरान
• इजिप्ट
• यू.के.
• कनाडा
• यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
• Top Govt. Universities.
• MCI, WHO Approved Universities.
• Indian Hostel & Mess Available.
• Lowest Price Packages.
• Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)